

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,शनिवार 30 अगस्त 2025 ■ भाद्रपद शुक्ल पक्ष-7 ■ वर्ष -41 ■ अंक-153 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 31 अगस्त 2025 ■ मूल्य-2.00 रुपये

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112




## संक्षेप

### आरसीबी पीड़ित परिवार को 25-25 लाख देगा

**बेंगलुरु,30 अगस्त।** आईपीएल फ्रेंचाइजी रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु ने 4 जून की विक्ट्री परेड में जान गंवाने वाले सभी 11 लोगों के परिवार को 25-25 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने की घोषणा की है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को सोशल मीडिया पोस्ट में कहा - टीम मुश्किल समय में सभी पीड़ित परिवारों के साथ खड़ी है। यह मदद उनके जीवन को थोड़ा संबल देने के लिए की जा रही है। आरसीबी की टीम इस साल पहली बार आईपीएल चैंपियन बनी। इसके बाद 4 जून को बेंगलुरु में विक्ट्री परेड रखी गई थी। इस परेड में भगदड़ मच जाने की वजह से 11 लोग मारे गए थे और 50 से ज्यादा घायल हो गए थे। 17 जुलाई को कर्नाटक सरकार की जांच रिपोर्ट में आरसीबी को हादसे का जिम्मेदार माना गया था। इसमें विराट कोहली का भी जिक्र था। कहा था कि आरसीबी ने चिन्नास्वामी स्टेडियम में आयोजित विक्ट्री परेड के लिए परमिशन नहीं ली थी। हालांकि, सरकार ने यह भी कहा था कि आयोजन को अचानक रद्द करने से हिंसा भड़क सकती थी और शहर में कानून-व्यवस्था बिगड़ जाती।

### आतंकी घुसपैठ के बाद अब पटना सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

**पटना ,30 अगस्त ।** बिहार में तीन पाकिस्तानी आतंकियों की घुसपैठ के अलर्ट के ठीक एक दिन बाद, राजधानी पटना के सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी मिली है, जिससे पूरे प्रदेश में सुरक्षा एजेंसियां हाई अलर्ट पर हैं। एक अज्ञात ईमेल के जरिए यह धमकी दी गई, जिसमें कोर्ट परिसर में 4 आरडीएक्स विस्फोट करने की चेतावनी दी गई है। धमकी भरा ईमेल मिलने के बाद ही कोर्ट में हड़कंप मच गया और आनन-फानन में पूरे परिसर को खाली करा लिया गया। सूचना मिलते ही जज, वकील और अन्य सभी कर्मचारी तुरंत कोर्ट से बाहर निकल गए। मौके पर भारी पुलिस बल और बम निरोधक दस्ता पहुंचकर जांच में जुट गया है। शुरुआती जानकारी के अनुसार, गुरुवार को भेजे गए इस ईमेल में साफ तौर पर लिखा गया था.

### कालकाजी मंदिर के सेवादार की पीट-पीटकर हत्या

**नई दिल्ली ,30 अगस्त।** दिल्ली के कालकाजी मंदिर में चुन्नी प्रसाद को लेकर हुई बहस के बाद हुए हिंसक झगड़े में सेवादार की मौत हो गई। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। यह घटना शुक्रवार देर शाम हुई, जब लोगों के एक समूह ने पीड़ित से झगड़ा किया, जिसकी पहचान 35 वर्षीय योगेंद्र सिंह के रूप में हुई, जो पिछले 14-15 सालों से मंदिर में सेवादार के रूप में काम कर रहा था। मृतक योगेंद्र उत्तर प्रदेश के हरदोई स्थित फत्तेपुर का रहने वाला था।

दिल्ली पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:30 बजे एक पीसीआर कॉल मिली, जिसके बाद पुलिस टीम तुरंत मौके पर पहुंची। पुलिस ने बताया कि भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 103(1)/3(5) के तहत एफआईआर नंबर 515/25 दर्ज की गई है। पुलिस ने खुलासा किया कि इस घटना में शामिल एक आरोपी, अतुल पांडे (30), जो दक्षिणपुरी, दिल्ली का निवासी है.

# विदेश दौरे से लौटे मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय





## राजधानी रायपुर में हुआ भव्य स्वागत

**रायपुर,30 अगस्त।** प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय विदेश दौरा खत्म कर शनिवार को स्वदेश लौट आए। दिल्ली एयरपोर्ट पर उनका स्वागत उप मुख्यमंत्री सह गृहमंत्री विजय शर्मा, मीडिया सलाहकार पंकज कुमार झा और युवा नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने पुष्पगुच्छ भेंट कर किया। इसके बाद रायपुर पहुंचते ही माहौल पूरी तरह स्वागत समारोह में बदल गया। एयरपोर्ट परिसर में जैसे ही मुख्यमंत्री का विमान उतरा, वहां मौजूद मंत्रियों, विधायकों, वरिष्ठ नेताओं और सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़ों, बैंड-बाजों और नारों के बीच उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। पुष्पवर्षा और पारंपरिक तिलक के साथ मुख्यमंत्री का अभिनंदन हुआ।

विदेश दौरे से लौटने के बाद रायपुर एयरपोर्ट पर कार्यकर्ताओं में खासा उत्साह देखने को मिला। गृहमंत्री विजय शर्मा, कृषि मंत्री रामविचार नेताम, नगरीय प्रशासन मंत्री ओपी चौधरी समेत कई दिग्गज नेता और पार्टी पदाधिकारी मुख्यमंत्री का स्वागत करने पहुंचे थे। महिला मोर्चा और युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने भी उत्साह से भागीदारी की। नारेबाजी और गीत-संगीत के बीच एयरपोर्ट का वातावरण पूरी तरह उत्सव में तब्दील हो गया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का यह विदेश दौरा कई मायनों में अहम माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, इस दौरान उन्होंने विभिन्न वैश्विक कंपनियों और निवेशकों से मुलाकात की और छत्तीसगढ़ में निवेश की संभावनाओं पर चर्चा की। कृषि, खनन, उद्योग और आईटी सेक्टर में छत्तीसगढ़ की ताकत और अवसरों को उन्होंने अंतरराष्ट्रीय मंच पर प्रस्तुत किया। लौटने के बाद अब प्रदेश में निवेश को लेकर ठोस पहल तेज़ी से आगे बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही



है। स्वागत समारोह में नेताओं और कार्यकर्ताओं ने कहा कि मुख्यमंत्री ने विदेश यात्रा के जरिए छत्तीसगढ़ की छवि को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मजबूत किया है। गृहमंत्री ने इसे प्रदेश के लिए गौरव का क्षण बताया, वहीं युवा नेता प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने कहा कि इस यात्रा से रोजगार और निवेश की नई राहें खुलेंगी। रायपुर एयरपोर्ट से मुख्यमंत्री का काफिला सीधे भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर पहुंचा, जहां कार्यकर्ताओं ने पुनः उनका जोरदार स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने सभी का आभार जताते हुए कहा कि इस यात्रा से जो अनुभव और संवाद मिले हैं, वे प्रदेश के विकास में कारगर साबित होंगे। राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि मुख्यमंत्री का यह दौरा न केवल निवेशकों को आकर्षित करेगा, बल्कि प्रदेश में विकास और रोजगार की नई संभावनाओं का रास्ता भी खोलेगा। चुनावी वर्ष में इस तरह की पहल भाजपा सरकार के लिए सियासी तौर पर भी अहम मानी जा रही है। रायपुर एयरपोर्ट और भाजपा कार्यालय पर स्वागत के दौरान जिस तरह का उत्साह दिखा, वह भाजपा संगठन की मजबूती और कार्यकर्ताओं की एकजुटता का स्पष्ट संकेत है। युवाओं ने नारेबाजी कर जोश भरा तो महिलाओं ने पारंपरिक तिलक और आरती से मुख्यमंत्री का अभिनंदन किया।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने स्वागत से अभिभूत होकर कहा कि विदेश यात्रा के दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की तस्वीर और संभावनाओं को दुनिया के सामने रखा है। आने वाले समय में इस यात्रा का लाभ प्रदेश के युवाओं, किसानों और उद्योग जगत को मिलेगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पहचान न सिर्फ खनिज और जंगलों से है बल्कि मेहनतकश युवाओं और कृषकों से भी है, और यही ताकत निवेशकों को आकर्षित करेगी। रायपुर में मुख्यमंत्री का भव्य स्वागत कहीं न कहीं प्रदेश की राजनीति में भी बड़ा संदेश छोड़ गया है कि भाजपा एकजुट होकर आगे बढ़ रही है और नेतृत्व को लेकर कार्यकर्ताओं में जोश और भरोसा दोनों मौजूद है।

# भारत-जापान के बीच कई क्षेत्रों में बढ़ेगा व्यापार

**नई दिल्ली ,30 अगस्त।** प्रधानमंत्री ने शनिवार को जापान के गवर्नरों के साथ एक विशेष संवाद में भारत-जापान के ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत करने और दोनों देशों के बीच सहयोग बढ़ाने पर जोर दिया। इस दौरान उन्होंने कहा कि यह मुलाकात उनके लिए खुशी का मौका है, क्योंकि जापान के राज्यपाल उनकी क्षेत्रों की विविधता और ऊर्जा के जीवंत प्रतीक हैं।

प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा, "मैं अनुभव कर रहा हूं कि इस कमरे में सैतामा की रफ्तार है, मियागी की मजबूती है, फुकुओका की जीवंतता है और नारा की विरासत की खुशबु है। आप सभी में कुमामोतो की गर्मजोशी है, नागानो की ताजगी है, शिजुओका की सुंदरता है, और नागासाकी की धड़कन है। आप सभी, माउंटी फूजी की ताकत है और साकुरा की आत्मा के प्रतीक हैं, जो जापान को टाइमलेस बनाते हैं। भारत और जापान का रिश्ता हजारों साल पुराना है, जो भगवान बुद्ध की करुणा और राधाबिनोद पाल जैसे नायकों के साहस से जुड़ा है।" उन्होंने अपने गृह राज्य गुजरात का उदाहरण देते हुए बताया कि बीती सदी में गुजराती हीरे के व्यापारी कोबे आए थे, जबकि हमा-मात्सु की कंपनियों ने भारत के ऑटोमोबाइल क्षेत्र में क्रांति लाई। यह उद्यमशीलता दोनों देशों को जोड़ती है। आज ट्रेड, टेक्नोलॉजी, पर्यटन, सुरक्षा, स्किल और संस्कृति के क्षेत्र में नए अध्याय लिखे जा रहे हैं, जो केवल टोक्यो या दिल्ली तक सीमित नहीं, बल्कि राज्यों और प्रांतों की सोच में जीवंत हैं। प्रधानमंत्री ने अपने 15 साल के गुजरात मुख्यमंत्री कार्यकाल का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने नीति-आधारित शासन, उद्योग को बढ़ावा, मजबूत बुनियादी ढांचा और निवेश के लिए माहौल बनाने पर ध्यान दिया, जो आज "गुजरात मॉडल" के नाम से जाना जाता है। 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद उन्होंने इस सोच को राष्ट्रीय नीति में शामिल किया। राज्यों में प्रतिस्पर्धा की भावना जगाई और उन्हें राष्ट्रीय विकास का मंच बनाया। जापान के प्रांतों की तरह भारत के हर राज्य की अपनी पहचान है, कहीं समुद्र तट, कहीं पहाड़। इस विविधता को लाभ में बदलने के लिए 'वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट' अभियान, आकांक्षी जिले-ब्लॉक कार्यक्रम, और दूरदराज गांवों को मुख्यधारा में लाने के लिए 'वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम' शुरू किया गया, जो अब विकास के केंद्र बन रहे हैं।उन्होंने जापान के राज्यपालों की जिम्मेदारी को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि उनके प्रांत टेक्नोलॉजी, मैन्युफैक्चरिंग और नवाचार के केंद्र हैं.

# ऑपरेशन सिंदूर पर रक्षा सचिव का बड़ा बयान

**नई दिल्ली,30 अगस्त।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना के द्वारा चलाया गया ऑपरेशन सिंदूर लगातार सूर्खियां बटोर रहा है। सेना के शौर्य की गूंज देश-विदेश तक सुनाई दे रही है। रक्षा सचिव राजेश कुमार सिंह के अनुसार, ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सेना का हर एक सैनिक पहले से कॉन्फिडेंट था कि हम दुश्मन पर भारी पड़ने वाले हैं। रक्षा सचिव राजेश सिंह ने बताया कि पहलगाम हमले के लिए जब हमने ऑपरेशन सिंदूर शुरू करने का फैसला किया,



तो पहले दिन हमें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मगर, इसके बाद हर सुबह के साथ हम बेहतर होते गए। उस दौरान मैंने टैनिस खेला था, जिसके कारण मुझे उतना तनाव महसूस नहीं हुआ। एनडीटीवी की डिफेंस समिट में शिरकत करते हुए रक्षा सचिव राजेश सिंह ने ऑपरेशन सिंदूर के कई बिंदुओं पर बातचीत की। इस दौरान रक्षा सचिव ने बताया कि शुरुआत में उन्हें भी वॉर रूम में जाने की अनुमति नहीं थी। हालांकि, उन्हें ऑपरेशन से जुड़ी सभी अहम अपडेट पता रहती थीं। मैंने ऑपरेशन में हिस्सा नहीं लिया। शुरुआत में वॉर रूम में भी नहीं गया। हालांकि, सरहद पर क्या हो रहा, मुझे इसकी अपडेट मिलती रहती थी। इस दौरान हमें कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। हम पहले दिन से ही कॉन्फिडेंट थे कि अगर दुश्मन ने आगे कोई और चाल चली तो हम उसे नेस्तनाबूद कर देंगे। बता दें कि 22 अप्रैल को पहलगाम में आतंकियों ने 26 नागरिकों की जान ले ली थी। इसके बाद 7 मई को सेना ने ऑपरेशन सिंदूर चलाते हुए पाकिस्तान के कई आतंकी ठिकानों को जमींदोज कर दिया। वहीं, पाक सेना की तरफ से जवाबी कार्रवाई का मुंहतोड़ जवाब देते हुए पाकिस्तान के 9 एअरफोर्स स्टेशन भी तबाह कर दिए गए थे।



# राहुल-तेजस्वी को मिला अखिलेश यादव का साथ

**छपरा/एकमा (सारण)।** बिहार में जारी वोटर अधिकार यात्रा के 14वें दिन शनिवार को कांग्रेस के वरिष्ठ नेता राहुल गांधी सारण जिले के एकमा पहुंचे। इस मौके पर उनके साथ उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव,राजद ने था तेजस्वी यादव भी मौजूद रहे। संयुक्त रोड शो, यहां राजनीतिक हलकों में बड़ी चर्चा का विषय बन गया। एकमा जिसे महान चिंतक और लेखक राहुल सांकृत्यायन की कर्मभूमि माना जाता है, उस ऐतिहासिक धरती पर राहुल गांधी, तेजस्वी यादव और अखिलेश यादव खुले जीप पर सवार होकर सड़कों पर उतरे। दोनों नेताओं ने स्थानीय जनता और समर्थकों का हाथ हिलाकर अभिवादन किया। इस दौरान रसुलपुर में उन्होंने सपा नहीं किया। राहुल गांधी इस दौरान सफेद टी-शर्ट और गले में सफेद गमछा डाले हुए नजर आए, जबकि अखिलेश यादव पारंपरिक कुर्ते-पाजामे में दिखे। रोड शो के दौरान हजारों की भीड़ सड़कों पर उमड़ पड़ी। समर्थक ढोल-नगाड़ों और नारों के बीच अपने नेताओं का स्वागत करते दिखे। जगह-जगह फूल-मालाओं से उनका अभिनंदन किया गया। भीड़ में शामिल युवाओं और महिलाओं में खासा उत्साह देखा गया। राहुल गांधी ने यात्रा के दौरान लोगों को हाथ हिलाकर स्वागत किया राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि बिहार में कांग्रेस,राजद और सपा नेताओं का यह साझा मंच आने वाले चुनाव में विपक्षी गठबंधन की रणनीति का अहम हिस्सा है। राहुल सांकृत्यायन की स्मृतियों से जुड़े एकमा में राहुल-अखिलेश की मौजूदगी को विपक्ष अपने जनाधार को मजबूत करने की कोशिश के रूप में देख रहा है। वोटर अधिकार यात्रा का यह चरण सारण की धरती पर विपक्षी एकजुटता और जनसमर्थन का जीवंत प्रदर्शन बन गया।

# छत्तीसगढ़ में बढ़ेंगी मेडिकल की 8 हजार सीटें

**रायपुर,30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के मेडिकल छात्रों के लिए अच्छी खबर है. इस साल प्रदेश के मेडिकल कॉलेजों में पहले राउंड में करीब 1000 सीटें बढ़ने के बाद अब यूजी और पीजी को मिलाकर लगभग 8,000 सीटें बढ़ने की संभावना है.

इनमें 5,000 से 6,000 सीटें केवल एमबीबीएस (यूजी) कोर्स में हो सकती हैं. खास बात यह है कि करीब 2,500 सीटें सरकारी कॉलेजों में जुड़ेंगी. सीटों की संख्या बढ़ने से सामान्य वर्ग की क्लोजिंग रैंक 23,000 तक पहुंच सकती है.पहले राउंड में लगभग 26,000 छात्रों को सीट नहीं मिली थी. हालांकि, मेडिकल काउंसलिंग कमेटी ने पहले राउंड की काउंसलिंग के बाद अचानक दूसरे राउंड की प्रक्रिया रोक दी है. नेशनल मेडिकल कमीशन ने अभी तक नया शेड्यूल जारी नहीं किया है, जिससे छात्रों में असमंजस बना हुआ है. दूसरे राउंड में छात्रों को नए सिरे से रजिस्ट्रेशन कराना होगा. सीटों की संख्या बढ़ने से इस राउंड में ज्यादा



रजिस्ट्रेशन होने की उम्मीद है. पहले राउंड में सीट न पाने वाले छात्र राउंड-2 के लिए आवेदन कर सकेंगे. नियम के मुताबिक अगर किसी उम्मीदवार को राउंड-2 में सीट मिलती है और वह दाखिला नहीं लेता, तो उसकी सिक्योरिटी राशि जब्त हो जाएगी. वहीं, राउंड-2 में अपग्रेडेड सीट पाने वाले छात्रों का राउंड-1 का दाखिला स्वतः रद्द हो जाएगा. ऐसे में छात्रों को सीट चयन में सावधानी बरतनी होगी. वर्तमान में देश में मेडिकल सीटों की संख्या 1.25 लाख तक पहुंचने का अनुमान है. पिछले साल सामान्य वर्ग की क्लोजिंग रैंक 21,190, ओबीसी की 21,452, एससी की 1,10,389 और एसटी की 1,45,625 थी. इस बार सीटें बढ़ने से क्लोजिंग रैंक और ऊपर जा सकती है.

एमसीसी के पुराने शेड्यूल के अनुसार नया सेशन 5 सितंबर से शुरू होना था, लेकिन राउंड-2 की प्रक्रिया और चॉइस फिलिंग में देरी के कारण सेशन देर से शुरू होगा. सभी काउंसलिंग राउंड 10 अक्टूबर तक पूरे करने का लक्ष्य है. सीटों की बढ़ोतरी छात्रों के लिए फायदेमंद है, लेकिन नए सेशन की शुरुआत में देरी तय मानी जा रही है.

# गौ वंश काटकर खाने वाले पांच गिरफ्तार

**जशपुर,30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ के जशपुर पुलिस ने ऑपरेशन शंखनाद के तहत गौ वंश का मांस बनाकर खाने वाले पांच आरोपियों को दबोचा है। पांचो आरोपी खेत में गौ वंश को काटकर मांस बनाकर खा रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से गौ वंश का मांस व काटने में प्रयुक्त हथियार जब्त किया है। दरअसल, 29 अगस्त को थाना पत्थलगांव पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली थी कि ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा निवासी आरोपी राजू कुजूर अपने कुछ साथियों के साथ खेत में गौ वंश काटकर खाने व बिक्री करने के लिए हिस्सा बंटवारा कर रहा है। मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और ग्राम मुड़ापारा, पैरापारा के चार संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया। पुलिस के द्वारा जब घटना स्थल की तलाशी ली गई, तो प्लास्टिक की थैली में डेढ़ किलो गौ वंश का मांस मिला। मौके पर गौ वंश का कटा सिर, पैर, पूछं सहित मांस काटने का औजार मिला। चारों संदिग्ध आरोपियों से पूछताछ करने पर अपना नाम राजू कुजूर उम्र 40 वर्ष, रामेश्वर कुजूर उम्र 35 वर्ष, संदीप कुजूर उम्र 30 वर्ष सभी निवासी मुड़ापार व चौथे आरोपी ने अपना नाम गोकुल टोप्पो, उम्र 35 वर्ष निवासी सूरजगढ़, थाना पत्थलगांव का निवासी होना बताये। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि उनके द्वारा वध किया गया गौ वंश आरोपी राजू कुजूर का था, जिसे कि वे एक अन्य आरोपी विनय कुजूर के साथ मिलकर खाने व बिक्री करने के लिए वध किए थे। शेष गौ वंश मांस को आरोपी विनय कुजूर अपने पास रखे होने की जानकारी दी। चारों आरोपियों की निशानदेही




पर पांचवे आरोपी विनय कुजूर को भी हिरासत में ले लिया गया है। शेष गौ वंश के मांस के संबंध में आरोपी विनय कुजूर से पूछताछ करने पर, उसके द्वारा उक्त गौ वंश के मांस को नाले में बहा देना बताया गया है, जिसके सम्बन्ध में पुलिस की जांच जारी है, जिसे भी जप्त करने हेतु प्रयास किया जा रहा है। पांचों आरोपियों के विरुद्ध थाना पत्थलगांव में छ ग कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4,5,10 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर, विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले में एसएसपी जशपुर शशि मोहन सिंह ने बताया कि पत्थलगांव क्षेत्र में गौ वंश के मांस के साथ पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, ऑपरेशन शंखनाद निरंतर जारी है।

## एक नजर

### जिले में तंबाकू नियंत्रण पर हुई सख्त कार्रवाई

**कवर्धा, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम अंतर्गत जिला कबीरधाम में सोमवार को कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देशानुसार तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. डी.के. तूरे एवं जिला कार्यक्रम प्रबंधक श्रीमती अनुपमा तिवारी के मार्गदर्शन में कोटपा 2003 के नियमों का पालन सुनिश्चित कराने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। यह कार्यवाही विकासखंड सहसपुर लोहारा अंतर्गत ग्राम चारभाटा एवं गोछीया में की गई, जहाँ पान दुकानों, थोक किराना स्टोर्स सहित विभिन्न प्रतिष्ठानों की जांच की गई। जांच के दौरान कोटपा 2003 की धारा 4 और 6 के उल्लंघन पाए जाने पर कुल 20 चालान काटे गए।कार्रवाई के साथ ही ग्रामीणों एवं दुकानदारों को सिगरेट और तंबाकू से होने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा कोटपा के नियमों का पालन करने के लिए समझाइश भी दी गई। मौके पर लिखित पम्पलेट्स का वितरण कर लोगों को जागरूक किया गया कि तंबाकू सेवन न केवल स्वास्थ्य को नुकसान पहुँचाता है बल्कि यह कानूनन भी दंडनीय अपराध है।अभियान के दौरान ग्राम गोछीया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में विशेष स्कूल जागरूकता कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। इसमें विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने और स्वस्थ भविष्य की दिशा में सजग रहने का संदेश दिया गया।इस अभियान का नेतृत्व औषधि निरीक्षक जितेंद्र पाटीदार एवं जिला नोडल अधिकारी (एनटीसीपी) डॉ. रोशनी पटेल ने किया। अभियान में पुलिस विभाग के अधिकारी-कर्मचारी भी शामिल रहे। सीएमएचओ ने बताया कि तंबाकू नियंत्रण कानूनों के उल्लंघन पर इसी तरह की कार्रवाई आगे भी लगातार की जाती रहेगी।

### अमानत में खयानत के मामले में आरोपी गिरफ्तार

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** जिले की थाना नेवई पुलिस ने अमानत में खयानत करने वाले आरोपी को किया गया गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमाण्ड पर जेल भेजा है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अनिरूद्ध ताम्रकार निवासी जवाहर नगर दुर्ग के साथ आरोपी आकाश शर्मा निवासी जवाहर नगर दुर्ग के व्दारा प्रवंचना कर अधिक लाभ प्रदान करने का लालच देकर बेईमानीपूर्वक अपने एकाउंट में विभिन्न अवसर पर दिनाक 28.12.2021 से 05.09.2022 के बीच आरोपी आकाश शर्मा ने प्रार्थी द्वारा दिये रकम को अपने एकॉउट में प्राप्त कर न्यूट्रिशियन कंपनियों को राशि का भुगतान नहीं कर प्रार्थी से लगभग 25,52,886 रूपये छलपूर्वक गबन करने की रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के आरोपी को घटना के संबंध में पूछताछ पर धारा सदर का अपराध घटित करना पाये जाने से दिनांक 28.08.2025 को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड हेतु न्यायालय पेश किया गया है।

### राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत एक आरोपी जेल भेजा गया

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** विगत 10 वर्षो से गौ तस्करी मे लगातार संलग्न आरोपी संगीत मधुकर उर्फ़टेटे निवासी ग्राम पथर्रा वर्तमान भिलाई तीन को कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी दुर्ग द्वारा 3 माह के लिए राष्ट्रीय सुरक्षा कानून की धारा 3(2) के तहत 3 माह के लिए निवारक निरोध का आदेश पारित किया गया है। उल्लेखनीय है कि संगीत मधुकर के खिलाफ18 अपराधिक मामले हैं तथा ज्यादातर मामले मारपीट और पशु तस्करी से संबंधित है संगीत मधुकर के खिलाफ जुलाई 2025 में राष्ट्रीय सुरक्षा कानून के तहत कार्यवाही करने हेतु पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा प्रतिवेदन प्रेषित किया गया था जिला दंडाधिकारी द्वारा दिए आदेश के परिपालन में संगीत मधुकर को गिरफ्तार कर मेडिकल करा कर जेल दाखिल किया गया है।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने सेल को स्कोप एमिनेंस अवार्ड से किया सम्मानित

**भिलाई, 30 अगस्त।** स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) को वर्ष 2022-23 में रिसर्च एंड डेवलपमेंट, टेक्नोलॉजी डेवलपमेंट और इनोवेशन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रतिष्ठित ÷स्कोप एमिनेंस अवार्ड÷ से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मू ने 29 अगस्त को नई दिल्ली में आयोजित स्कोप के समारोह में प्रदान किया। सेल की ओर से यह अवार्ड निदेशक मनीष राज गुप्ता, निदेशक ने ग्रहण किया। सेल ने आत्मनिर्भर भारत और मेक इन इंडिया अभियानों को मजबूती देते हुए स्टील उत्पादन की पूरी वैल्यू चेन में इनोवेशन को



बढ़ावा दिया है। कंपनी का लक्ष्य है कि देश की आयात पर निर्भरता घटे और रेलवे, रक्षा एवं बुनियादी ढांचे जैसे रणनीतिक क्षेत्रों के लिए उच्च गुणवत्ता वाले स्वदेशी स्टील ग्रेड और अत्याधुनिक तकनीक विकसित की जा सकें। अपने कार्यों को और बेहतर बनाने के लिए सेल ने हेल्थ मॉनिटरिंग सिस्टम, कॉइल यार्ड मैनेजमेंट सिस्टम जैसे नेक्स्ट-जेनरेशन सॉल्यूशंस अपनाए हैं। साथ ही कंपनी कचरे के पुनः उपयोग, चक्रीय अर्थव्यवस्था और नवीकरणीय ऊर्जा के एकीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रही है। सेल को यह पुरस्कार मिलने पर कंपनी के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक अमरेंदु प्रकाश ने कहा, यह अवार्ड हमारी आर एंड डी टीमों के निरंतर प्रयास और सेल में नवाचार एवं संचालन के बीच गहरे तालमेल को दर्शाता है। यह हमारी उस प्रतिबद्धता की पुष्टि करता है जिसके तहत हम भारत की जरूरतों को पूरा करने के साथ-साथ वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धी, भविष्य उन्मुख इस्पात उद्योग का निर्माण कर रहे हैं।



**कवर्धा।** कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष कार्यालय में गणेश भगवान की मूर्ति विराजित



**कवर्धा।** इंदौरी नगर पंचायत में रामनगर वार्ड में भगवान गणेश जी की मूर्ति विराजित

# बागपत और मेरठ में सम्मानित हुए शायर नौशाद



**भिलाई, 30 अगस्त।** शायर नौशाद अहमद सिद्दीकी को उत्तर प्रदेश के बागपत और मेरठ में आयोजित साहित्यिक कार्यक्रमों में सम्मानित किया गया। बागपत में आकाशवाणी के अखिल भारतीय श्रोता सम्मेलन का आयोजन हुआ, जहां समिति के अध्यक्ष संजय ढींगरा सहित रवि कुमार राहुल, सतीश मिगलानी, विजेंद्र जायजान, ज्ञान भूषण शर्मा, परस राम साहू गुरु एवं अन्य अतिथियों ने नौशाद सिद्दीकी का सम्मान किया। इसी तरह मेरठ में अफ़रोज़ एजुकेशनल ट्रस्ट द्वारा आयोजित एक नशिस्त में भी नौशाद सिद्दीकी विशेष रूप से आमंत्रित रहे। इस कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ उर्दू अकादमी से प्रकाशित शायरी संग्रह कहकशां का विमोचन किया गया। मौके पर देशभर से आए शायरों ने अपना कलाम पेश किया। कार्यक्रम में आल इंडिया उर्दू सर्विस से तारिक जमील, इमरान आज़मी, अय्यूब खान, विविध भारती सेवा से शेफाली कपूर, रेडियो बदायूं से गजेन्द्र, रेडियो रायपुर से शशांक खरे, श्याम वर्मा, तथा रेडियो बर्फी, रेडियो बरेली, रेडियो धड़कन और रेडियो जगदलपुर के उद्घोषक-उद्घोषिकाएं शामिल हुईं। अफ़रोज़ एजुकेशनल ट्रस्ट के चेयरमैन साजिद अली सतरंगी, सेक्रेट्री डॉ. साजिद अली, कोषाध्यक्ष मोईनुद्दीन, नूर मोहम्मद सैफी, राशिद नूर, डॉ. परवेज़ आलम, डॉ. फैजुल हसन, दिलनवाज़ ख़ान और मौलाना अब्दुल अहद ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम को सफल बनाया।

### तूफान से ठप्प हुई बिजली आपूर्ति को चंद घंटों में बिजली कर्मियों ने किया बहाल

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** हाल ही में आए आंधी-तूफान ने दुर्ग जिले में बिजली आपूर्ति को बुरी तरह प्रभावित किया, जिससे लगभग 71 स्थानों पर पेड़ की शाखाएं बिजली की लाइनों पर गिर गई और 64 बिजली खंभे क्षतिग्रस्त हो गए। लेकिन सीएसपीडीसीएल दुर्ग के कर्मचारियों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देशों का पालन करते हुए, पूरी तत्परता के साथ काम किया और कुछ ही घंटों में बिजली आपूर्ति को सामान्य कर दिया, जिससे चंद घंटों में ही क्षेत्र में रोशनी लौट आई। दिनांक 26 अगस्त 2025 को रात्रि 11 बजकर 30 मिनट पर आए आंधी-तूफान के कारण दुर्ग रीजन के 133 क्षेत्र के फीडर ट्रिप हो गए थे।

### यातायात व्यवस्था एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता के निर्देश

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** दिनांक 28 अगस्त 2025 को पुलिस अधीक्षक दुर्ग विजय अग्रवाल द्वारा गणेश पूजा महोत्सव के दौरान यातायात व्यवस्था, भीड़ प्रबंधन एवं सुरक्षा उपायों के संबंध में विस्तृत दिशा-निर्देश प्रदान किए गए। नगर के प्रमुख पंडालों–सेक्टर-2 गणेश पंडाल, महाराजा चौक गणेश पंडाल, दुर्ग, सेक्टर-10 गणेश पंडाल, सेक्टर-1 गणेश पंडाल, खुर्सीपार अंडा चौक गणेश पंडाल एवं खुर्सीपार गणेश पंडाल–में भारी भीड़ की संभावना को देखते हुए इन क्षेत्रों को विशेष निगरानी एवं प्राथमिकता पर लिया गया है।

# सशक्त एप्प के माध्यम से पकड़े गये वाहन चोर

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** जिले की थाना जामुल पुलिस को सशक्त एप्प के माध्यम से वाहन चोरो को पकड़ने में सफ्लता मिली है। मामले में पुलिस ने तीन नाबालिक बालकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से तीन मोटर सायकल बरामद किया है।

बता दें कि प्रार्थी जलेश्वर शर्मा निवासी गणेश नगर जामुल ने थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 14.08.2025 की रात्रि प्रार्थी के घर के सामने से मोटर सायकल होण्डा प्लेजर क्रमांक सीजी 07 एलवाई 3891 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है।इसी तरह प्रार्थी नारायण सिंह निवासी श्याम नगर अटल आवास भिलाई-3 द्वारा थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 16.08.2025 के रात्रि नटवर वर्मा के घर के सामने शिवपुरी जामुल से मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 07 बीएफ0443 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। इसी तरह प्रार्थी चंद्रप्रकाश साहू निवासी लक्ष्मी पारा जामुल द्वारा थाना जामुल उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि दिनांक 18.08.2025 की रात्रि प्रार्थी का मकान के सामने से मोटर सायकल स्पलेंडर प्लस सीजी 07 बीएस 9944 को अज्ञात आरोपी द्वारा चोरी कर ले गया है। प्रार्थी के रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। जामुल पुलिस द्वारा मामले को संज्ञान में लेकर त्वरित कार्यवाही करते हुए मुखबीर सूचना व हुलिया के आधार पर संदेहियो से पूछताछ करने पर पता चला की तीन नाबालिक बालको के द्वारा मिलकर तीनो मोटर सायकल को चोरी करना स्वीकार किये। तीनो विधि से संघर्षरत बालको के कब्जे से चोरी गई मोटर सायकल बरामद किया गया।

# शहर में मियावाकी पद्धति से विकसित किये जाएंगे मिनी फॉरेस्ट : आयुक्त

**भिलाई, 30 अगस्त।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन क्रमांक-02 वैशाली नगर अंतर्गत कुरूद गोकुल नगर में निर्माणाधीन प्रधानमंत्री आवास, बायोगैस प्लांट स्थापना हेतु चयनित स्थल तथा कुरूद मुक्तिधाम के पास स्थित न्यू एस.एल.आर.एम. सेंटर के आस-पास वृक्षारोपण का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आयुक्त पाण्डेय ने प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत वंदे मातरम क्षेत्र में बन रहे मकानों की प्रगति की जानकारी ली। उन्होंने निर्माण एजेंसी को निर्देशित किया कि कार्य को चरणबद्ध एवं तेज गति से पूरा कर चयनित हितग्राहियों को तीन दिनों के भीतर मकान सुपुर्द



किए जाएं। जानकारी के अनुसार लगभग 30 मकानों का कार्य पूर्णता की स्थिति में पहुँच चुका है। इसी क्रम में गोकुल नगर से निकलने वाले गोबर के सदुपयोग हेतु प्रस्तावित बायोगैस प्लांट स्थापना स्थल का भी आयुक्त ने निरीक्षण किया। इसके लिए रुचि की अभिव्यक्ति ऑफर (ईओआई) जारी कर दिया गया है। आयुक्त ने कार्यपालन अभियंता सह भवन अधिकारी के साथ स्थल का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए, ताकि बायोगैस प्लांट का कार्य सुचारू रूप से प्रारंभ किया जा सके। इसके अतिरिक्त आयुक्त ने कुरूद मुक्तिधाम के पास निर्मित एस.एल.आर.एम. सेंटर में किए गए वृक्षारोपण का निरीक्षण उद्यान अधिकारी तिलेश्वर साहू के साथ किया। यहां रिक्त भूमि में मियावाकी पद्धति से सघन वृक्षारोपण किए जाने की योजना है। इस पद्धति से पौधरोपण कर क्षेत्र को हरा भरा बनाने के साथ-साथ एक मिनी फॉरेस्ट विकसित किया जाएगा, जिससे न केवल स्थानीय लोगों को हरित वातावरण मिलेगा बल्कि पशु-पक्षियों को भी अनुकूल माहौल प्राप्त होगा। निरीक्षण के दौरान कार्यपालन अभियंता अरविंद शर्मा, सहायक अभियंता दीपक देवांगन तथा निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि भी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय खेल दिवस पर प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन

**भिलाई, 30 अगस्त।** शासकीय विश्वनाथ यादव तामस्कर महाविद्यालय दुर्ग के डॉ. राधाकृष्णन सभागार में हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस एवं हॉकी के जादूगर पद्म भूषण मेजर ध्यानचंद जयंती के अवसर पर खेल प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में उपस्थित अतिथियों एवं छात्र-छात्राओं ने विश्व में भारतीय हॉकी का परचम बुलंद करने वाले हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर राष्ट्रीय खेल दिवस की शुभकामनाएं सभी विद्यार्थियों, खिलाड़ियों



और प्रशिक्षकों को दी गईं। समारोह में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को सम्मानित कर पुरस्कार प्रदान किए गए। यह पहल न केवल खिलाड़ियों के मनोबल को बढ़ाती है, बल्कि उन्हें खेल के प्रति और अधिक समर्पित एवं प्रतिबद्ध बनने की प्रेरणा भी देती है। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में कैबिनेट मंत्री गजेन्द्र यादव, दुर्ग सांसद विजय बघेल, ललित चंद्राकर विधायक, कॉलेज प्रतिनिधि शिवेंद्र परिहार एवं अरुण सिंह, कुलपति डॉ. संजय तिवारी, पूर्व कुलपति एन. पी. दीक्षित, साइंस कॉलेज प्राचार्य डॉ. अजय सिंह, प्राध्यापक गण तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सभी अतिथियों ने खिलाड़ियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु प्रेरित किया।

# कृषकों के मांग अनुरूप पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों की उपलब्धता

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** जिले के सहकारी समितियों में कृषकों के मांग अनुरूप फसल खरीफ 2025 हेतु पर्याप्त मात्रा में यूरिया एवं अन्य उर्वरकों का 43965 मि.टन उपलब्धता के विरूद्ध 40930 मि.टन वितरण किया जा चुका है। वर्तमान में प्राथमिक सहकारी समितियों में 3035 मि.टन शेष है, जो कि गत वर्ष में वितरण किये गये सम्पूर्ण मात्रा से 04 प्रतिशत अधिक है। और वर्तमान में उर्वरक वितरण की कार्यवाही लगातार जारी है।उप संचालक कृषि के अनुसार कृषकों द्वारा यूरिया उर्वरक की मांग के अनुरूप सहकारी समितियों में 893 मि.टन खाद उपलब्ध है तथा जिले के सभी सहकारी समितियों में शून्य स्कंध की स्थिति न बने इसके लिए लगातार विभाग द्वारा आवश्यक समन्वय किया जा रहा है।

# आठ सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा



**भिलाई, 30 अगस्त।** भिलाई पुलिस ने अलग-अलग थाना क्षेत्रों में सट्टा का कारोबार कर रहे आठ सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। सटोरियों के खिलाफ पुलिस ने जुआ एक्ट के तहत जुर्म दर्ज किया है पुलिस प्रवक्ता पद्मश्री तंवर ने बताया कि नेवई पुलिस ने टंकी मरोदा नेवई निवासी भगवान नायक, सुपेला पुलिस ने मछली मार्केट से चिंगरी पारा विशाल साहनी, इंदिरा नगर सुपेला निजामुद्दीन अंसारी, मोहन नगर पुलिस ने सिकोसा बस्ती योगेश मरकाम, बजरंग पारा तुलेश बघेल उर्फ मोटू, भिलाई पुलिस ने रुआबाँधा तालाब के पास से रुआबांधा के जितेंद्र यादव, अमित साव, ललित यादवको पकड़ा है। सटोरियों के पास से पुलिस ने कुल 27 हजार 230 रुपए सट्टा पट्टी, कलम जब्त किया है। गौरतलब हो कि ये सभी सटोरिया लंबे समय से सट्टा का कारोबार चला रहे थे पुलिस को भनक लगते ही घेराबंदी कर सटोरियों को पकड़ा है ग्रामीण थाना क्षेत्रों में सट्टा का बड़ा लकारोबार संचालित है पुलिस उसे लेकर अभियान चला नहीं पाई है।

# भिलाई में विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया

**भिलाई, 30 अगस्त।** हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद की जयंती के उपलक्ष्य में नगर निगम द्वारा राष्ट्रीय खेल दिवस का आयोजन किया गया। नगर पालिक निगम द्वारा मेजर ध्यानचंद को याद करते हुए खेलों में रूचि रखने वाले युवाओं के लिए जोन क्र. 01 के भेलवा तालाब, जोन क्र. 02 अंतर्गत के स्कूली बच्चों, जोन क्र. 03 के 18 नंबर रोड के सुभाष चौक के पास स्कूली बच्चों, जोन क्र. 04 शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के बच्चों एवं जोन क्र. 05 अंतर्गत सेक्टर 04 स्कूल के बच्चों के साथ विभिन्न खेलों का आयोजन किया गया। खेल के माध्यम से जन जागरूकता लाने एवं खेल को बढ़ावा देने के उददेश्य से कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान सभी बच्चों को शपथ दिलाते हुए पुरूस्कार वितरण किया



गया। ताकि भविष्य में इन्ही खिलाड़ियो में से कोई भारत के लिए स्वर्ण पदक प्राप्त कर देश का नाम रौशन करें। ज्ञात हो कि खेल दिवस को पहली बार 2012 में उत्सव के दिनों की सूची में शामिल किया गया था। इस दिन कई राज्यों में शारीरिक गतिविधियों और खेलों के महत्व को लेकर जागरूकता फैलाने के उददेश्य से कई खेल प्रतियोगिताएं और सेमिनार आयोजित किए जाते हैं। इस दिन का उपयोग विभिन्न खेल आयोजनों को शुरू करने के लिए एक मंच के रूप में भी किया जाता है। 2018 में इसी दिन प्रधानमंत्री ने खेलो इंडिया मूवमेंट की शुरुआत की थी। 29 अगस्त 1905 को इलाहाबाद में जन्मे ध्यानचंद की जयंती पर हर साल देश में 29 अगस्त को खेल दिवस मनाया जाता है। हॉकी के जादूगर मेजर ध्यानचंद का भारत में खेलों को शीर्ष पर पहुंचाने का विशेष योगदान है। उन्होंने करीब 22 साल तक भारत के लिए हॉकी खेला और इस दौरान 400 से अधिक इंटरनेशनल गोल दागे। मेजर ध्यानचंद ने लगातार तीन ओलंपिक में भारत को हॉकी खेल में अपने दम पर स्वर्ण पदक दिलाया था। इनके पिता भारतीय सेना में थे और उनके लिए हॉकी खेलते थे। महज 16 वर्ष की उम्र में ध्यानचंद ने भी आर्मी ज्वाइन कर ली थी। इसी दौरान भी मानो जैसे हॉकी से प्रेम ही हो गया था। ध्यानचंद को दुनिया में लगभग 55 देशों के 400 से अधिक पुरस्कार प्राप्त हुए।

# भावना बोहरा ने मुख्यमंत्री साय का जताया आभार

### बकेला जलाशय व सुतियापाट नहर विस्तारीकरण के लिए 121 करोड़ से अधिक की मिली स्वीकृति

**कवर्धा,30 अगस्त।** पंडरिया विधानसभा के किसानों के हित और उन्हें सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति के लिए विधायक भावना बोहरा के प्रयासों से 121 करोड़ 92 लाख 66 हजार रुपये की प्रशासकीय एवं स्वीकृति मिली है। जिसके अंतर्गत बकेला के पास हाफ नदी में व्यपवर्तन योजना का निर्माण कार्य एवं फिडर तथा रमतला जलाशय का शीर्ष कार्य, नहरों का रिमाडलिंग कार्य एवं क्रांति जलाशय तथा देवसरा जलाशय के नहरों का रिमॉडलिंग, लाईनिंग तथा नहर विस्तारीकरण कार्य हेतु 82 करोड़ 53 लाख 80 हजार रुपए की स्वीकृति मिली है जिससे 2686.13 हेक्टेयर में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति होगी एवं सुतियापाट जलाशय मध्यम सिंचाई परियोजना के बायीं तट मुख्य नहर का विस्तारीकरण तथा माइनर नहरों



के निर्माण हेतु 39 करोड़ 38 लाख 86 हजार की वित्तीय एवं प्रशासकीय स्वीकृति मिलने से 2916 हेक्टेयर कृषि क्षेत्र में सिंचाई हेतु पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। कृषि एवं कृषक कल्याण हेतु पंडरिया विधानसभा को मिली इस सौगात के लिए विधायक भावना बोहरा ने माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी, तत्कालीन जल संसाधन मंत्री श्री केदार कश्यप जी एवं वित्त मंत्री श्री ओ.पी.चौधरी जी का आभार व्यक्त करते हुए किसानों को बधाई दी।इस अवसर पर भावना बोहरा ने कहा कि माननीय मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय जी के नेतृत्व में जिस तत्परता से डबल इंजन भाजपा सरकार मोदी की गारंटी को पूरा कर रही है। किसानों के हित को सर्वोपरि रखकर उन्हें आत्मनिर्भर व सशक्त बना रही है वह विकसित भारत का सशक्त प्रमाण है। आज पंडरिया विधानसभा के किसान भाई-बहनों की बहुप्रतीक्षित मांग पूरी हो रही है। सुतियापाट नहर विस्तारीकरण से 26 गांव में किसानों को 2916 हेक्टेयर से अधिक खरीफ क्षेत्र में सिंचाई के लिए पर्याप्त जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी। वहीं बकेला जलाशय परियोजना से 2686 हेक्टेयर से अधिक कृषि भूमि में सिंचाई हेतु जल आपूर्ति सुनिश्चित होगी।आज यह विकास कार्य क्षेत्र के किसानों और जनता के विशेष सहयोग से हो रहें हैं। विकास कार्यों और अधोसंरचना निर्माण के कार्य निरंतर प्रगति पर हैं। शासकीय योजनाओं से लेकर जनकल्याण के कार्य कार्य पूर्ण पारदर्शिता के साथ जनहित के कार्य हो रहें हैं। विगत डेढ़ वर्षों में पंडरिया विधानसभा अंतर्गत विभिन्न विकास कार्यों व अधोसंरचना निर्माण हेतु 300 करोड़ से अधिक के कार्यों की स्वीकृति, सड़क, नाली, पुल-पुलिया, सौंदर्यीकरण, प्रकाश व्यवस्था एवं जनता की मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित हो रही है। भावना बोहरा ने आगे कहा कि छत्तीसगढ़ में भाजपा सरकार ने सबसे पहले किसानों के हित में निर्णय लिया और दो वर्ष का बकाया धान बोनस एवं 3100 रु प्रति क्विंटल में धान खरीदी की, उन 18 लाख गरीब परिवारों के लिए निर्णय लिया ।

# चाकू दिखाकर आमजनों को डरा धमका रहे बदमाश पकड़ाये

**दुर्ग, 30 अगस्त ।** दुर्ग पुलिस ने अलग अलग स्थानों पर आमजनो को धारदार चाकू दिखाकर डरा धमका रहे चार बदमाशों को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत अपराध दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

थाना सिटी कोतवाली दुर्ग को दिनांक 28.08.2025 को मुखबीर से सूचना प्राप्त हुआ कि दोपहर के समय बैजनाथ पारा जाने वाला रोड खाली प्लाट के पास एक व्यक्ति धारदार चाकू लेकर आने-जाने वाले लोगो को डरा धमका रहा है, मौके पर दुर्ग पुलिस द्वारा घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ा जिससे नाम पता पूछने पर अपना नाम डेरहलाल साहू पिता बुधराम साहू उम्र 34 साल निवासी शास्त्री चौक देवांगन किराना दुकान के पास दुर्ग का रहने वाला बताया जिसके कब्जे से एक धारदार चाकू को गवाहों के समक्ष जप्त कर कब्जा पुलिस लिया गया।

## एक नजर

### रमेश आहूजा को हेलमेट अभियान में मिली सफलता

**रायपुर, 30 अगस्त।** पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने हेलमेट के संबंध में अहम फैसला लिया है। उन्होने बिना हेलमेट के पेट्रोल नहीं देने का निर्णय लिया है । रमेश आहूजा विगत एक माह से हेलमेट अभियान में लगे थे । उन्होने कलेक्टर रायपुर, एस.पी. रायपुर व विजय शर्मा उपमुख्यमंत्री को पत्र लिखकर हेलमेट अनिवार्य करने की मांग की थी। पेट्रोल पंप ऐसोसिएशन ने उपमुख्यमंत्री अरूण साव व कलेक्टर रायपुर को इस निर्णय की जानकारी दी है तथा सुरक्षा की मांग की है । रमेश आहूजा ने पेट्रोल पंप एसोसीएशन को धन्यवाद दिया है । इसके पूर्व रमेश आहूजा ने नहरपारा सड़क चौड़ीकरण व नहरपारा से ट्रांसफार्मर हटाने का काम लिया था जिसमें भी उन्हें सफलता मिल चुकी है ।

### मूलेर में 3 को समाधान शिविर

**दंतेवाड़ा, 30 अगस्त।** सुशासन तिहार 2025 के दौरान मुख्यमंत्री के द्वारा विगत 15 मई को विकासखंड कुआकोंडा ग्राम मूलेर में औचक भ्रमण, निरीक्षण किया गया था। साथ ही वे यहां आयोजित समाधान शिविर में भी सम्मिलित हुए थे। इस क्रम में उक्त शिविर में प्राप्त आवेदन, विषयों के निराकरण की जानकारी से ग्रामीणजन को अवगत कराये जाने हेतु 3 सितंबर 2025 को दिन बुधवार को समाधान शिविर आयोजित किया जा रहा है।

### एक्सिस बैंक ने आपदा प्रभावितों के लिए भेजी गई राहत सामग्री

**दंतेवाड़ा, 30 अगस्त।** मुख्यालय में भीषण वृष्टि आपदा के मद्देनजर प्रभावितों को सहायता पहुंचाने के लिए कर्मचारी संगठन के साथ-साथ निजी बैंक उपक्रम भी सामने आ रहे हैं। इस क्रम में एक्सिस बैंक शाखा द्वारा भी राहत सामग्री प्रदाय की गई।

### वर्षा प्रभावित ग्रामों में किया जा रहा हैंडपंप संधारण

**दंतेवाड़ा, 30 अगस्त।** जिला दंतेवाड़ा में दिनांक 26 अगस्त 2025 को आए भयंकर बाढ़ से मुख्यतः जिले के नदी तटवर्ती ग्राम प्रभावित हुए हैं। इस क्रम में प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावितों को राहत शिविर व अन्य दैनिक सुविधाएं प्रदान करने के साथ साथ नुकसान का मुआयना भी करवाया जा रहा हैं। इसके मददेनजर लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा सुरक्षित पेयजल हेतु मिशन मोड में कार्य प्रारंभ किया गया है। जिसके तहत कार्यपालन अभियंता एवं सदस्य सचिव श्री निखिल कंवर के निर्देशन में विभाग के टेक्नीशियनों के द्वारा ग्रामों में हैंडपंप संधारण और पेयजल स्त्रोतों का क्लोरिनेशन कार्य किया जा रहा है। ग्रामीणों द्वारा भी सामुदायिक सहभागिता अनुसार पेयजल स्त्रोतों के क्लोरिनेशन विभागीय टेक्नीशियनों के दिशा निर्देश में कर रहे हैं। जल जीवन मिशन योजना से ग्रामीणों में सुरक्षित पेयजल हेतु जागरूकता वर्तमान में परिणामस्वरूप दिखाई दे रहा है। इसके अलावा जिले में संचालित जल जीवन मिशन योजना एवं परियोजनाओं के विभागीय संभाग अधिकारी द्वारा दिनांक 28 अगस्त को निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उच्च अधिकारी द्वारा नुकसान का प्रस्ताव मांगा गया जिससे कि अतिशीघ्र जिले में पेयजल व्यवस्था को दुरुस्त किया जा सके। इसके साथ ही वर्षा प्रभावित इंटेकवेल ब्रिज का मरम्मत कार्य शीघ्र पूर्ण करने हेतु कहा गया। साथ ही कार्य की गुणवत्ता ध्यान में रखते हुए जल्द से जल्द मरम्मत कार्य पूर्ण करने हेतु जिला टीम को आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया गया।

### कांग्रेस भाषा की मर्यादा खोती जा रही है : किरणदेव

**रायपुर, 30 अगस्त।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष किरण देव ने कहा है कि कांग्रेस और कांग्रेस के नेता राहुल गांधी बिहार में दरभंगा की एक सभा में जिस तरह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति कांग्रेस और राजद की जनसभा में बिलो द बेल्ट जाकर अभद्र और अमर्यादित भाषा प्रधानमंत्री के सर्वोच्च पद पर बैठे श्री मोदी व उनकी स्वर्गस्थ माताजी को लेकर प्रयुक्त की गई, मंच से अश्लील गाली-गलौज की गई, उसकी पूरा देश कटु निन्दा कर रहा है। प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने कहा कि दुनिया के किसी भी लोकतांत्रिक देश में अपने विरोधियों के प्रति इस तरह अभद्र भाषा व अपशब्दों का प्रयोग नहीं किया जाता, जैसा भारत के विपक्षी दल कर रहे हैं। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री देव ने शुक्रवार को यहाँ एकात्म परिसर स्थित भाजपा कार्यालय में आहूत पत्रकार वार्ता को सम्बोधित करते हुए कहा कि समय-समय पर कांग्रेस के अन्य नेताओं के भी मुख से इस तरह की अभद्र भाषा बोली गई है। उन्हें सोनिया गांधी ने मौत का सौदागर बताकर इस अभद्रता की शुरुआत की और अब वह इस निम्न स्तर पर आ पहुँची है। प्रधानमंत्री श्री मोदी पिछड़ा वर्ग से आते हैं और उनकी जाति का अपमान करने की दृष्टि से राहुल गांधी, और कई बार उनके नेताओं ने अपमानजनक बातें कही। हाल ही एक सभा में राहुल गांधी प्रधानमंत्री श्री मोदी को 'तू' कहकर संबोधित कर रहे थे।

### सेवा पखवाड़ा में होगा विविध कार्यक्रमों का आयोजनः सोनी

**रायपुर, 30 अगस्त।** भाजपा के केन्द्रीय नेतृत्व के आह्वान पर भाजपा छत्तीसगढ़ द्वारा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम करेगी। भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी ने शुक्रवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत आगामी तीन सितंबर को छत्तीसगढ़ भारतीय जनता पार्टी के द्वारा प्रदेशस्तरीय कार्यशाला आयोजित की गई है, जिसमें पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव राधामोहन अग्रवाल विशेष रूप से रायपुर आएंगे। भाजपा प्रदेश महामंत्री श्री सोनी ने बताया कि सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत 17 सितंबर को प्रधानमंत्री का 75वाँ जन्मदिन है।

# सर्पदंश से पति-पत्नी की मौत

## इलाज कराने के बदले झाड़-फूंक में लगे रहे, चार बच्चे अनाथ

**सूरजपुर, 30 अगस्त।** अंधविश्वास ने एक बार फिर दो लोगों की जिंदगियों को निगल गया। सर्पदंश के बाद समय पर इलाज के बजाय झाड़फूंक पर भरोसा करना पति-पत्नी को भारी पड़ गया। दोनों की दर्दनाक मौत हो गई और चार मासूम बच्चे अनाथ हो गए।



जानकारी मुताबिक, भैयाथान थाना क्षेत्र के बसकर गांव में बीती रात एक दंपत्ति अपने घर के आंगन में जमीन पर सो रहे थे। इसी दौरान जहरीले सांप ने उन्हें डस लिया। परिजनों ने तुरंत अस्पताल ले जाने के बजाय कई घंटों तक झाड़फूंक कराया। हालत बिगड़ने पर जब अस्पताल ले जाया गया तब तक देर हो चुकी थी।

भैयाथान अस्पताल में पत्नी की मौत हो गई, वहीं जिला अस्पताल में उपचार के दौरान पति ने भी दम तोड़ दिया। इस दर्दनाक घटना से पूरे गांव में मातम का माहौल बन गया है। परिजनों को रो-रोकर बुरा हाल है। सबसे बड़ा आघात यह है कि, मृतक दंपत्ति के चार छोटे बच्चे अब अनाथ हो गए हैं।

वहीं 14 अगस्त को सूरजपूर जिले में रामानुजनगर ब्लाक से एक हैरान कर देने वाला मामला सामने आया था। जहां तबियत बिगड़ने पर चार वर्षिय बच्ची को अस्पताल ले जाया गया। अस्पताल में डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों का कहना है कि, बच्ची को पीलिया था। पर परिजनों का कहना है कि, बच्ची की मौत सर्प दंश से हुई है। इसलिए बच्ची के शव को कब्र से बाहर निकाल दुबारा पोस्टमार्टम कराया गया है।-

दरअसल, रामानुजनगर थाना क्षेत्र के सरईपारा गांव के रहने वाले राजलाल की साढ़े चार वर्षिय पुत्री की तबीयत 7 अगस्त को देर रात खराब हो गई थी। जिसे उपचार के लिए तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के दौरान बच्ची की मौत हो गई। इसके बाद बच्ची का पीएम कराया गया और मौत का कारण पीलीया बताया गया। लेकिन परिजनों ने आरोप लगाया कि, बच्ची की मौत सांप के काटने से हुई है।

# रजत जयंती वर्ष पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भाटापारा, 30 अगस्त।** रजत जयंती वर्ष 2025 के अवसर पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भाटापारा में महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से मेगा हेल्थ कैंप का आयोजन किया गया। खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेंद्र माहेश्वरी ने जानकारी दी कि शिविर में बड़ी संख्या में महिलाओं, किशोरियों एवं आमजन ने भाग लेकर स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्राप्त किया। इस अवसर पर विशेष रूप से किशोरी बालिकाओं की स्वास्थ्य जांच, माताओं का स्वास्थ्य परीक्षण, बीपी जांच, शुगर जांच, मुख कैंसर, ब्रेस्ट कैंसर, सर्वाइकल कैंसर सहित अन्य सभी बीमारियों की जांच एवं उपचार की सुविधा प्रदान की गई। स्वास्थ्य शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सुषमा महेश्वरी, डॉ. रितु बाघमार, डॉ. विनीता खूबचंदानी एवं डॉ. लोही महेश्वरी की टीम ने सक्रिय रूप से जांच एवं उपचार की सेवाएँ दीं।




खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेन्द्र माहेश्वरी ने बताया कि इस प्रकार के शिविरों का मुख्य उद्देश्य आमजन को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध कराना, महिलाओं एवं किशोरियों में स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाना तथा गंभीर बीमारियों की समय पर पहचान और उपचार सुनिश्चित करना है।

शिविर की सफलता में स्वास्थ्य विभाग की टीम, महिला एवं बाल विकास विभाग एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों का विशेष योगदान रहा।

# तीज नारी शक्ति की आस्था, त्याग और समर्पण का प्रतीक है : बृजमोहन



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 30 अगस्त।** स्थित स्वामी आत्मानंद उच्च माध्यमिक विद्यालय में आयोजित तीज मिलन समारोह में मुख्य अतिथि बृजमोहन अग्रवाल सांसद एवं मंत्री टंक राम वर्मा प्रदेश महिला मोर्चा की अध्यक्ष विभा अवस्थी की उपस्थिति में मातृशक्ति का सम्मान करने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा कि धर्म और संस्कृति को आगे बढ़ाने में मातृशक्ति की भूमिका हमेशा से अद्वितीय रही है। वे ही परिवार को संस्कार देती हैं और परंपराओं, लोकगीतों व रीति-रिवाजों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुँचाने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर समस्त माताओं-बहनों को तीज पर्व की हार्दिक शुभकामनाएँ दी। पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा एव पार्षदों ने अतिथियों का श्री फल स्मृति चिन्ह शाल से सम्मान किया गया।

# सीईओ ने आवास निर्माण के कार्यों की समीक्षा की

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 30 अगस्त।** मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने आज जिला पंचायत के सभाकक्ष में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण के कार्यों की समीक्षा की। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने जिले में प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण वर्ष 2024-25 में द्वितीय किस्त प्राप्त 15 हजार 695 हितग्रहियों के आवासों को 20 अक्टूबर तक पूर्ण करने के लिए सभी जनपद पंचायतों को लक्ष्य दिया है।




उन्होंने बताया कि वर्ष 2024-25 में 34 हजार 784 स्वीकृत आवास में से 16 हजार 32 आवास पूर्ण हो गया है। जिले को वर्ष 2016-17 से वर्ष 2022-23 तक कुल 27 हजार 442 आवासों की स्वीकृत आवासों के विरूद्ध 27 हजार 108 आवास पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष 334 आवासों को जल्द पूर्ण करने हेतु निर्देश दिया। सीईओ जिला पंचायत सुश्री सुरूचि सिंह ने प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों को प्रगति के आधार पर मस्टर रोल भी जारी करने के निर्देश दिए।

ग्राम पंचायतों के नोडल अधिकारियों को जिनका आवास पूर्णता में प्रगति कम है उनको कारण बताओं नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्माणाधीन आवासों को 7 अक्टूबर तक पूर्णता में प्रगति लाने हेतु निर्देश दिए। ऐसे आवास मित्र जिनकी आवास पूर्णता में प्रगति धीमी है उन्हें निकालकर उनकी जगह वेटिंग सूची से आवास मित्रों की भर्ती करने के लिए सीईओ जनपद पंचायतों को निर्देशित किया। बैठक में सभी जनपद पंचायतों के सीईओ, कार्यक्रम अधिकारी (मनरेगा), विकासखंड समन्वयक, तकनीकी सहायक प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, आवास मित्र एवं योजनांतर्गत नियुक्त नोडल अधिकारी उपस्थित थे।

# किसान दिवस पर कार्यक्रम का आयोजन

**राजनांदगांव 30 अगस्त।** कृषि विज्ञान केन्द्र सुरगी राजनांदगांव में भगवान श्री बलराम जयंती सह एक दिवसीय किसान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर भगवान बलराम, छत्तीसगढ़ महतारी, हल, मूसल एवं अन्य पारंपरिक कृषि यंत्रों की पूजा अर्चना कर कृषकों की अच्छी उपज की कामना की गई। कार्यक्रम में समाज सेवी श्री कोमल सिंह राजपूत ने किसानों को पारंपरिक एवं प्राकृतिक खेती हेतु प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर पारंपरिक खेती के सम्बन्ध में व्याख्यान दिया गया एवं प्राकृतिक खेती के विभिन्न घटकों बीजामृत, जीवामृत, घन-जीवामृत एवं कीट नियंत्रण हेतु नीमास्त्र बनाने की विधियों का जीवंत प्रदर्शन किया गया। इस दौरान किसानों को विभिन्न गतिविधिओं के माध्यम से कृषकों को प्राकृतिक खेती के सम्बन्ध में जागरूक किया गया।

# गुरुबालक दासजी की जयंती पर विशाल रक्तदान शिविर

**बेमेतरा, 30 अगस्त।** वीर बलिदानी राजा गुरु बालक दास जी की जयंती के पावन अवसर पर आज जिला चिकित्सालय बेमेतरा परिसर में एक विशाल रक्तदान शिविर का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन समाज सेवा और मानव कल्याण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में सेवाभावी नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेकर रक्तदान किया और समाज को मानव सेवा का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने अपने गरिमामयी उद्बोधन में कहा कि – रक्तदान महादान है। इससे बढ़कर कोई पुण्य कार्य नहीं हो सकता। आप सभी दानवीर समाज के लिए प्रेरणा हैं, जिन्होंने अपनी अमूल्य भागीदारी से मानवता की सेवा की मिसाल पेश की है। उन्होंने शिविर में उपस्थित प्रत्येक रक्तदाता का स्वयं उत्साहवर्धन किया और उन्हें उनके योगदान के लिए सम्मान स्वरूप प्रमाणपत्र प्रदान किए। उन्होंने कहा कि रक्त की एक-एक बूंद कई जीवन बचा सकती है और ऐसे अवसर समाज को नई दिशा देने में सहायक होते हैं। इस अवसर पर समाज के अनेक सेवाभावी साथियों ने सक्रिय भागीदारी की, जिनमें विशेष रूप से –राजेश मार्कण्डेय (आई.टी. सेल नवागढ़ विधानसभा प्रभारी), गोलू कौशल, अविनाश घृतलहरे, लॉर्ड डेविड बंसल, दिनकर, राहुल भास्कर, सुनील पात्रे, अविनाश, राहुल, तामेश्वर, धर्मेंद्र चतुर्वेदी सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना बहुमूल्य सहयोग प्रदान किया।



जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती कल्पना योगेश तिवारी ने सभी रक्तदाताओं तथा आयोजन समिति के सदस्यों को साधुवाद दिया और भविष्य में भी ऐसे मानवसेवी आयोजनों को निरंतर जारी रखने का आह्वान किया।

# एनआईटी में उन्नत भारत अभियान का ओरिएंटेशन, ग्रामीण सशक्तिकरण पर जोर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (एनआईटी) रायपुर में उन्नत भारत अभियान (यूबीए) के तहत छत्तीसगढ़ की सहयोगी संस्थाओं के लिए ओरिएंटेशन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन और अतिथियों के स्वागत के साथ हुआ। इस अवसर पर एनआईटी रायपुर के निदेशक प्रो. एन. वी. रमना राव मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहे। साथ ही ट्रेनिंग एंड प्लेसमेंट हेड डॉ. विवेक कुमार गाबा, यूबीए के क्षेत्रीय समन्वयक डॉ. सुधाकर पांडे, एनआईटी रायपुर के यूबीए समन्वयक डॉ. गोवर्धन भट्ट, डॉ. दीपिका अग्रवाल, श्री विजय वर्मा समेत फैकल्टी सदस्य, सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधि और विद्यार्थी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।



अपने उद्बोधन में प्रो. रमना राव ने कहा कि राष्ट्रीय योजनाओं में उच्च शिक्षण संस्थानों की सक्रिय भागीदारी जरूरी है। उन्होंने जैविक खेती, स्वास्थ्य-स्वच्छता और जल प्रबंधन जैसे मुद्दों पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता पर बल दिया। डॉ. सुधाकर पांडे ने बताया कि यूबीए गांवों की वास्तविक समस्याओं–जल स्वच्छता, स्वास्थ्य व शिक्षा–की पहचान कर उनके समाधान हेतु विभिन्न परियोजनाओं से सहयोग प्रदान करता है। डॉ. गोवर्धन भट्ट ने कहा कि यूबीए के माध्यम से गांवों को निरंतर सहयोग दिया जा रहा है और कोविड काल में भी अभियान ने जिम्मेदारी से कार्य किया।

# सासाहोली में नवनिर्मित अटल परिसर का उद्घाटन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**तिल्दा नेवरा, 30 अगस्त।** तिल्दा नेवरा नगर पालिका परिषद क्षेत्र अंतर्गत वार्ड क्रमांक 22 सासाहोली में नव निर्मित अटल परिसर का उदघाटन हुआ। नगर पालिका परिषद द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में रायपुर लोकसभा के लोकप्रिय सांसद बृजमोहन अग्रवाल जी एवं अध्यक्षता कर रहे कैबिनेट मंत्री माननीय टंकराम वर्मा नगर पालिका अध्यक्ष चंद्रकला वर्मा अनिल अग्रवाल रानी सौरभ जैन सहित बीजेपी कार्यकर्ता पार्षद उपस्थित थे एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में नगर पालिका की अध्यक्ष श्रीमती चंदकला वर्मा ने अतिथियों का स्वागत किया व भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता गण, नगर पालिका के समस्त पार्षद गण एवं नगर के गणमान्य जनों की उपस्थिति में यह कार्य संपन्न हुआ।



# छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज ने किया भारत की विकास गाथा एवं इक्विटी-एक उभरता हुआ एसेट क्लास कार्यक्रम का आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 30 अगस्त।** 29 अगस्त को चेम्बर भवन, बॉम्बे मार्केट, रायपुर में छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज और नुवामा वेल्थ कंपनी के संयुक्त तत्वावधान में भारत की विकास गाथा एवं इक्विटी एक उभरता हुआ एसेट क्लास नामक एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। नुवामा वेल्थ कंपनी से अरुण जैन, संदीप रैना एवं अभिषेक अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । कार्यक्रम में व्यापारियों और निवेशकों को भारतीय अर्थव्यवस्था की वर्तमान स्थिति और इक्विटी में निवेश के अवसरों के बारे में जानकारी दी गई।



कार्यक्रम में मुख्य वक्ता श्री अरुण जैन जी ने भारत की आर्थिक विकास यात्रा, इक्विटी को एक दीर्घकालिक निवेश विकल्प के रूप में समझने, जोखिम प्रबंधन और स्मार्ट पोर्टफोलियो बनाने की रणनीतियों और निवेशकों के लिए मौजूद अवसरों पर विस्तृत जानकारी दी। इस कार्यक्रम के सहसंयोजक चेंबर उपाध्यक्ष दिलीप इसरानी कार्यक्रम का सञ्चालन चेम्बर उपाध्यक्ष जितेन्द्र शादिजा ने किया।

# युवा कांग्रेस व बिरगांव मंडल ने अवैध कबाड़ी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई करने उपपुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**रायपुर, 30 अगस्त।** रायपुर क्षेत्र अंतर्गत उरला, बीरगांव, सरोरा सहित विभिन्न स्थानों पर अवैध रूप से बड़े पैमाने में कबाड़खाने संचालित किए जा रहे हैं। इन कबाड़ियों के द्वारा ट्रक कटिंग एवं चोरी की संपत्ति का क्रय-विक्रय जैसी आपराधिक गतिविधियाँ खुलेआम संचालित की जा रही हैं। यह तथ्य निर्विवाद है कि उक्त अवैध गतिविधियों से क्षेत्र में चोरी एवं संगठित अपराधों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है तथा आम नागरिकों के जीवन एवं संपत्ति पर प्रत्यक्ष खतरा उत्पन्न हो रहा है।



इससे स्थानीय निवासियों में भय एवं असुरक्षा का वातावरण व्याप्त है, जो कि लोकशांति एवं विधि-व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव डाल रहा है। इसके पूर्व भी इसी विषय पर अनेक बार आवेदन प्रस्तुत किए जा चुके हैं, तथापि पुलिस प्रशासन की ओर से कोई प्रभावी कार्यवाही न किए जाने के कारण उक्त अवैध कबाड़ व्यवसायियों का मनोबल बढ़ा हुआ है और वे निरंतर आपराधिक प्रवृत्तियों को संरक्षण पाते हुए समाज विरोधी गतिविधियों में संलिप्त हैं।

तीन दिवस के भीतर उपर्युक्त अवैध कबाड़ गतिविधियों को तत्काल प्रतिबंधित करते हुए, दोषियों के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता एवं अन्य प्रासंगिक विधानों के अधीन कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाए तथा क्षेत्र में विधि-व्यवस्था एवं शांति-व्यवस्था को सुनिश्चित किया जाए।

जिलाध्यक्ष विनोद कश्यप ने कहा यदि 3 दिन के भीतर कड़ी कार्यवाही नहीं की जाती है तो उग्र जनांदोलन करने बाध्य होंगे, जिसकी संपूर्ण विधिक एवं प्रशासनिक जिम्मेदारी पुलिस प्रशासन पर होगी। आज के इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से ज्वाला गोस्वामी मंडल अध्यक्ष बिरगांव , वैभव पांडेय,रोशन यादव ,फरदीन खोखर, जानु भार्गव,भटकेश्वर वैष्णव,जीत निर्मलकर,श्रेयांश शुक्ला, मुनेश गौतम सही युवा कांग्रेस के साथी उपस्थित रहे।

# सौर ऊर्जा संयंत्र में चोरी के 4 आरोपी गिरफ्तार, एक अपचारी भी शामिल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सिमगा, 30 अगस्त।** सिमगा थाना अंतर्गत ग्राम चौरेंगा इस्थित रामा स्टील सौर ऊर्जा प्लांट से प्रार्थी कुलेस्वर कुम्भकार सुपरवाइजर रामा स्टील सौर ऊर्जा प्लांट ग्राम चौराहा द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया की दिनांक 15.7 2025 की रात्रि 1:00 से 3:00 के मध्य संयंत्र प्लांट से 1900 मीटर डीसी केबल वायर एवं अन्य लोहे के समान प्लांट के बाउंड्री वॉल के ऊपर से कूद कर अंदर आ कर अज्ञात चोरों ने चोरी की है इसकी जानकारी प्राप्त होते ही पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना में कार्रवाई प्रारंभ किया मुखबिर के माध्यम से आरोपियों के संबंध में तलाश किया गया मुखबिर के माध्यम से संयंत्र में चोरी करने वाले एक अपचारी बालक सहित चार आरोपियों के संबंध में पता चला आरोपियों से पूछताछ के दौरान रामा स्टील सौर ऊर्जा संयंत्र ग्राम चौरेंगा में चोरी करना स्वीकार किया गया आरोपियों से चोरी की गई 12 नाग फ्लेंज एवं 1900 मीटर केबल वायर जप्त किया गया सभी आरोपियों को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की भीम की गई आरोपियों के नाम कुछ इस प्रकार हैं(1) लकेश्वर गेंड्रे उम्र 29 वर्ष निवासी ग्राम दुलदुला( 2)मनोज गेंड्रे उम्र 18 वर्ष निवासी ग्राम दुलदुला (3)तुषार कुर्रे उम्र 19 वर्ष निवासी ग्राम दुलदुला ( 4)अपचारी बालक 1 नफ़र थाना सिमगा।



## संपादकीय

# सरकारी फैसले से किसान नाराज

यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का परिणाम है। स्वस्थ अर्थव्यवस्था में उत्पादन के विभिन्न क्षेत्रों के बीच साझा हित होते हैं। अमेरिका के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते की बातचीत में मुख्य अड़चन डॉनल्ड ट्रंप प्रशासन की कृषि एवं डेयरी संबंधी क्षेत्र को अमेरिकी निर्यात के लिए पूरी तरह खोलने की मांग से आई। नरेंद्र मोदी सरकार का दावा है कि उसने किसानों के हित पर समझौता करने से इनकार कर दिया। मगर उसका खामियाजा कारखाना क्षेत्र को भुगतना पड़ रहा है। अमेरिका ने भारत पर भारी आयात शुल्क थोप दिया, जिससे निर्यात निर्भर उद्योगों के सामने बड़ी मुश्किल आ पड़ी है। मतलब यह कि नव-उदारवादी दौर में भारत ने विकास का ऐसा मॉडल अपनाया, जिसमें अर्थव्यवस्था के विभिन्न क्षेत्रों में अंतर्विरोध बढ़ता चला गया है। इसकी सबसे बड़ी मिसाल कपड़ा एवं वस्त्र उद्योग है। अमेरिकी बाजार में आई रुकावट के दुष्प्रभाव से राहत पाने के लिए कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन टेक्सटाइल इंडस्ट्री ने सरकार से कपास पर आयात शुल्क को हटाने की मांग की। सरकार ने तुरंत ये मांग मान ली। 11 फीसदी का आयात शुल्क समाप्त कर दिया गया। 19 अगस्त से लागू इस फैसले का तुरंत असर हुआ। दो दिन के भीतर ही कॉटन कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (सीसीआई) ने कपास के दाम में 1,100 रुपये प्रति कैंडी की कटौती कर दी। इस कारण वस्त्र उद्योग की लागत काफी कम हो जाएगी और वह अपने उत्पादों को अपेक्षाकृत सस्ती दर पर निर्यात कर सकेगा।मगर इस सरकारी फैसले से किसान नाराज हो गए हैं। उनके संगठन संयुक्त किसान मोर्चा (एसकेएम) ने इस कदम को कपास किसानों के लिए मौत की गारंटी बताया है। उसने पूछा है कि किसानों को अपनी सर्वोच्च प्राथमिकता बताने का प्रधानमंत्री का दावा अब कहां गया? एसकेएम ने इस कदम खिलाफ कपास पैदावार वाले क्षेत्रों में आंदोलन छेडऩे का एलान किया है। ये प्रकरण बताता है कि भारत में किस कदर कृषि एवं उद्योग क्षेत्र परस्पर विरोधी धरातल पर चले गए हैं। यह विकास की समग्र दृष्टि के अभाव का सूचक है।

## राशिफल

**मेष** आज का दिन आपके लिए पार्टनरशिप में कोई काम करने के लिए रहेगा, जो आपके लिए बेहतर रहेगा। आपको अपनी पारिवारिक समस्याओं को आराम से साथ में बैठकर दूर करने की आवश्यकता है, क्योंकि आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर नहीं करनी है। आप अपने पार्टनर के साथ घूमने फिरने के लिए समय निकालेंगे, जिससे दोनों का रिश्ता काफी बेहतर होगा और आप आगे तक की प्लानिंग करेंगे। मन किसी बात को लेकर परेशान रहेगा।

**वृषभ** आज आपको काम को लेकर कुछ नए-नए अवसर मिलेंगे, जिससे आपको काम करने में भी खूब मजा आएगा और आप अपनी जिम्मेदारियों से भी घबराएंगे नहीं व उनका डटकर सामना करेंगे। यदि कोई समस्या आएगी, तो उसको लेकर मेहनत से बिल्कुल पीछे न हटे। आपको सरकारी योजनाओं का पूरा लाभ मिलेगा। किसी बात को लेकर बेवजह उलझने लेने से बचना होगा। आप किसी नए घर की खरीदारी कर सकते हैं, जिसके लिए आप कोई लोन भी अप्लाई करने की सोचेंगे, जो आसानी से मिल जाएगा।

**मिथुन** आज का दिन आपके लिए अपने कामों को समय से निपटाने के लिए रहेगा। आपकी वाणी की सौम्यता आपको मान-सम्मान दिलवाएगी और आप लोगों से कम से कम मतलब रखेंगे, जो आपके लिए अच्छा रहेगा। वाणी की सौम्यता आप पर बनी रहेगी। आपको बिजनेस में अपने प्रोडक्ट की क्वालिटी का पूरा ध्यान देना होगा, क्योंकि इससे आपकी छवि पर असर पड़ेगा। आपको किसी से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचना होगा। आप किसी विरोधी की बातों में ना आए।

**कर्क** आज का दिन आपके लिए अपने कामों पर पूरा फोकस बनाए रखने के लिए रहेगा। आप अपनी फिटनेस पर थोड़ा ध्यान दें। आपने यदि कोई लेनदेन किया है, तो आप उसे पूरी लिखा पढ़ी करके करें, तो ही आपके लिए बेहतर रहेगा। किसी कानूनी मामले में आप जल्दबाजी के कारण किसी समस्या में आ सकते हैं। सरकारी योजनाओं को लेकर आप कोई बड़ा इन्वेस्टमेंट करने की प्लानिंग कर सकते हैं, जो आपके लिए अच्छी रहेगी।

**सिंह** आज का दिन आपके लिए सावधानी बरतने के लिए रहेगा। आप अपनी जरूरत की आवश्यकताओं की पूर्ति पर अच्छा खासा धन व्यय करेंगे। प्रेम जीवन जी रहे लोगों के लिए यह दिन रोमांटिक भरा रहेगा, जो उनको खुशी देगा। आपको अपने किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मिलकर खुशी होगी। आपको अपने घर के पेंडिंग कामों को निपटाने के लिए समय निकालना होगा। आज आप इधर-उधर के कामों में ज्यादा ना लगे, इससे आपका व्यर्थ में समय बर्बाद ही होगा।

**कन्या** आज आप अपने कामों में कोई बदलाव करने से बचे। आपको घर परिवार में चल रही समस्याओं को भी मिल बैठकर दूर करने की आवश्यकता है। आपका किसी बात को लेकर मन परेशान रहेगा, क्योंकि आपका कोई गुप्त राज परिवार के सदस्यों के सामने आ सकता है। परिवार में कुछ सदस्यों के विवाह में आ रही समस्या को दूर करने की आप पूरी कोशिश करेंगे। आपको अपनी जिम्मेदारियों को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, जिन्हें आप एक-एक करके समाप्त करने की पूरी कोशिश करेंगे।

**तुला** आज का दिन आपके लिए धन के मामले में समस्याएं लेकर आ सकता है, क्योंकि आपका धन को लेकर कोई काम पूरा होते-होते रह सकता है। बिजनेस की डील भी आप थोड़ा सोच समझ कर ही फाइनल करें। आपको संतान की संगति पर विशेष ध्यान देना होगा, उनके करियर में भी कोई समस्या बढ़ सकती है। आपको अपने ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति से कोई जरूरी जानकारी शेयर करने से बचाना होगा, नहीं तो उसे बेवजह की लड़ाई झगड़ा बढ़ेंगे, जो आपकी टेंशनों को बढ़ाएंगे।

**वृश्चिक** आज का दिन आपके लिए उलझनों भरा रहने वाला है। आप कहीं विदेश जाने की भी योजना बना सकते हैं। आप यदि किसी परिजन के घर मेल मिलाप करने जाएं, तो वहां बहुत ही तोलमोल कर बोले आपको अपनी वाणी पर थोड़ा संयम रखना होगा। आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है। आप अपने घर किसी नए वाहन को लेकर आ सकते हैं। प्रेम व सहयोग की भावना को अपने से दूर ही रखें। आपको काम को लेकर कुछ उलझने थी, तो वह भी दूर होंगी।

**धनु** आज आपको काम को लेकर टेंशन अधिक रहेगी, लेकिन आप उसे अपने ऊपर हावी होने ना दे। कार्य क्षेत्र में काम को लेकर प्रशंसा होगी, जिससे आप काफी खुश होंगे। माताजी आपको कोई जिम्मेदारी दे सकती है। भाई व बहनों का आपको पूरा साथ मिलेगा। आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी। किसी पुराने लेनदेन से भी छुटकारा मिलेगा और कोई कानूनी मामला आपको समस्या दे सकता है।

**मकर** आज का दिन आपके लिए खुशनुमा रहने वाला है। आप किसी पॉलिटिक्स का हिस्सा ना बने, क्योंकि राजनीति की ओर कदम बढ़ा रहे लोगों को कुछ मुश्किलों का सामना अवश्य करना पड़ेगा। आपकी कोई प्रिय वस्तु खोने व चोरी होने का भय सता रहा है, इसलिए आप अपनी चीजों की रक्षा स्वयं करें। लव लाइफ के लिए यह समय काफी बेहतर रहेगा। करियर में आपको अच्छा उछाल देखने को मिलेगा। पार्टनरशिप में काम करना भी आपके लिए बेहतर रहेगा।

**कुंभ** आज का दिन आपके लिए सावधान रहने के लिए रहेगा, क्योंकि आपकी सेहत में उतार चढ़ाव लगा रहेगा। आप अपने खाने-पीने में लापरवाही बिल्कुल ना करें। आप अपने कामों को लेकर काफी एक्टिव रहेंगे। बिजनेस में आप अपने विरोधियों पर नजर रखें। एक साथ कई काम हाथ लगने से आपकी व्याकाग्रता बढ़ेगी, जो आपकी टेंशन को बढ़ाएगी। वाहनों के प्रयोग से आपको थोड़ा सावधान रहना होगा। आपको किसी पुरानी गलती से आपको सबक लेना होगा।

**मीन** आज का दिन आपके लिए सामान्य रहने वाला है। प्रेम जीवन जी रहे लोग साथी के साथ क्वालिटी टाइम स्पेंड करेंगे। आपके जीवनसाथी को कार्य क्षेत्र में प्रमोशन आदि मिल सकता है। आप संतान के करियर को लेकर कोई सलाह मशवरा कर सकते हैं। विद्यार्थियों के उच्च शिक्षा के मार्ग प्रशस्त होंगे। आप अपनी आवश्यकताओं की पूर्ति की खरीदारी करने की प्लानिंग कर सकते हैं। सरकारी योजनाओं का आपको पूरा लाभ मिलेगा।

# सबको भाते मिट्टी के गणेश

विजय मिश्रा 'अमित'




देवकी-वासुदेव लल्ला कन्हैया की तरह ही उमा-भोलेनाथ लल्ला गणेश की पूजा धूम-धड़ाका,नाचा गाना के साथ भक्तगण करते हैं। भाद्रपद के शुक्ल पक्ष की चतुर्थी अर्थात गणेश अवतरण दिवस से चतुर्दशी तक गणपति मूर्ति की स्थापना की जाती है।ऐसे ही समय में डॉ खूबचंद बघेल चौक पर स्थापित गणेश के साथ मेरी भेंट हो गई। सादर शिष्टाचार उपरांत मैंने हाल-चाल पूछा तो वे बोले - बढ़िया बढ़िया हाल चाल हो तभी तो भेंट मुलाकात होती है भाई।

मैंने सहमति में सिर हिलाते हुए गणेश जी से उनके जन्म-जीवन के संबंध में पूछा तो अपने सूंड को मेरी पीठ पर रखते हुए बोले- मेरी जयंती की कहानी बड़ी रोचक है भाई। मेरी माई पार्वती ने नहाते समय हल्दी,मिट्टी तेल निर्मित उबटन से मुझे सृजित किया और मेरा नाम विनायक रखा।आगे मेरे रूप-रंग, कर्म- धर्म को देखते हुए गजानन,गणेश, गणपति,लम्बोदर, शूर्पकर्ण आदि नाम से मैं सुशोभित हुआ।

बातचीत को आगे बढ़ाते हुए मैंने कहा - वर्ष में एक बार आपको दस दिनों तक बिठाने के पश्चात जब विसर्जित करते हैं तो हमारे बाल गोपाल बहुत रोते बिलखते हैं।आपको ऐसे विसर्जित करने के पीछे की कहानी क्या है?

इस पर गणेश जी खिलखिला कर हंस पड़े।उनका पेट भी थुलथुल हिल रहा था।अपने हिलते पेट को सहलाते हुए उन्होंने ने कहा- दरअसल नन्हें मुन्ने बच्चे मुझे मित्र की तरह मानते हैं। निडरता पूर्वक वे मुझे क्रिकेटर,डॉक्टर, किसान,सोल्जर, स्पाइडर-मैन के रूप में बनाते,बैठाते,पूजते हैं। इसीलिए मेरे विसर्जन के समय मित्र खोने की पीड़ा उन्हें रूलाती है।

इतना कहकर कान में बैठे मच्छर को सूंड से उड़ाते हुए बोले- महर्षि वेदव्यास जी ने महाभारत की कथा लिखने की जिम्मेदारी दी थी।वे बोलते गए और मैं लगातार लिखता गया।तब मेरा पूरा शरीर तपने लगा था। मुझे शीतलता प्रदान करने के लिए शीतल जल में उतारा गया था।तभी से मेरे विसर्जन की परम्परा अनवरत चली आ रही है। बातचीत आगे बढ़ाने के पहले एक हाथ लम्बा खीरा को छीलकर उन्हें खिलाते हुए मैंने पूछा -दस दिनों तक आप अपने घर परिवार से दूर हमारे साथ रहते हैं।आपके परिजन चिंतित तो रहते होंगे?मेरे इस सवाल उन्होंने कहा- अरे भाई मत पूछो,वे तो मुझे समझा बुझाकर भेजते हैं। पृथ्वी पर जाकर सम्हलकर रहना।वहां विविध किस्म के प्रदूषण और खान-पान की चीजों में भारी मिलावट का बोल बाला है।कुछ भी मत खा पी लेना।कहीं भी आसन जमाना तो मलेरिया- डेंगू मच्छर से बच के रहना। इतना कहते कहते गणेश जी अपनी छोटी-छोटी आंखें चारों तरफ घूमा कर देखने लगे कि आसपास कोई खतरनाक मच्छर, मक्खी कीड़ा-मकोड़ा तो नहीं है। मैंने उनके डर को दूर करते हुए कहा- आप चिंता न करें यहां कछुआ छाप अगरबत्ती जलाएं है। मेरी बात से वे थोड़े मुसकाए। फिर सूंड़ लम्बी करके थाली में रखे आठ दस लड्डूओं को चबा गए और ताम्रपात्र में रखे पानी को गटागट पीने के बाद ढकार लेते हुए बोले- हां अब पूछो क्या पूछना है।



यह सब देखकर झिझकते हुए मैंने कहा- आप तो बड़े खबड़ू हैं।आपको कौन कौन सी चीजें अच्छी लगती हैं।इस पर उन्होंने कहा - मिठाईयों में मोदक,फलों में केला, सीताफल, फूलों में गेंदा- कमल और वनस्पतियों में दुबी सर्वाधिक प्रिय है।वैसे भक्तगण जो खिला-पिला देते हैं, मैं प्रेम पूर्वक खा- पी लेता हूं।किसी प्रकार के नाज़ नखरे नहीं दिखाता। यह सुनकर मैंने कहा- वाह,यह तो बड़ी अच्छी बात है।तभी आपके परिवार में सुख- शांति बनी रहती है।समस्त इंसानों को भी आपकी तरह ही सरल स्वभाव को रखना चाहिए।अच्छा गणेश जी आपके परिवार में कौन कौन हैं। इस पर गणेश जी अपने गोल-मटोल उदर को सहलाते हुए बोले- मेरी दो अर्द्धांगिनियां रिद्धि -सिद्धि हैं। स्वास्तिक के चिन्ह पर बनी दो रेखाएं रिद्धि- सिद्धि की ही प्रतीक होती हैं। शुभ और लाभ दो बेटे और एक बेटी है,जिसे तुम लोग संतोषी माता के रूप में पूजते हो।

तुष्टि - पुष्टि नाम की दो बहुएं हैं, जिनके दो बेटे माने मेरे पोते आमोद- प्रमोद हैं। अरे वाह। आप भी छोटा परिवार सुखी परिवार के पक्षधर हैं कहते हुए मैंने पूछा- अपने भक्तजनों को क्या संदेश देना चाहेंगे?इस पर वे बोले हमारे देश में भाईचारा और एकता की भावना को बनाए रखने हेतु सर्वप्रथम लोकमान्य तिलक ने गणेश स्थापना की पहल की थी। इस पवित्र उद्देश्य को बनाए भक्तगण अपनी कला संस्कृति को अपनाएं ।फूहड़ कानफोड़ू नाच गाना से दूर रहें।मेरा विसर्जन नदी तालाब में करते हैं अतः पानी के प्रदूषण और जलीय जीवों की रक्षा हेतु बिना रासायनिक रंग पेंट से रंगे मिट्टी से ही निर्मित मेरी मूर्ति की स्थापना करें। इतना कहते कहते गणेश जी ऊंघने लगे। रात काफी हो गई थी,अतः अभिवादन करके विदा ले लिया।

# 'राष्ट्रीय लघु उद्योग दिवस' और अभिमन्यु का चक्रव्यूह !

डॉ. राजाराम त्रिपाठी



30-अगस्त को देश ने'लघु उद्योग दिवस' मनाने के लिए सन् 2000 से ही आरक्षित कर रखा है। यह जरूरी भी था। क्योंकि भारत जैसे विशाल देश में, जहाँ खेती अब भी जीवन का मूल आधार है, लघु उद्योग प्राणवायु की तरह हैं। खासतौर पर कृषि और उससे जुड़े उत्पादों के प्रसंस्करण, भंडारण, पैकेजिंग, परिवहन, विपणन और निर्यात से संबंधित उद्योगों की संभावना सबसे अधिक है। पर चीन तथा अमेरिका की आर्थिक मॉडल की बेअक्ल - नकल के चक्कर में एक ओर तो हम 'सेज' यानी स्पेशल इकोनामिक जोन (SEZ) और 'एज' यानी एग्रो एक्सपोर्ट जोन (AEZ) आदि भारी-भरकम औद्योगिक क्लस्टर स्थापित करने की मृग मरीचिका में भटकते रहे , दूसरी और अंबानी,अडानी, टाटा, बिरला जैसे मुट्ठी भर बड़े उद्योगपतियों के चारा-पानी की व्यवस्था करते रहे। अब हालात यहां तक आ पहुंचे हैं कि लघु-उद्योग लगाने की बात तो छोड़िए 'लघुउद्योग-दिवस' मनाने की औपचारिकता भी लगभग भूल गए हैं। फिर भी कोई नवउद्यमी गलती से अगर अपने गांव कस्बे में कोई लघु उद्योग लगाना चाहता है तब शुरू होती है असली राम-कहानी। 2024 के नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक,इस घनघोर उपेक्षा के बावजूद एक माइक्रो, स्मॉल एंड मीडियम एंटरप्राइजेज (MSME) क्षेत्र का भारत की जीडीपी में योगदान लगभग 30% है, जबकि कुल निर्यात में यह हिस्सेदारी 43% तक पहुँचती है। रोजगार सृजन में भी यह क्षेत्र अहम है। देश के कुल रोजगार का लगभग 110 मिलियन यहीं से आता है। चीन, वियतनाम जैसे देशों में यह योगदान भारत से कहीं अधिक है, जो बताता है कि हमारे सामने अवसर भी हैं और चुनौतियाँ भी। छत्तीसगढ़ ने अपनी औद्योगिक नीति 2024–29 में सेवन-क्रिया है कि वह फूड प्रोसेसिंग, वुड प्रोसेसिंग इंडस्ट्री और नवीकरणीय ऊर्जा जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता देगा। नीति में भूमि आवंटन, बिजली दरों में रियायत, ब्याज अनुदान, स्टार्टअप पैकेज जैसी कई सुविधाओं की बात है। दसकों पहले उद्योग लगाने के लिए कभी 'सिंगल विंडो' की भी बात हुई थी,, जो अब शायद 'सेवन-विंडो' में बदल गई है। कागज़ पर लिखी नीतियों और ज़मीनी हकीकत के बीच जो खाई है, उसकी एक अनुभवजन्य बानगी पेश करना चाहूंगा। इस उदाहरण को "हांडी के चावल के पकने की कहानी, हांडी के चावल के एक दाने की जुबानी " समझा जाए।

**कबीर के शब्दों में कहें तो:-**"तू कहता कागद की लेखी मैं कहता आँखिन की देखी।
मैं कहता सुरझावन हारि, तू राख्यौ उरझाई रे।!"

बस्तर में हमारे साथी किसान विगत वर्षों से जैविक खेती के साथ ही छाया में उगाई जाने वाली हल्दी, जिमीकन्द व औषधीय फसलों को छाया देने , तथा इस पेड़ की पत्तियों से हरी खाद बनाने एवं इसकी जड़ों से नाइट्रोजन वाली खाद प्राप्त करने के उद्देश्य से अपने खेतों पर आकेशिया की प्रजातियों के पौधे उगा रहे हैं। एक निश्चित समय के बाद इन पेड़ों को नहीं काटने पर धीरे धीरे ये स्वयं: ही नष्ट होने लग जाते हैं। त्लेखनीय है कि इन किसानों ने यह भी शपथ ली है कि एक भी पेड़ काटने पर उसके बदले हर किसान कम से कम दुगुना पेड़ लगाएगा। छत्तीसगढ़ बनने के बाद सरकार ने स्पष्ट रूप से यह आदेश भी जारी किया था कि आकेशिया प्रजाति के पेड़ों की कटाई पर कोई रोक नहीं है और इसके परिवहन के लिए परमिट की भी आवश्यकता भी नहीं है। पर आदेश के लगभग 25 साल बाद वन विभाग, राजस्व विभाग अभी भी इसेआपने चंगुल से बाहर जाने देने को तैयार नहीं है, इसका कारण भी सभी जानते ही हैं, इसलिए लिखने की जरूरत नहीं। चूंकि बाजार में इसकी कच्ची लकड़ी का भाव नाममात्र का है, लेकिन अगर इसके ब्रिकेट्स बनें, इन्हें प्रसंस्कृत कर बेचें तो किसान को ठीक ठाक-भाव मिल सकता है। केंद्र सरकार की नीति भी है कि 'थर्मल पावर यूनिटें' कम से कम पाँच प्रतिशत बायोमास जैसे लकड़ी या ब्रिकेट्स का उपयोग करें। प्रसंस्करण करने यह लकड़ी फर्नीचर के काम भी आ सकती है। उल्लेखनीय है कि भारत हर साल 35–40 हज़ार करोड़ रुपये की लकड़ी और टिंबर आयात करता है। यानी ऐसे उद्योग न सिर्फ़ आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बन सकते हैं, बल्कि बहुमूल्य विदेशी मुद्रा भी बचा सकते हैं। शायद इसी वजह से छत्तीसगढ़ सरकार ने नई औद्योगिक नीति में लकड़ी आधारित उद्योगों को बस्तर में प्राथमिकता श्रेणी में रखा।

पर असली मज़ा तो यहीं से शुरू होता है। बस्तर के कुछ नवउद्यमी किसानों ने तय किया कि अपने आकेशिया प्लांटेशन फसल के प्रसंस्करण और मूल्यवर्धन के लिए जगदलपुर के पास अपने खेतों पर एक छोटी सी इकाई डालेंगे। इससे इन्हें तथा इनके साथ जुड़े आकेशिया रोपण करने वाले अन्य किसानों को भी लाभ होगा, गांव के लोगों को रोजगार भी मिलेगा।

काम की शुरुआत हुई, सीए साहब से प्रोजेक्ट रिपोर्ट बनवाई। क्योंकि सरकार अनुदान देने का दावा भी करती है। रिपोर्ट बनकर बैंक पहुँची, तो वहाँ से फरमान आया:

"ज़मीन कृषि भूमि है, पहले डायवर्ज़न कराइए।"

और बस, यहीं से यह रामकहानी शुरू हो गई। डायवर्जन के लिए राजस्व विभाग पहुँचे, तो उन्होंने कहा " डायवर्सन तो हम करेंगे, पर पहले जरूरी विभागों से अनापत्ति प्रमाण पत्र (NOC) तो लेकर लाओ।"

क्रम कुछ इस प्रकार था:

* ग्राम पंचायत की सहमति,
* बिजली विभाग की सहमति,
* टाउन एंड कंट्री प्लानिंग की सहमति,
* राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की सहमति,
* वन विभाग की सहमति,
* जिला उद्योग केंद्र में प्रोजेक्ट का पंजीयन,
* इसके अलावा बैंक का एलओआई भी लगेगा( आगे अनुदान में इसकी महत्वपूर्णहै भूमिका है।)और दौड़ते दौड़ते 7-सात महीने बीत गए, और हम इन 7-सात गोलपोस्ट के बीच फुटबॉल की तरह इधर-उधर लुढ़कते रहे। पर हमारा खाता अभी भी नहीं खुल पाया है।

सबसे पहले तो शुरुआत में हर विभाग कहता है कि आप पहले बाकी विभागों से अनापत्ति लेकर आइए। जैसे कि, बिजली विभाग अगर कहे कि पहले आप 'जिला उद्योग केंद्र' में प्रोजेक्ट का पंजीयन करा कर लाइए और जब आप 'जिला उद्योग केंद्र' में रजिस्ट्रेशन के लिए जाएं तो वो कहें कि पहले आप हमें बिजली विभाग की अनापत्ति पत्र दिखाइए तो पंजीयन होगा। यानी पहले मुर्गी या पहले अंडा? ऐसे में बेचारा नवउद्यमी क्या करे? बाल नोचने के अलावा उसके पास क्या चारा है।

ग्राम पंचायत की अनापत्ति: ग्राम पंचायतों में सरपंच चुनाव के बाद भी लगातार गुटबाजी और अंदरखाने लड़ाइयां चलते रहती हैं। अगर एक गुट मानता तो दूसरा अनिवार्य रूप से विरोध करता है। नतीजा: पंचायत की राजनीति में लग, कुटीर उद्योग तथा असल विकास कहीं गुम हो गया। भ्रष्टाचार का विकेंद्रीकरण इतना सफल हुआ है कि मोहल्ले से लेकर पटवारी तक हर स्तर पर उसका 'जनतंत्रीकरण ' हो चुका है। बहरहाल ग्राम पंचायत ने इनके कई दसकों के सकारात्मक कार्यों को देखते हुए सबसे पहले अपनी अनापत्ति दे दी।

**'बिजली विभाग यानी जोर का झटका,धीमा काम! :** इनसे काम करवाने का मतलब है सरकारी परंपरागत तौर-तरीक़ों के दलदल में उतरना। यहां काम रोककर ही बाबू साहब व बड़े साहब लोग अपना महत्व जताते हैं। तीन महीने में तीन बार सर्वे कर चुके हैं। अब महीने दो महीने में ट्रांसफार्मर के लिए तथा लाइन के लिए टेंडर निकलेगा। फिर कहीं जाकर मुहूर्त देखकर काम शुरू होगा। यानी कि स्वर्ग से गंगा जी को धरती पर लाना सरल हो सकता है पर उद्योग चाहे जितना भी छोटा हो बिजली और ट्रांसफार्मर लगवाना, पर्याप्त सुविधा शुल्क देने के बावजूद, शायद उससे भी ज्यादा कठिन है।

कोढ में खाज कि इस उद्योग के लिए वन-विभाग की भी NOC चाहिए। हांलांकि इसमें ना जंगल का कोई रोल है ना जंगल की लकड़ी का कोई रोल है और ना ही वन विभाग की कोई प्रत्यक्ष भूमिका है । प्रस्तावित योजना गांव, जिला, राज्य और राष्ट्र हित में थी , तथा पर्यावरण हित में थी। फिर भी महीनों तक किसी ने इस अछूत फ़ाइल की तरफ़ देखा तक नहीं।

इस विभाग के युवा तेजतर्रार मंत्री केदार जी हमारे बस्तर के ही हैं और अपनी सुदीर्घ प्रशासनिक अनुभव तथा प्रशासनिक कार्य कुशलता के लिए जाने जाते हैं तथा मेरे छोटे भाई की तरह हैं, पर विभागीय घुटे हुए घाघ अफ़सर तो मगरमच्छ की तरह हैं और पानी में रहना है तो मगरमच्छों से भला कौन बैर मोल ले?

सौ बात की एक बात यह है कि,,, यह हमारी समझ से परे है कि *किसान अपने खुद की जमीन पर,,, अपने खेतों में , अपनी जेब के पैसे से,,, खुद मेहनत करके आकेशिया,नीलगिरी, बांस या फिर कोई भी पेड़ लगाता है, पर जब यह फसल काटने योग्य हो जाती है तो उसको काटने तथा परिवहन के लिए हमें एसडीएम , तहसीलदार, पटवारी, फॉरेस्ट गार्ड, डिप्टी रेंजर, रेंजर डीएफओ आदि की अनुमति आखिर क्यों चाहिए ? इन विभागों के पंजे से तथा इस अनावश्यक शिकंजे से खेती-किसानी और किसान को आज तक आजादी क्यों नहीं मिली? दरअसल इसीलिए किसान पेड़ लगाने से कतराता है। हम भूल गए हैं कि धरती पर जब तक पेड़ हैं तभी तक ऑक्सीजन है। और पैसे डकारने के लिए बनाई गई यही नीति-रीति अगर आगे भी इसी तरह चलते रही तो एक दिन लोग ऑक्सीजन के लिए तड़प तड़प के मरेंगे, जैसे कोरोना के दरमियान लोग मरे थे।

अब जरा और आगे बढ़िए । उद्योग लगाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग की NOC भी चाहिए। परियोजना स्थल हाईवे से 15 किमी दूर, आसपास गाँव तक नहीं फिर भी अनुमति तो लेनी ही पड़ेगी।" अब राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग इतना भारी भरकम और अतिव्यस्त विभाग है कि इनके पास अनापत्ति-पत्र बनाने जैसे तुच्छ कार्य के लिए समय कहां होगा। यह विभाग तो आपको घुमाते घुमाते चक्करघिन्नी बना देगा अब आगे सबसे बड़ी कठिन हिमालयन समस्या है, 'टाउन एंड कंट्री प्लानिंग' की एनओसी हासिल करना। जहां इकाई लग रही है वहां न कोई टाउन है ना आने वाले बीसों साल तक किसी टाउन की प्लानिंग। स्पष्ट है कि लोकेशन शहर से 15 किलोमीटर दूर है, गांव तथा मोहल्ले भी दूर-दूर तक नहीं है। आसपास कोई रिहाइश या घर तक नहीं है।

लेकिन, जनाब चूंकि 'टाउन एंड कंट्री प्लानिंग डिपार्टमेंट' में 'कंट्री' शब्द है, तो फिर देश में कहीं भी कुछ हो, इनकी सहमति तो अनिवार्य है। यह अलग बात की यहां छोटे-मोटे सुविधा शुल्क से काम चलने वाला नहीं इन्हें मोटी रकम डकारने की आदत होती है। यह विभाग तो जैसे सिर्फ पैसा खाने, उगाहने के लिए बना है। इसके शरीर में जितने छेद हैं, यह हर छेद से पैसा ही पैसा खाता है। इसके अधिकारी तो छोड़िए अदने से अदने कर्मचारियों की भी ईमानदारी से जांच की जाए तो उनकी कमाई का अजीर्ण पाया जाना तय है।

जाहिर है यहां भी हमारे नवउद्यमी की दाल नहीं गली। अंतिम काम स्वनामधन्य राजस्व-विभाग का ही था। राजस्व-विभाग मतलब हाथी के पांव में सबका पांव। इस विभाग का हेड जिले का सबसे पावरफुल अधिकारी यानी जिला कलेक्टर होते हैं। बरहाल कलेक्टर साहब से भले आप समय लेकर मिल सकते हैं , पर पटवारी साहब के दर्शन दुर्लभ होते हैं, और तहसीलदार साहब से मिलना तो साक्षात चक्र सुदर्शन धारी भगवान विष्णु की कृपा पाने से भी कठिन है। ये सब महाप्रभु काम करते हुए भले आपको कभी नहीं दिखते नहीं, पर इन सबके पास समय की भारी कमी है या यूँ कहिए कि कमी का बहाना भरपूर है।

हांलांकि ये सभी बेरियर्स पर वाजिब सुविधा शुल्क देने को भी तत्पर थे, पर यहाँ तो सिस्टम ही ऐसा है कि पैसा देने पर भी काम जल्दी नहीं होता। अलिखित नियम है, किसी भी छोटे-छोटे उद्योग को लगाने में आठ–दस महीने की चप्पल घिसाई तो तय है। इस दरम्यान कितने ही नवउद्यमी इनकी तरह निराश होकर उद्योग लगाने का विचार छोड़ देते होंगे। शायद सोचते होंगे "इससे अच्छा तो असंख्य चैनल तथा समाचार पत्रों में से किसी एक का पत्रकार बन जाओ, इन अधिकारियों की खबरें लो और पेट भरो।" खर्चा कुछ नहीं, बस एक अदद स्मार्टफ़ोन चाहिए। या फिर रियल एस्टेट में दलाली करो। जमीन किसी और की, पैसा किसी और का, कमीशन अपना। पर अगर छोटे शहर गांव का कोई नवउद्यमी अपने गांव में सचमुच में कोई 'लघु-उद्योग' लगाना चाहता है तो , ज़मीन का इंतज़ाम, पूंजी का इंतज़ाम, सात विभागों के तिलिस्म को तोड़ना, यह सब एक साथ सफलता पूर्वक कर पाना *अभिमन्यु के चक्रव्यूह से कम नहीं। और यहाँ कुछेक दरवाज़ों की चाबी तो सरकारी विभागों का हर ताला खोलने में अव्वल रहने वाले बेचारे गांधी जी के पास भी नहीं है। सरकार राष्ट्रीय अंतर्राष्ट्रीय इन्वेस्टर मीट आयोजित करती है। देश-विदेश के उद्योगपतियों के लिए लाल कालीन बिछाया जाता है।मुख्यमंत्री और मंत्रीगण बड़े-बड़े उद्योगपतियों से मिलते हैं, उन्हें तमाम तरह की सुविधा देने का वादा करके, समझौते साइन करते हैं। पर शायद ही कभी यह सोचते होंगे कि गांव तहसील स्तर पर एक छोटा सा उद्योग लगाने को इच्छुक एक छोटे उद्यमी को किन परिस्थितियों से गुजरना पड़ता है।

अंततः इन किसानों ने तो 'लघु-उद्योगपति' बनने का विचार त्याग दिया और भारी मन से तय किया कि, अब अपनी कठोर मेहनत से उगाए गए पेड़ों को कलेजे पर पत्थर रखकर औने-पौने बेचकर छुट्टी पाएंगें।

पर अपनी राज्य सरकार से, हमारे सहज सरल मुख्यमंत्री माननीय विष्णुदेव साय जी से पूरी विनम्रता के साथ निवेदन है कि, अगर दसकों से जैविक खेती, प्रदेश तथा देश की खेती किसानी और किसानों के लिए, तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए समर्पित भाव से काम कर रहे किसान भी तमाम कोशिशों के बावजूद अपने ही राज्य में बस्तर जैसे प्राथमिकता प्राप्त क्षेत्र में भी एक छोटा सा उद्योग लगाने की औपचारिकताएँ पूरी करने में ही आठ महीने बिता दें, तो गांव का कोई नवउद्यमी अपने गाँव कस्बे में लघुउद्योग कैसे लगा पाएगा? और यदि 'लकड़ी/वुड प्रसंस्करण' की ऐसी इकाइयों को परमिशन ही नहीं दिया जाना है तो फिर इस नए उद्योग नीति में प्राथमिकता की श्रेणी में इसे रखा ही क्यों गया है?

क्या देश में सिर्फ़ अडानी -अंबानी, टाटा-बिड़ला ही उद्योग जैसे बड़े औद्योगिक घराने तथा बहुराष्ट्रीय कंपनियां ही उद्योग लगाएंगे। क्योंकि उनके पास वकीलों चार्टर्ड अकाउंटेंट्स की फ़ौज है, बड़ी बैंकें उनके आगे-पीछे घूमती हैं, उन्हें रुपया दो रुपया फिट की दर से मुफ्त के भाव में ज़मीनें दे दी जाती है। इतना ही नहीं, इनके उद्योगों के लिए जमीन देने के लिए हमारे यही कलेक्टर साहब, एसडीएम साहब, तहसीलदार साहब, पटवारी साहब सब मिलकर कैम्प लगाते हैं, और दूसरी ओर अपने ही गांव कस्बे में लघु उद्योग लगाने का प्रयास कर रहे ऐसे नवउद्यमी विभिन्न विभागों की चक्की में पिसते रहते हैं।

गाँधीजी के हिंद स्वराज में गाँव आधारित उद्योगों का जो सपना था, वह लालफ़ीताशाही और भ्रष्टाचार की इस व्यवस्था में कहीं खो गया है। सुविधा शुल्क देने पर भी समय पर काम का न होना, या अंततः काम नहीं होना सबसे ज्यादा निराश करता है। लघु-उद्योग दिवस पर यह सवाल सरकार से, व्यवस्था से तथा खुद से पूछना होगा कि क्या हम सचमुच छोटे उद्यमियों के लिए रास्ता आसान कर पाए हैं या नहीं, और ऐसा करना हम सचमुच चाहते भी हैं या नहीं?

**एक नजर**

## मनकेली में युवक की बेरहमी से हत्या



**बीजापुर, 30 अगस्त।** कोतवाली थाना क्षेत्र के ग्राम मनकेली पटेलपारा में बीती रात के एक युवक की बेरहमी से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान सुरेश कोरसा (27 वर्ष), पिता लच्छु कोरसा निवासी मनकेली के रूप में हुई है। सुरेश गांव में दुकान चलता था। घटना की जानकारी मिलते ही बीजापुर पुलिस मौके पर पहुंचकर जांच की प्रक्रिया को शुरू कर किया। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, अज्ञात हमलावरों ने सुरेश की हत्या की है लेकिन सूत्रों के हवाले से बताया जा रहा है कि इस वारदात के पीछे नक्सलियों का हाथ हो सकता है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। घटना ने इलाके में दहशत का माहौल पैदा कर दिया है।

## बीजापुर जिले में अब तक 1169.8 मिमी वर्षा दर्ज

**बीजापुर, 30 अगस्त।** कलेक्टर कार्यालय भू अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के सभी तहसीलों में एक जून से अब तक 1169.8 मिमी. औसत वर्षा दर्ज की गई है। इस दौरान सर्वाधिक 1352.2 मिमी. औसत वर्षा गंगालूर में दर्ज की गई है। इसी तरह बीजापुर में 1350.6 मिमी. वर्षा, भैरमगढ़ में 1321.2 मिमी. वर्षा, कुटरू में 1265.1 मिमी. वर्षा, उसूर में 959.6 मिमी. वर्षा एवं भोपालपटनम में 770.2 वर्षा दर्ज की गई है।

## प्रभारी सचिव ने फुंडरी निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का किया निरीक्षण



**बीजापुर 30 अगस्त।** बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के अवलोकन हेतु पहुंचे जिले के प्रभारी सचिव डॉ. सारांश मित्तर ने भैरमगढ़ ब्लॉक के फुंडरी में निर्माणधीन उच्च स्तरीय पुल का अवलोकन किया, ज्ञात हो कि उक्त पुल का निर्माण अब अंतिम स्तर पर है। नारायणपुर और बीजापुर से आवागमन सुगम होगी वहीं दोनो जिले के दर्जनों गावों और ग्रामीणों को बहुत राहत मिलेगी। डॉ. सारांश मित्तर ने कार्यो में तेजी लाने और गुणवत्तापूर्वक कार्य समय-सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए है। इस दौरान कलेक्टर श्री संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत श्रीमती नम्रता चैबे सहित जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे।

## अति वर्षा प्रभावित ग्रामों में जनप्रतिनिधियों ने किया राहत सामग्री का वितरण



**दंतेवाड़ा, 30 अगस्त।** आज जिले में विगत दिवस हुए भारी बारिश के बाद हुई क्षति से प्रभावितों को प्राथमिक राहत देने के उद्देश्य के तहत ग्राम फुंडरी बड़े तुमनार, बिंजाम, सियानार, बड़ेसुरोखी में राहत सामग्री का वितरण किया गया। इस मौके पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री नंदलाल मुड़ामी, उपाध्यक्ष श्री अरविंद कुजाम, तथा जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा द्वारा ग्रामीणों को शासन द्वारा दी जाने वाली हर संभव मदद हेतु आश्वस्त किया गया।

# गोदावरी-इंद्रावती का कहर

## 57 घंटे से ठप है एनएच-163, यात्रियों की बढ़ी मुश्किलें

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अगस्त।** लगातार हो रही बारिश ने जिले में हालात बिगाड़ दिया हैं। इधर गोदावरी नदी का जलस्तर बढ़ने से नेशनल हाईवे 163 पर टेकुलगुडम के पास पिछले 57 घंटों से यातायात पूरी तरह ठप है। टेकलगुड़ा नाले की पुलिया पर करीब चार फीट पानी भरा हुआ है, जिससे बीजापुर का तेलंगाना से सड़क संपर्क पूरी तरह टूट गया है।

गोदावरी के बैकवॉटर से हाईवे डूब जाने के कारण छत्तीसगढ़ और तेलंगाना दोनों राज्यों का संपर्क बाधित हो गया है। हजारों यात्री और वाहन दोनों ओर फंसे हुए हैं।

परिवहन बंद होने से रोजमर्रा की आपूर्ति भी प्रभावित हो गई है। यात्रियों को खाने-पीने और ठहरने की गंभीर समस्या झेलनी पड़ रही है।

इधर, रामपुरम कैंप के पास इंद्रावती नदी का पानी भी बार-बार सड़क पर चढ़ रहा है। इससे स्थिति और अधिक गंभीर हो गई है। गोदावरी और इंद्रावती दोनों नदियों के जलस्तर में लगातार उतार-चढ़ाव से हा॥ 163 का यातायात स्थिर नहीं रह पा रहा है। कभी सड़क खुल जाती है, तो कुछ ही घंटों बाद फिर से पानी चढ़ने से बंद हो रही है। इस अस्थिर स्थिति से यात्रियों और वाहन चालकों की परेशानी कई गुना बढ़ गई है। लोग जल्द से जल्द राहत की उम्मीद कर रहे हैं, लेकिन फिलहाल नदियों के बढ़ते जलस्तर ने उनकी मुश्किलें और गहरी कर दी हैं।



# नक्सलियों ने शिक्षादूत को फिर बनाया निशाना

## गंगालूर के तोड़का में कल्लू ताती की हत्या

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 30 अगस्त।** जिले में नक्सली वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। गंगालूर थाना क्षेत्र के तोड़का गांव में नक्सलियों ने एक बार फिर शिक्षादूत की बेरहमी से हत्या कर दी। मृतक की पहचान कल्लू ताती के रूप में हुई है, जो गंगालूर क्षेत्र के नेन्द्रा स्कूल में पदस्थ थे। मिली जानकारी के मुताबिक शुक्रवार शाम स्कूल से लौटते समय नक्सलियों ने उनका अपहरण कर लिया था और देर रात उन्हें मौत के घाट उतार दिया। घटना से पूरे इलाके में दहशत का माहौल है।

बस्तर संभाग के दुर्गम और नक्सल प्रभावित इलाकों में लंबे समय तक स्कूल बंद रहे। ऐसे में शासन ने स्थानीय युवाओं को शिक्षादूत के रूप में नियुक्त कर स्कूलों को पुनः संचालित करने का प्रयास किया। उनकी वजह से कई गांवों में शिक्षा की लौ फिर से जली है और बच्चे स्कूल लौटने लगे हैं। बंद पड़े स्कूलों के पुनः संचालन के बाद से अब तक नक्सली कुल 5 शिक्षादूतों की हत्या कर चुके हैं। पुलिस मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा संरक्षण में लूटा जा रहा बीजापुर का संसाधन : विक्रम मंडावी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 30 अगस्त।** जिले में रेत के अवैध उत्खनन और परिवहन का मामला अब खुलकर राजनीतिक तकरार का मुद्दा बन गया है। शुक्रवार को जिला मुख्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता के दौरान कांग्रेस विधायक विक्रम मंडावी ने भाजपा सरकार, जिला प्रशासन और खनिज विभाग पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि भाजपा की डबल इंजन सरकार के संरक्षण में जिले का प्राकृतिक संसाधन खुलेआम लूटा जा रहा है और इसकी कीमत आम जनता चुका रही है। विधायक मंडावी ने कहा कि भोपालपटनम क्षेत्र में कथित भाजपा नेता एवं रेत ठेकेदार गौतम राव के खिलाफ प्रशासन ने 28 लाख रुपये का जुर्माना लगाया था। यह जुर्माना रेत के अवैध भंडारण और परिवहन को लेकर लगाया गया था। लेकिन आज तक न तो यह राशि वसूल की गई और न ही जब्त रेत की नीलामी की गई। इसके



बावजूद ठेकेदार रोजाना दर्जनों ट्रक रेत तेलंगाना और महाराष्ट्र भेज रहा है।

उन्होंने सवाल उठाया कि जब सरकार ने जुर्माना लगाया तो उसे वसूल क्यों नहीं किया गया? जब रेत जब्त की गई तो उसकी नीलामी क्यों नहीं हुई? यह सीधा-सीधा प्रशासन और खनिज विभाग की मिलीभगत का परिणाम है।विधायक ने यह भी आरोप लगाया कि जिले की अधिकांश रेत खदानों का ठेका एक ही व्यक्ति कथित भाजपा नेता गौतम राव को दे दिया गया। उन्होंने कहा कि यह कोई संयोग नहीं है, बल्कि भाजपा सरकार के संरक्षण और उच्चस्तरीय राजनीतिक दबाव का प्रमाण है।

## क्षति का आंकलन कर प्रभावितों को तत्काल आर्थिक सहायता राशि करें जारी : सचिव

### डॉ. कमलप्रीत सिंह ने ली बाढ़ आपदा प्रबंधन की बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**जगदलपुर 30 अगस्त।** सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने कहा कि बाढ़ से प्रभावित परिवारों का सर्वेक्षण एवं क्षति का आंकलन शीघ्र पूरा किया जाए और प्रभावितों को तत्काल आर्थिक सहायता राशि प्रदान की जाए। प्रशासन की प्राथमिकता है कि कोई भी प्रभावित परिवार राहत और सहायता से वंचित न रहे। बस्तर जिले के प्रभारी सचिव डॉ कमलप्रीत सिंह ने शनिवार को जिला कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में चल रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की जानकारी ली और संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। डॉ. सिंह ने कहा



कि पूर्णतरू मकान क्षति के प्रकरणों में आर बी सी 6-4 के तहत त्वरित कार्यवाही करते हुए आगामी दो दिनों में आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाए। प्रभावितों को बॉस बल्ली का वितरण करें ताकि मकान बनाने के लिए सहयोग हो। इसके अलावा फसल हानि का सर्वे करने के निर्देश दिए । राहत शिविरों में भोजन की व्यवस्था लगातार करें और उचित मूल्य की दुकानों में राशन की अतिरिक्त आबंटन कर उपलब्धता सुनिश्चित किया जाए। साथ ही स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था और मेडिकल कैंप स्थापित कर लोगों को आवश्यक उपचार एवं दवाइयाँ उपलब्ध करवाई जाए। इसके अलावा बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में उल्टी दस्त और स्वच्छता संबंधी बीमारियों की संभावना बनी रहती है इस हेतु कार्य योजना बनाकर एक माह तक स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया जाए। उन्होंने क्षतिग्रस्त सड़कों और पुल पुलिया का समीक्षा करते हुए कहा कि सभी जिला मुख्यालय को जोड़ने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग के सड़क से बारह मासी आवागमन सुचारू रहे, विशेषकर सुकमा,दंतेवाड़ा-बीजापुर जिलों से होकर गुजरने वाले सड़क हमेशा कनेक्ट रहना चाहिए। बाढ़ से प्रभावित सड़को के कटे हुए हिस्से को तत्काल दुरुस्त करवाएं।

## वृष्टि प्रभावितों को विधायक ने बांटी राहत सामग्री

**दन्तेवाड़ा 30 अगस्त।** जिला प्रशासन द्वारा प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव सहाय के निर्देशानुसार तत्कालीन सहायता के रूप में आज जिला मुख्यालय के विभिन्न वर्षा प्रभावित वार्ड में राहत सामग्री खाद्यान्न एवं कपड़े तथा दैनिक जरूरतों की वस्तुएं वितरित किए गए। इस क्रम में शनि मंदिर वार्ड क्रमांक 10 के प्रभावितों को विधायक श्री चैतराम अटामी एवं जिला पंचायत अध्यक्ष नंदलाल मुड़ामी द्वारा राहत सामग्री वितरित की गई। ज्ञात हो कि जिला कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत के मार्गदर्शन में प्रशासन की सर्वे टीम द्वारा तत्काल वर्षा प्रभावितों की क्षति का आकलन कर सर्वे सूची तैयार कर लिया गया है जिसके आधार पर उन्हें आज जिला मुख्यालय के चिन्ह अंकित स्थलों पर खाद्यान्न सामग्री सहित अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं के पैकेट वितरित किए जा रहे हैं। देर शाम तक कलेक्टर सहित जिला के उच्च अधिकारियों की टीम जन प्रतिनिधियों,द्वारा मॉनिटरिंग करते हुए स्वयं की उपस्थिति में जुड़ी टिकरापारा सहित शनि मंदिर क्षेत्र में वर्षा प्रभावितों को राहत सामग्री तथा अन्य दैनिक जरूरत की वस्तुओं को वितरित किया गया।

## वर्षा से सर्वाधिक प्रभावित चूड़ी टिकरापारा में देर रात तक पहुंचाई गई राहत सामग्री



**दन्तेवाड़ा, 30 अगस्त।** जिला मुख्यालय के नदी तटीय क्षेत्र चूड़ी टिकरापारा जहां विगत दिवस हुई भारी वर्षा ने तबाही मचाई थी वहां के निवासियों को विगत देर रात्रि जिला प्रशासन द्वारा राहत सामग्री यथा सुखी राशन कपड़े कंबल इत्यादि बांटे गए। इस दौरान जिला प्रशासन का संपूर्ण अमला मुस्तैदी से तैनात रहा कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत ने अपनी देखरेख में ही सामग्रियों को बंटवाया। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुनीता भास्कर, नगर पालिका उपाध्यक्ष श्री कैलाश गुप्ता, जनप्रतिनिधि श्रीमती कमला विनय नाग, जिला पंचायत सीईओ श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पत्र सहित अन्य अधिकारी, कर्मचारी मौजूद रहे।

## छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन, छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच ने आपदा प्रभावितों को एक दिन का वेतन प्रदान किया

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दन्तेवाड़ा, 30 अगस्त।** विगत दिवस दंतेवाड़ा जिले के आये भीषण बाढ़ से जनमानस प्रभावित हुए हैं, जिससे करोड़ों रुपये की संपत्ति का नुकसान हुआ हैं कई घर तबाह हो चुके हैं, इस भयावह परिस्थिति को देखते हुए कर्मचारी अधिकारी संगठनों, छत्तीसगढ़ शिक्षक साझा मंच द्वारा संवेदनशील पहल करते हुए अपने एक दिन का वेतन वेतन सहयोग स्वरूप देने का निर्णय किया गया है।

उल्लेखनीय है कि कलेक्टर श्री कुणाल दुदावत द्वारा भी सहयोग स्वरूप एक दिन का वेतन सहायता स्वरूप दिया जा रहा है। इस प्रकार उपरोक्त कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के तहत दी जा रही सहयोग राशि अनुमानित लगभग डेढ़ करोड़ के लगभग होगी जो प्रभावितों को राहत सामग्री के रूप में प्रदाय की जाएगी। इस दौरान जिला संयोजक छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन श्री अरविंद यादव, जिला महामंत्री, श्री दिलीप शर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी एस.के. अबंस्ट, छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ प्रांत अध्यक्ष श्री संजय सिंह, जिला संचालक श्री अशोक नाग, श्री संतोष मिश्र, श्री उदय शुक्ला सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित थे।



## प्रभारी अधिकारी ने विकास कार्यों का किया अवलोकन

**बीजापुर 30 अगस्त।** बीजापुर प्रवास के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी आकांक्षी जिला श्री अन्बलगन पी ने स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल बीजापुर में एस्ट्रोनॉमी लैब का अवलोकन किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा लैब में उपलब्ध उपकरणों के उपयोग संबंधी जानकारी दी जिसमें ग्रह, नक्षत्रों, ज्वालामुखी, भूकंप, खगोलीय घटनाएं सहित फिजिक्स, कैमिस्ट्री हेतु उपलब्ध उपकरण एवं उपयोग के बारे में बताया गया। जिस पर श्री अन्बलगन पी ने बेहतर शिक्षण व्यवस्था तथा बच्चों के लिए बहुत उपयोगी बताते हुऐ और भी सशक्त माध्यम से पढ़ाने विडियो, विजुअल दिखाने के निर्देश दिए।



सेन्ट्रल लाईब्रेरी में वीआर सेट के माध्यम से देखे विडियो- एस्ट्रोनामी लैब के पश्चात सेन्ट्रल लाईब्रेरी में पुस्तकों के रख-रखाव, लाईब्रेरी का संचालन सहित कम्प्यूटर, प्रशिक्षण प्रतियोगी परीक्षाओं के अभ्यर्थियों की तैयारी का भी जायजा लिया। वहीं जिला प्रशासन द्वारा बनाए गए अत्याधुनिक सेन्ट्रल लाईब्रेरी के गेमिंग जोन, वीआर सेट, टेलिस्कोप का अवलोकन कर वीआर सेट से विडियो भी देखे।

## बलराम जयंती पर किसान दिवस कार्यशाला संपन्न

**बीजापुर 30 अगस्त।** भगवान बलराम जयंती के अवसर पर पनारापारा स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर एवं कृषि विभाग के संयुक्त तत्वाधान में किसान दिवस का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्राकृतिक खेती, गौ वाणिज्य एवं तिलहन उत्पादन विषयों पर एक दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में कृषकों ने भाग लिया। कृषि विज्ञान केन्द्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख अरुण कुमार सकनी ने कृषकों को केन्द्र की विभिन्न गतिविधियों, बीज उत्पादन, नर्सरी उत्पादन, वर्मी कम्पोस्ट, नाडेप टांका निर्माण, मुर्गी पालन आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केन्द्र का मुख्य उद्देश्य नवीन तकनीकों और उन्नत बीजों की जानकारी देकर कृषकों की आय में वृद्धि करना तथा स्व-सहायता समूहों की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में लगातार प्रशिक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाना है। कृषि विभाग के सहायक संचालक उग्रेश देवांगन ने विभागीय योजनाओं व गतिविधियों की जानकारी साझा करते हुए प्राकृतिक खेती पर विशेष जोर दिया। उन्होंने बताया कि जिले के अनेक किसान एवं महिला कृषक अब प्राकृतिक खेती अपना रहे हैं, जिन्हें जीवामृत निर्माण व उसके उपयोग की विधियों का प्रशिक्षण दिया गया। कृषि विज्ञान केन्द्र के कीट विज्ञान विशेषज्ञ अरविन्द आयम ने वर्षा ऋतु में फसलों पर लगने वाले कीट एवं बीमारियों की जानकारी दी।



## भारी बारिश से प्रभावित दंतेवाड़ा में एएम/एनएस इंडिया का राहत अभियान जारी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**दंतेवाड़ा, 30 अगस्त।** लगातार हो रही भारी बारिश और बाढ़ जैसी स्थिति से दंतेवाड़ा जिले के कई गाँव प्रभावित हैं। कई स्थानों का संपर्क मुख्यालय से कट गया है और ग्रामीणों को आवासीय व दैनिक जीवन की गंभीर चुनौतियों का सामना करना पड़ रहा है। ऐसे समय में एएम/एनएस इंडिया ने जिला प्रशासन के साथ मिलकर राहत कार्यों को तेज़ी से आगे बढ़ाया है।

**पहले दिन की पहल**

गुरुवार को जिला कलेक्टर श्री कुनाल दुडावत, सीईओ जिला पंचायत श्री जयंत नाहटा, अपर कलेक्टर श्री राजेश पत्रे, विधायक श्री चैतराम अटामी, तहसीलदार श्री गोवर्धन साहू, एसडीएम श्री मूलचंद चोपड़ा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री आर.के. बर्मन, जीएम एएम/एनएस इंडिया श्री आई.वी.वी.एस. प्रसाद तथा सीएसआर टीम के प्रतिनिधियों की मौजूदगी में राहत सामग्री प्रशासन को सौंपी गई। इस दौरान सैकड़ों प्रभावित परिवारों तक किट पहुँचाई गई।

**अब तक 2000 से अधिक राहत किट वितरित**



**दूसरे दिन की कार्यवाही**

शुक्रवार को भी राहत अभियान जारी रहा। जिला प्रशासन के समन्वय से दंतेवाड़ा शहर व आसपास के वार्डों में जरूरतमंद परिवारों को राहत किटें वितरित की गईं। इस मौके पर जीएम एएम/एनएस इंडिया श्री प्रसाद स्वयं उपस्थित रहे और जिला प्रशासन एवं जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर वितरण कार्य की निगरानी की।

दो दिनों में एएम/एनएस इंडिया द्वारा जिला प्रशासन को कुल 2000 राहत किट सौंपे जा चुके हैं। इन किटों में प्रभावित परिवारों की ज़रूरत को ध्यान में रखते हुए कंबल, गाउन, निकर और टी-शर्ट जैसी उपयोगी सामग्री शामिल है। यह सहायता विशेषकर बच्चों और बुज़ुर्गों के लिए राहत का बड़ा साधन साबित हो रही है। स्थानीय ग्रामीणों ने राहत सामग्री मिलने पर प्रशासन और कंपनी का आभार जताया। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश से उत्पन्न कठिनाई के बीच यह सहयोग उनके लिए बड़ी मदद और उम्मीद लेकर आया है।

एएम/एनएस इंडिया लंबे समय से सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत आपदा के समय प्रशासन के साथ मिलकर प्रभावित समुदायों की मदद करता रहा है। दंतेवाड़ा में जारी राहत अभियान इसी प्रतिबद्धता का एक और उदाहरण है।

## अधिकारी ने किया दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र का अवलोकन

**बीजापुर 30 अगस्त।** अपने प्रवास के दौरान केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी श्री अन्बलगन पी ने दिव्यांग पुनर्वास केन्द्र समर्थ बीजापुर का अवलोकन कर दिव्यांग बच्चों को दी जाने वाली सुविधाओं का अवलोकन किया जिसमें विभिन्न प्रकार के दिव्यांग बच्चों को उनके दिव्यांगता के आधार पर दी जाने वाली सुविधा फिजियोथेपी, खेल-कुद, शिक्षा, भोजन तथा अन्य सुविधाओं के बारे में जानकारी ली।इस दौरान दिव्यांग बच्चों ने सुंदर एवं मनमोहक नृत्य की प्रस्तुति दी जिस पर केन्द्रीय प्रभारी अधिकारी श्री अन्बलगन पी ने बच्चों के प्रस्तुति की प्रशंसा करते हुऐ फल एवं चाकलेट वितरण किया। तत्पश्चात राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में खेलो इंडिया तीरंदाजी, लघु केन्द्र पहुंचकर तीरंदाजी के तीनों विधा इंडियन रिकर्व कंपाउंड की जानकारी ली तथा स्वयं श्री तीरंदाजी किया।

## किरंदुल में राष्ट्रीय खेल दिवस पर सद्भावना साइकिल यात्रा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**किरंदुल, 30 अगस्त।** औद्योगिक नगर किरंदुल में राष्ट्रीय खेल दिवस (29 अगस्त) के अवसर पर इंटक यूनियन के तत्वाधान में नगर परिवार द्वारा भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत फुटबॉल ग्राउंड, किरंदुल से विशाल सद्भावना साइकिल यात्रा के रूप में हुई, जिसमें बड़ी संख्या में नगरवासियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। यह यात्रा खेल भावना और एकता का संदेश देते हुए नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित श्रमिक सदन, इंटक भवन पहुंची। यहाँ शाम 7 बजे वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों के सम्मान में भव्य समारोह आयोजित किया गया। खिलाड़ियों के प्रति नगरवासियों और यूनियन पदाधिकारियों ने गहरी श्रद्धा और कृतज्ञता प्रकट की।



शाम 5 बजे फुटबॉल ग्राउंड, किरंदुल से विशाल सद्भावना साइकिल यात्रा निकाली गई। साइकिल यात्रा नगर के मुख्य मार्गों से होते हुए बस स्टैंड स्थित श्रमिक सदन, इंटक भवन में संपन्न हुई। शाम 7 बजे वरिष्ठ हॉकी खिलाड़ियों का भव्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया। खिलाड़ियों को सम्मानित कर उनके योगदान के प्रति नगरवासियों और यूनियन पदाधिकारियों ने कृतज्ञता प्रकट की। इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिक मीडिया और प्रेस के पत्रकार बंधुओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य खेल भावना, सद्भावना और एकता का संदेश नगर में फैलाना रहा। इस आयोजन ने नगरवासियों को खेल और खिलाड़ियों के प्रति सम्मान की भावना से प्रेरित किया तथा राष्ट्रीय खेल दिवस को यादगार बना दिया।

## एक नजर

### रजत महोत्सव अंतर्गत पीएम मातृ वंदना योजना के तहत किया गया रजिस्ट्रेशन

**जशपुर, 30 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव के अवसर पर महिला बाल विकास विभाग के आंगनबाड़ी केंद्रों में पोषण मेला, महिला जागृति शिविर, बाल मेला, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर परियोजना पत्थलगांव के सेक्टर करमीटिकरा के आंगनबाड़ी केंद्र पकरीढाप में बाल मेला का आयोजन किया गया। जिसमें बच्चों के द्वारा चित्र निर्माण, छोटा बड़ा अक्षर पहचान प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसके अतिरिक्त विभिन्न खेलकूद एवं खिलौना निर्माण भी किया गया। इसमें आंगनबाड़ी के बच्चों ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया।

इसी प्रकार पुराइनबंध सेक्टर में बैठक लेकर प्रथम गर्भवती माताओं और शिशुवती माताओं को पोषण आहार की जानकारी देते हुए पोषक ट्रैकर ऐप्प के माध्यम से आवेदन भरने हेतु मापदण्ड के अनुसार माताओं का नाम वार जानकारी प्राप्त कर प्रथम गर्भाधान करने वाली 07 आवेदिकाओं को चिन्हांकित करते हुए प्रधानमंत्री मातृ वंदना अंतर्गत उनका आवेदन भरा गया और अन्य महिलाओं को भी योजना की जानकारी दी गयी।

### प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन के लिए 4 लाख की राशि स्वीकृत

**जशपुरनगर, 30 अगस्त ।** कलेक्टर श्री रोहित व्यास ने प्राकृतिक आपदा में जनहानि के एक मामले में प्रभावित परिजन को आर.बी.सी. 6-4 के तहत् 04 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृत दी है। मनोरा तहसील अंतर्गत ग्राम गुल्लू निवासी एतवा राम का नदी के पानी में डूबने से 22 मई 2024 को मृत्यु हो गई। मृतक के निकटतम वारिस उनके पत्नी एतवारी बाई हेतु 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गई है।

### क्षमा, अहिंसा और मैत्री का पावन पर्व है संवत्सरी : रंजना साहू

**धमतरी, 30 अगस्त ।** जैन समाज द्वारा पर्युषण पर्व के समापन के अवसर पर संवत्सरी का पर्व मनाते हुए नगर में शोभायात्रा निकाली गई जिसका स्वागत करने भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक रंजना साहू सहित भाजपाई सदर बाजार पहुंचे और संवत्सरी पर्व पर जैन समाज के पूज्य म सा एवं साधकों से आशीर्वाद लिया और आत्मशुद्धि के पावन महापर्व पर्यूषण के पुनीत अवसर पर जाने-अनजाने, मन-वचन और काया से हुई भूलों से आपका मन दुखा हो तो उत्तम क्षमा सह सभी को मिच्छामी दुक्कड़म कहा, प्रेस नोट जारी करते हुए भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती साहू ने कहा संवत्सरी का पर्व क्षमा,अहिंसा एवं मैत्री का पावन पर्व है,आइए, कटुता का परित्याग कर प्रेम, करुणा और क्षमा के आलोक से एक नव जीवनयात्रा आरम्भ करें।

### जिले में शुरू होगी गौधाम योजना

**रायपुर, 30 अगस्त।** हाईवे और शहरी सड़कों पर आवारा मवेशियों के कारण हो रहे लगातार सड़क हादसों पर अब प्रशासन ने सख्त कदम उठाया है। शासन के निर्देशानुसार मनेंद्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर जिले के निष्क्रिय गौठानों को अब गौधाम के रूप में विकसित किया जाएगा। इन गौधामों में मवेशियों को सुरक्षित रूप से रखा जाएगा ताकि वे सड़कों पर न भटकें और लोगों की जान खतरे में न पड़े। शासन ने हाल ही में वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से सभी कलेक्टरों को निर्देश दिए हैं कि राष्ट्रीय राजमार्ग और प्रमुख मार्गों पर विचरने वाले मवेशियों को नजदीकी ग्राम पंचायतों में बने गौधामों में रखा जाए। इसके लिए प्रत्येक ग्राम पंचायत में समितियां गठित कर उनकी निगरानी सुनिश्चित करने के आदेश दिए गए हैं। विदित हो कि दूध देना बंद करने के बाद कई पशुपालक अपने मवेशियों को सड़कों और कचरा स्थलों पर छोड़ देते हैं। इसके चलते यह मवेशी अक्सर हाईवे पर आकर हादसों का कारण बनते हैं। कई बार वाहनों की ठोकर से मवेशी असमय मौत के शिकार हो जाते हैं, वहीं हादसों में वाहन चालकों की भी जान चली जाती है। हाल ही में एक सड़क हादसे में बाइक सवार की मौत भी हो चुकी है।

### सीएससी केंद्रों पर श्रमिक पंजीयन शुल्क से अधिक वसूली पर होगी कार्रवाई

**महासमुंद, 30 अगस्त ।** श्रमायुक्त छत्तीसगढ़ से प्राप्त जानकारी अनुसार कुछ सीएससी (कॉमन सर्विस सेंटर) संचालक श्रम विभाग के अधीन संचालित मंडलों में श्रमिकों के पंजीयन व योजना आवेदन के लिए विभाग द्वारा अनुमोदित शुल्क से अधिक राशि वसूल किया जा रहा हैं। निर्धारित शुल्क के अनुसार श्रमिक पंजीयन हेतु 30 रुपए तथा योजना आवेदन हेतु 20 रुपए निर्धारित है। इसके बावजूद कुछ सीएससी संचालकों द्वारा पंजीयन/आवेदन योजना करने के लिए श्रमिकों से 1000 से 1500 रुपए तक लिया जा रहा है।श्रम पदाधिकारी ने निर्देशानुसार जिले के सभी सीएससी केंद्रों पर शुल्क संबंधी सूचना अनिवार्य रूप से प्रदर्शित करने और श्रमिकों से केवल निर्धारित राशि लिए जाने निर्देश दिए गए हैं।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान अंतर्गत मोहला में हुई क्विज प्रतियोगिता

**मोहला 30 अगस्त ।** राष्ट्रीय आविष्कार अभियान कार्यक्रम अंतर्गत विकासखंड मोहला में स्कूली बच्चों के लिए क्विज प्रतियोगिता आयोजित किया गया। प्रतियोगिता विज्ञान एवं गणित विषय पर बच्चों की रुचि बढ़ाने तथा विषय अध्ययन को प्रोत्साहित करने के लिए आयोजित किया गया था। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता पूर्व माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्तर पर आयोजित की गई। जिसमें 10 से अधिक प्रतिभागी टीम उपस्थित रहे।आयोजन के नोडल व्याख्याता श्री जसवंत कुमार मंडावी ने बताया कि राष्ट्रीय आविष्कार अभियान एक ऐसा कार्यक्रम है।

धुएं से मुक्ति और आहार से बच्चों को मिल रही शक्ति

# आंगनबाड़ी और स्कूल में गैस चूल्हे की व्यवस्था से बन रही सेहत

**कोरबा 30 अगस्त।** जिले में संचालित आंगनबाड़ी और प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी अब पहले से बहुत खुश है। समय पर स्कूल तथा आंगनबाड़ी खुलने के साथ यहां मिलने वाले नाश्ते खीर, पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया और सेवईयां और भोजन से उन्हें ऊर्जा मिल रही है, वहीं गैस सिलेण्डर की व्यवस्था से आंगनबाड़ी सहित स्कूलों में भोजन पकाने के दौरान उत्पन्न होने वाले धुएं से भी मुक्ति मिल गई है। इससे विद्यार्थियों से लेकर रसोईयों तक को राहत मिली है।



मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के निर्देश और मंत्री श्री लखनलाल देवांगन के मार्गदर्शन में कलेक्टर श्री अजीत वसंत ने कोरबा जिले के सभी आंगनबाड़ी और प्राइमरी तथा मिडिल स्कूलों में सुबह के नाश्ते की व्यवस्था डीएमएफ से की है। नाश्ते और सिलेण्डर की व्यवस्था ने आंगनबाड़ी तथा विद्यालय आने वाले बच्चों की रूचि बढ़ा दी है। अलग-अलग दिनों में निर्धारित मेनू के आधार पर उन्हें नाश्ता और भोजन परोसा जाता है। नाश्ते में खीर, पूड़ी, हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया दी जाती है। विद्यार्थी नाश्ता खाने बहुत उत्सुक रहते हैं और समय पर विद्यालय भी पहुंच जाते हैं। पोड़ी उपरोड़ा विकासखण्ड के अंतर्गत आने वाले ग्राम धोबघाट प्राथमिक शाला में कक्षा एक की छात्रा प्रियांशी,छात्र विनय, कक्षा दो की नेहा, तीसरी की रोशनी, नर्मदा, कक्षा पांचवी के भूपेश ने बताया कि आज नाश्ते में अलग-अलग दिनों में उन्हें अलग-अलग खाने को मिलता है। खीर, पूड़ी,हलवा, खिचड़ी, पोहा, भजिया और सेवईयां मिलती है। विद्यालय में प्रधानपाठक चैनसिंह पुहुप ने बताया कि नाश्ते का प्रभाव बच्चों पर पड़ा है। उन्होंने यह भी बताया कि सिलेण्डर की व्यवस्था होने से गैस में जल्दी खाना पक जाता है। नाश्ता हो या मध्यान्ह भोजन दोनों को पकाने में आसानी हो गई है। कोरबा विकासखण्ड के अंतर्गत दूरस्थ ग्राम लामपहाड़ में निवास करने वाले पहाड़ी कोरवा बच्चों में भी नाश्ते का प्रभाव पड़ा है। आंगनबाड़ी केंद्र हो या स्कूल दोनों स्थानों पर उनकी उपस्थिति नजर आती है। अन्य दिनों में सुबह से ही अपने परिवार के सदस्यों के साथ जंगल की ओर प्रस्थान कर जाने वाले पहाड़ी कोरवा बच्चे अब समय से पहले स्कूल पहुंचते हैं। आंगनबाड़ी लामपहाड़ की कार्यकर्ता सुशीला तिर्की और सहायिका सुलोचनी यादव बताती है कि केंद्र में ज्यादातर बच्चे पहाड़ी कोरवा जनजाति के है। कई बच्चों को घर पर पर्याप्त आहार उपलब्ध नहीं हो पाता, ऐसे में नाश्ता और भोजन उनके शारीरिक विकास के लिए उपयोगी साबित हो रहा है। उन्होंने बताया कि सुबह 10 बजे के आसपास नाश्ता देने के साथ ही दोपहर को एक बजे भोजन दिया जाता है। आंगनबाड़ी में आने वाले पहाड़ी कोरवा बच्चों सम्पति, रवीना, सुखमनिया, सुशील, कविता ने बताया कि उन्होंने सुबह नाश्ते में दलिया खाया और दोपहर को दाल, भात और सब्जी खाई है।

# खाद की कालाबाजारी पर बड़ी कार्रवाई

### कई कृषि केन्द्रों पर छापे, ढेरों अनियमितताएं उजागर

**धमतरी,30 अगस्त।** किसानों को उर्वरक उचित दर और सुगमता से उपलब्ध कराने के लिए कृषि विभाग ने जिले में विशेष अभियान तेज कर दिया है। संचालक कृषि राहुल देव के मार्गदर्शन और कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में उप संचालक कृषि सहित उर्वरक, बीज एवं कीटनाशी निरीक्षकों की टीम ने जिलेभर में औचक निरीक्षण किया। इस दौरान कई विक्रय केन्द्रों की गतिविधियों की गहन समीक्षा की गई।



जिले के लगभग डेढ़ दर्जन से अधिक कृषि केन्द्रों एवं विक्रय परिसरों में छापामार कार्यवाही की गई। इनमें प्रमुख निजी विक्रय केन्द्र–मेसर्स महावर ब्रदर्स कुरूद, मेसर्स नेतराम कृषि केन्द्र मंदरौद, मेसर्स प्रेम कृषि केन्द्र मंदरौद, मेसर्स माँ चण्डी कृषि केन्द्र कुरूद, मेसर्स मधु ट्रेडर्स कुरूद, मेसर्स लक्ष्मी कृषि केन्द्र कोकड़ी, मेसर्स शुभम ट्रेडर्स कोकड़ी और मेसर्स महामाया कृषि केन्द्र संबलपुर शामिल रहे। जांच में कई जगह अव्यवस्था और अनियमितता पाई गई, वहीं कुछ प्रतिष्ठानों में कालातीत कीटनाशक भी बरामद हुए।दोषी पाए गए विक्रेताओं पर कृषि विभाग ने कठोर कदम उठाए। मेसर्स किसान ट्रेडर्स कुरूद, मेसर्स नेतराम कृषि केन्द्र मंदरौद और मेसर्स प्रेम कृषि केन्द्र मंदरौद को कारण बताओ नोटिस जारी कर विक्रय प्रतिबंध की कार्यवाही की गई। वहीं, मेसर्स माँ चण्डी कृषि केन्द्र कुरूद में कालातीत कीटनाशक मिलने पर तत्काल प्रभाव से निलंबन करते हुए विक्रय प्रतिबंध लागू कर दिया गया।कृषि विभाग ने सभी कृषि केन्द्रों और विक्रेताओं को सख्त निर्देश दिए हैं कि उर्वरक का विक्रय केवल अनुशंसित दर पर ही किया जाए। किसानों की सुविधा और अधिकारों की रक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता होगी। विभागीय अधिकारी लगातार मॉनिटरिंग और औचक निरीक्षण करते रहेंगे ताकि कालाबाज़ारी या अनुशासनहीन गतिविधियों पर तुरंत रोक लग सके। उप संचालक कृषि ने किसानों से अपील की है कि यदि कहीं उर्वरक अधिक दाम पर बेचे जाने या किसी भी प्रकार की गड़बड़ी की जानकारी मिलती है, तो इसकी सूचना तुरंत नजदीकी कृषि विभाग कार्यालय में दें। यह अभियान न केवल विक्रेताओं को अनुशासित करेगा बल्कि किसानों को समय पर और निर्धारित मूल्य पर खाद उपलब्ध कराने में भी सहायक सिद्ध होगा।

### बिहान ने खोली आत्मनिर्भरता की राह, फिरोजा बनी लखपति दीदी

**मोहला 30 अगस्त ।** राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश की महिलाएं अपनी मेहनत से आत्मनिर्भरता की रोज नई मिसाल पेश कर रही हैं। ऐसी ही कहानी विकासखंड अंबागढ़ चौकी की है, जहां कभी सीमित आय और संसाधनों के बीच संघर्ष करने वाली फिरोजा खान बिहान से जुड़कर लखपति दीदी बन चुकी है। आज उन्होंने न केवल अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को बेहतर बनाया, बल्कि अपने गांव और समाज में भी अपनी एक नई पहचान बनाई है।

## समाचार संक्षेप

### शिक्षा में मेंटरशिप सामाजिक न्याय और समान अवसर का मजबूत आधार: ओपी चौधरी

**रायपुर, 30 अगस्त ।** नीति आयोग ने छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में विषय पर राष्ट्रीय परामर्श कार्यशाला आयोजित की। इस कार्यशाला का उद्देश्य राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 की भावना को मूर्त रूप देते हुए शिक्षा व्यवस्था को अधिक न्यायपूर्ण और समावेशी बनाने में मेंटरशिप की भूमिका पर गहन विचार-विमर्श कर राष्ट्रीय फ्रेमवर्क बनाना है। विशेषज्ञों, नीति निर्माताओं और हितधारकों ने शिक्षा में समानता लाने, ड्रॉपआउट दर घटाने और युवाओं को अवसरों से जोड़ने के लिए अपने अनुभव साझा किए। विशेष अतिथि के रूप में वित्त मंत्री श्री ओ. पी. चौधरी ने कहा कि शिक्षा में समानता और सशक्तिकरण की दिशा में मेंटरशिप की भूमिका निर्णायक है। उन्होंने बताया कि यह कार्यशाला स्कूल शिक्षा, उच्च शिक्षा और कौशल विकास पर केंद्रित है। यह साझा राष्ट्रीय ढांचा तैयार करने का अवसर है, जो विकसित भारत के सपने को साकार करने में मदद करेगा। उन्होंने छत्तीसगढ़ की जनसांख्यिकीय ताकत पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश की औसत आयु 28 वर्ष है, जबकि छत्तीसगढ़ की औसत आयु मात्र 24 वर्ष है। यह हमारी सबसे बड़ी शक्ति है, हमें युवाओं को अर्थव्यवस्था से जोड़ना होगा,

### एनएसयूआई ने वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान की शुरुवात की

**धमतरी, 30 अगस्त ।** एनएसयूआई धमतरी द्वारा जिले के सबसे बड़े महाविद्यालय बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में वोट चोरी विरोधी पोस्टकार्ड अभियान की शुरुआत की गई। इस अभियान का शुभारंभ एनएसयूआई जिलाध्यक्ष राजा देवांगन के नेतृत्व में हुआ। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र पर हो रहे हमले और वोट चोरी के खिलाफयह लड़ाई निर्णायक है और इसमें छात्रों-युवाओं की भूमिका सबसे अहम है। जिलाध्यक्ष ने बताया कि जिलेभर में यह अभियान चलाया जाएगा।5000 से अधिक पोस्टकार्ड राष्ट्रपति के नाम भेजने का लक्ष्य रखा गया है,लगातार एक सप्ताह तक जिले के सभी महाविद्यालयों में यह कार्यक्रम होगा। बीसीएस पीजी कॉलेज धमतरी में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर इस अभियान में हिस्सा लिया और अपना समर्थन दिया। छात्रों ने सवाल उठाया कि अगर सबकुछ सही है तो चुनाव आयोग डिजिटल वोटर लिस्ट सार्वजनिक करने से क्यों कतरा रहा है। जिला उपाध्यक्ष नमन बंजारे ने कहा की यह आंदोलन छात्रों-युवाओं की आवाज है और जब तक वोट चोरी की सच्चाई उजागर नहीं होगी, तब तक लड़ाई जारी रहेगी। राहुल गांधी के नेतृत्व में चल रही वोट चोरी के तहत वोटर अधिकार यात्रा से प्रेरित होकर एनएसयूआई ने इस अभियान को आगे बढ़ाया है।एनएसयूआई संकल्पित है लोकतंत्र बचाने और युवाओं का भविष्य सुरक्षित करने ।बिहार से उठी इस लड़ाई को पूरे देश में फैलाने । हर कॉलेज, हर यूनिवर्सिटी में वोट चोरी विरोधी आवाज बुलंद करने। इस दौरान मनीष साहू ,सुनील सिन्हा ,धीरज सोनकर ,गेवेन्द्र साहू ,भौमिक नाग ,मनोज खरे ,मानव महिलांगे ,लक्की ,लक्ष्मी ओझा ,मुस्कान ध्रुव ,गौतम यादव सहित दर्जनों कॉलेज के छात्र उपस्थित रहे।

# राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर वैद्य कार्यशाला कराने का प्रस्ताव : विकास मरकाम

**धमतरी-नगरी, 30 अगस्त ।** धमतरी जिला के नगरी विकासखंड के कोटेश्वर धाम में 28 अगस्त को वैद्यराज संगठन के तत्वाधान में ऋषिपंचमी महोत्सव बड़े ही धुमधाम से मनाया गया। वहीं इस आयोजन में प्रदेश छ.ग.औषधि पादक बोर्ड के सीईओ चन्द्रशेखर सिंह राव का बहुत अच्छा मार्गदर्शन भी रहा।

छ.ग.औषधि पादक बोर्ड के प्रदेश अध्यक्ष विकास मरकाम इस दौरान अपने उद्बोधन में सेवा कार्य और परांपरिक व्यवस्था को पीढी दर पीढी संरक्षित रखने के लिए वैद्य संघ के सदस्यों को शुभकामनाऐं प्रदान की और अगामी दिनों में राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर बोर्ड के व्दारा वैद्य कार्यशाला करवाने की योजना बताया।साथ ही पादक बोर्ड से हर जिले के वैद्य को जोड़कर प्रशासनिक सहयोग प्रदाय करना भी बताया।प्राचीन परंपरा ऋषि-मुनि व्दारा जड़ीबुटी से ही उपचार किया करते थे।और ओ परंपरा आज भी प्रभावशाली है अपनी विरासत और पारंपारिक उपचार प्रणाली पर हमें गर्व होना चाहिए कहा।छत्तीसगढ़ वैद्यराज संगठन के अध्यक्ष दशरत नेताम ने बताया के प्रतिवर्ष ऋषि पंचमी संगठन व्दारा मनाया जाता है पर्व मनाने का उद्देश छत्तीसगढ के तमाम वैद्य सदस्यों को एक मंच के माध्यम से जोड़कर रखना है और छत्तीसगढ की परांपरिक आयुर्वेद परंपरा से लोगों की सेवा करना है संगठन की सदस्यों को सरकार की विभागीय योजनाओं का लाभ के साथ शासन की विभागीय मार्गदर्शन भी प्राप्त करना है।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि छ.ग.औषधि पादक बोर्ड एवं आदिवासी स्थानीय स्वास्थ्य परंपरा के चेयरमेन विकास मरकाम थे अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष अरुण सार्वा ने की, विशेष पहुना क्षेत्रीय विधायक अंम्बिका मरकाम सिहावा विधानसभा क्षेत्र,जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहु,अजय ध्रुव जिला पंचायत सदस्य,महेश गोटा अध्यक्ष जनपद-पंचायत नगरी रहे। कार्यक्रम की शुभारंभ ऋषि परंपरा अनुसार तमाम अतिथियों का स्वागत व्दार से मंच तक आदिवासी परांपरिक मांदरी नृत्य से स्वागत किया गया।इस दौरान भीमा कोटेश्वर बाबा की सभी अतिथियों को पुजारी व्दारा विधिविधान से पुजा अर्चना कराया गया।उसके उपरांत ऋषि परंपरा अनुसार छत्तीसगढ के विभिन्न जिलों से कार्यक्रम में पहुंचे वैद्यराज की उपस्थिति में जड़ीबुटी के साथ आराध्य देव शक्तियों की पूजा अर्चना के साथ कार्यक्रम की शुभारंभ हुई।परंपरा अनुसार जड़ी बूटी से बनाया गया प्रसाद तमाम अतिथियों को वितरण भी किया गया।

# कुत्ते के भौंकने को लेकर हुए विवाद में युवक की हत्या

**रायगढ़, 30 अगस्त ।** छत्तीसगढ़ के रायगढ़ जिले के तमनार थाना क्षेत्र के दांदरी गांव में कुत्ते के भौंकने को लेकर हुए विवाद की एक युवक की जान चली गई।

मिली जानकारी के अनुसार 25 वर्षीय सुजीत खलखो नामक युवक अपने एक रिश्तेदार के यहाँ खाना खाने गया था। रात करीब 8:30 बजे, तीन लोग अचानक वहाँ पहुँचे और सुजीत पर धारदार टांगी (कुल्हाड़ी) से हमला कर दिया। सुजीत के चाचा सुरेश मिंज ने बीच-बचाव करने की कोशिश की, जिससे उन्हें भी गंभीर चोटें आईं। हमले में सुजीत की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही तमनार पुलिस मौके पर पहुँची और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिगों सहित तीन आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की और बाद में उन्हें गिरफ्तार कर लिया।बताया जाता है कि इस घटना की वजह कुछ दिन पहले हुआ एक विवाद था। सुजीत अपने कुत्ते को घुमा रहा था, और उसके कुत्ते के भौंकने पर कुछ लोगों से उसकी बहस हो गई। इस बहस में गाली-गलौज भी हुई। पुलिस का कहना है कि मृतक और आरोपियों के बीच पहले से ही पुराना विवाद चल रहा था, और इसी तनाव के कारण आरोपियों ने इस जघन्य हत्या को अंजाम दिया।

### आयुक्त सहकारिता कुलदीप शर्मा ने जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक का निरीक्षण

**जगदलपुर, 30 अगस्त।** आयुक्त सहकारिता एवं पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ श्री कुलदीप शर्मा द्वारा शुक्रवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित जगदलपुर का औचक निरीक्षण गया। इस दौरान उन्होंने शाखा जगदलपुर में उपस्थित खातेदारों एवं हितग्राहियों से संवाद कर बैंक द्वारा उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली तथा 10 हितग्राहियों को एटीएम कार्ड प्रदान कर उन्हें डिजिटल लेनदेन हेतु प्रोत्साहित किया । इस अवसर पर एक पेड़ माँ के नाम पर आयुक्त सहकारिता ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं सामाजिक उत्तरदायित्व का संदेश दिया। निरीक्षण उपरांत श्री शर्मा ने विभागीय समीक्षा बैठक लेकर विभिन्न योजनाओं एवं गतिविधियों की प्रगति का अवलोकन किया तथा समीक्षा के दौरान मुख्य रूप से सहकार से समृद्धि अभियान के अंतर्गत पैक्स कम्प्यूटराईजेशन, प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र स्थापना, कॉमन सर्विस सेंटर की कार्य प्रगति, माइक्रो एटीएम ट्रांजेक्शन की स्थिति, नवीन समितियों का सहकार से समृद्धि अभियान के लक्ष्यों को निर्धारित समयावधि में गुणवत्तापूर्ण रूप से पूर्ण करने अधिकारियों को निर्देश दिए।

# लाखों रुपए की सागौन लकड़ी वन विभाग ने किया जब्त



**केशकाल, 30 अगस्त।** वन संपदा की अवैध तस्करी पर शिकंजा कसते हुए पुलिस और वन विभाग की संयुक्त टीम ने बड़ी कार्रवाई की है। केशकाल वनमंडल के बड़ेराजपुर परिक्षेत्र अंतर्गत विश्रामपुरी इलाके में 28 अगस्त को गश्ती के दौरान अवैध रूप से काटे गए सागौन के लट्ठे बरामद किए गए।पुलिस टीम ने जंगल से मिले सागौन लट्ठों को वाहन क्रमांक सीजी 03-9778 में जब्त कर थाना विश्रामपुरी लाकर वन विभाग को सूचना दी। वनकर्मियों ने मौके पर पहुंचकर लकड़ी की माप-जांच की और कुल 11 नग सागौन लट्ठे (1.553 घन मीटर) को विधिवत जब्त किया। बरामद लकड़ी को सुरक्षा में लेकर उपभोक्ता डिपो केशकाल भेजा गया।इसी बीच, केशकाल परिक्षेत्र अंतर्गत कोहकामेटा के पास आकस्मिक वाहन जांच के दौरान एक संदिग्ध वाहन को रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस-वनकर्मी टीम को देखते ही चालक वाहन छोड़कर मौके से फरार हो गया। वाहन में रखी सागौन लकड़ी को जब्त कर सुरक्षित रूप से केशकाल वन डिपो में जमा कराया गया।वन विभाग ने अज्ञात व्यक्तियों के खिलाफ वन अपराध प्रकरण दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि वनों की अवैध कटाई और तस्करी में संलिप्त लोगों के खिलाफ सख्त कदम उठाए जाते रहेंगे।

### कलेक्टर ने दृष्टि रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

**मोहला 30 अगस्त ।** जिले में राष्ट्रीय अंधत्व नियंत्रण एवं अल्प दृष्टि कार्यक्रम की शुरुआत की गई, जो आगामी 8 सितंबर तक चलेगी। कार्यक्रम के तहत दृष्टि रथ को कलेक्टर श्रीमती तुलिका प्रजापति ने आज कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. विजय खोब्रागड़े, जिला नोडल अधिकारी अंधत्व नियंत्रण डॉ.आरआर धुर्वे, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. राकेश वर्मा, नेत्र सहायक अधिकारी वीरेंद्र महंत, आकाश साहु, दुर्गेश वर्मा सहायक नोडल विष्णु गुप्ता एवं डार्विन देवांगन उपस्थित रहें।

# घर में घुसकर मारपीट करने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार



**सक्ती,30 अगस्त।** सक्ती जिले में पुलिस ने घर में घुसकर मारपीट करने और जान से मारने की धमकी देने वाले तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है। आरोपी काफी समय से फरार चल रहे थे। मामला सक्ती थाना क्षेत्र का है।

जानकारी के अनुसार, झूलकदम निवासी पीड़ित पुरुषोत्तम बरेठ ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि 14 मई 2025 की रात 11 बजे बस स्टैंड सक्ती पर उसके पुराने दोस्त अरुण श्रीवास, मनोज श्रीवास और रोशन सिंह प्रधान से विवाद हुआ था। इसके बाद 15 मई की रात करीब 12-30 बजे तीनों आरोपी उसके घर की दीवार कूदकर अंदर घुसे और गाली-गलौज करते हुए मारपीट करने लगे। पीड़ित के शोर मचाने पर उसकी मां रामबाई, पिता कोमल कुमार और भाई भरत लाल बचाने आए तो आरोपियों ने उसकी मां के साथ भी मारपीट की।मामले में थाना सक्ती पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की थी। घटना के बाद से आरोपी फरार थे। लगातार खोजबीन के दौरान 29 अगस्त को पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी अपने घर में मौजूद हैं। इस पर पुलिस ने घेराबंदी कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

# गलत के विरूद्ध आवाज उठाने पर नपं अध्यक्ष पर की गई कार्रवाई: विनोद चंद्राकर

**महासमुंद,30 अगस्त।** नगर पंचायत तुमगाँव के निर्वाचित अध्यक्ष बलरामकांत साहू के विरूद्ध पुलिस की दमनात्मक कार्रवाई की निंदा करते हुए पूर्व संसदीय सचिव छ.ग. शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवन लाल चंद्राकर ने इसे भाजपा सरकार की तानाशाहीपूर्ण रवैया बताया है। श्री चंद्राकर ने कहा कि उपरोक्त कार्रवाई से स्पष्ट है, कि भाजपा सरकार में हो रही अवैधानिक गतिविधियों के विरूध्द कोई भी जनप्रतिनिधि या आम नागरिक आवाज उठाता है, तो इसी तरह उसकी आवाज को दबाकर गिरफ्तार कर जेल भेजा जाता है। यह घटना इसका उदाहरण है, इससे स्पष्ट है कि नगर पंचायत तुमगांव क्षेत्र अंतर्गत संचालित अवैध गतिविधियां पुलिस के संरक्षण में चल रहीं हैं। तभी तो विरोध करने वाले के ही आवाज दबाने यह गिरफ्तारी की गई। इस कार्रवाई से भाजपा सरकार का चेहरा सामने आ गया है।



पूर्व संसदीय सचिव ने कहा कि नगर पंचायत तुमगांव में लगातार देह व्यापार एवं अवैध शराब बिक्री की शिकायत आम जनता द्वारा किया जा रहा है। जिससे सभ्य नागरिक एवं महिलाओं का घरों से निकलना दुभर हो गया है। पूर्व में कांग्रेस शासनकाल में तुमगांव में अवैध रूप से देह व्यापार की शिकायत पर कार्यवाही करते हुये अवैधानिक मकानों को कब्जामुक्त कराया गया था। जिससे देह व्यापार में अंकुश लगा था। वर्तमान में यह धंधा जोरों से फल-फूल रहा है, नगर पंचायत तुमगांव के प्रथम नागरिक एवं अध्यक्ष बलरामकांत साहू द्वारा जब इसमें अंकुश लगाने एवं देह व्यापार बंद करने पार्षदों एवं गणमान्य नागरिकों के साथ थाना पहुँचकर ज्ञापन दिये और 24 घंटे का अल्टीमेटम देते हुये कहा गया था कि यदि देह व्यापार तुमगांव में बंद नहीं किया गया, तो थाना तुमगांव का घेराव किया जाएगा। इस पर पुलिस प्रशासन द्वारा अवैध देह व्यापार करने वालों के माध्यम से नगर पंचायत अध्यक्ष के विरूध्द ही एफ.आई.आर. कर दी गई। जबकि होना यह चाहिये था, कि पुलिस अवैध देह व्यापार पर रोक लगाती। लेकिन ऐसा न कर अध्यक्ष के विरूध्द ही प्रथम सूचना पत्र दर्ज कर ली गई। एफआईआर के बाद पुलिस प्रशासन द्वारा अत्यधिक पुलिस बल के साथ नगर पंचायत तुमगांव के अध्यक्ष बलरामकांत साहू के घर घूसकर बालात उठाकर थाना तुमगांव ले गये। यहां तक कि थाना तुमगांव में न रखते हुये अध्यक्ष को अन्य थाने में भेज दिया गया। इससे यह प्रमाणित होता है कि शासन व पुलिस प्रशासन के शह पर तुमगाँव में सारे अवैध गतिविधियाँ संचालित की जा रही है। तुमगांव नपं अध्यक्ष के विरूद्ध की गई कार्रवाई मानवाधिकार का खुला उल्लंघन है।

### विधायक ने बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई

**महासमुंद 30 अगस्त ।** जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह अगस्त-सितम्बर 2025 का शुभारम्भ विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा द्वारा बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाकर किया गया। जिला स्तरीय शिशु संरक्षण माह का आयोजन आज शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नयापारा महासमुंद में किया गया। शुभारम्भ अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष श्री निखिलकांत साहू, विधायक प्रतिनिधि श्री अग्रज शर्मा, पूर्व पार्षद श्री संदीप घोष द्वारा भी बच्चों को विटामिन ए की दवा पिलाई गई।

एक नजर

## थप्पड़ कांड के वीडियो पर भड़कीं श्रीसंत की पत्नी

### बोलीं- ललित मोदी-क्लार्क को शर्म आनी चाहिए



**जालंधर, 30 अगस्त।** पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह और एस. श्रीसंत का थप्पड़ कांड 17 साल बाद फिर सुर्खियों में है। IPL के पूर्व चेयरमैन ललित मोदी ने हरभजन सिंह का श्रीसंत को थप्पड़ मारते का वीडियो जारी किया। इस पर श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ललित मोदी और ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क पर भड़की हैं। उन्होंने कहा कि ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्मा आनी चाहिए। 2008 की घटना को घसीटकर पुराने जख्म कुरेद रहे हैं।

बता दें कि IPL के पहले सीजन में मुंबई इंडियंस और किंग्स इलेवन पंजाब (अब पंजाब किंग्स) के बीच खेले गए मैच में यह घटना घटी थी। ललित मोदी ने पहली बार यह फुटेज ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान माइकल क्लार्क के पॉडकास्ट में दिखाया है। ललित मोदी ने कहा कि यह वीडियो पहले कभी सार्वजनिक नहीं हुआ था।

ललित मोदी और क्लार्क को शर्म आनी चाहिए: श्रीसंत की पत्नी भुवनेश्वरी ने इंस्टाग्राम पर स्टोरी पर लिखा- ललित मोदी और माइकल क्लार्क को शर्म आनी चाहिए। आप लोग इंसान नहीं हैं। सस्ती लोकप्रियता पाने के लिए 2008 की घटना को घसीट रहे हैं।

### केंद्रीय राज्यमंत्री ने किया अंतर ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ

# सीपत में कबड्डी से गूंजा एनटीपीसी का मैदान

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बिलासपुर, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय खेल दिवस के अवसर पर एनटीपीसी सीपत में सांसद खेल महोत्सव अभियान का आगाज़ हुआ। अंतर ग्रामीण कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (आवासन एवं शहरी कार्य मंत्रालय) एवं सांसद बिलासपुर श्री तोखन साहू ने मशाल प्रज्वलित कर किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में एनटीपीसी सीपत के कार्यकारी निदेशक एवं परियोजना प्रमुख श्री विजय कृष्ण पाण्डेय उपस्थित रहे।

मेजर ध्यानचंद की जयंती पर आयोजित इस अवसर पर संबोधित करते हुए श्री साहू ने कहा कि सांसद खेल महोत्सव केवल प्रतियोगिता नहीं बल्कि युवाओं के नेतृत्व कौशल, टीम भावना और खेल प्रतिभा को निखारने का मंच है। राष्ट्र निर्माण के लिए स्वस्थ और फिट युवा आवश्यक हैं, क्योंकि खेल ही सशक्त भारत की नींव रखते हैं।

उन्होंने केंद्र सरकार की पहलें फिट इंडिया और खेलो इंडिया का उल्लेख करते हुए बताया कि इन्हीं प्रयासों से आज भारतीय खिलाड़ी एशियाई खेलों, कॉमनवेल्थ और ओलंपिक में सफलता की नई कहानियां लिख रहे हैं।

सांसद खेल महोत्सव का यह आयोजन 29 अगस्त से शुरू होकर 20 सितंबर तक चलेगा। इसके बाद 21 सितंबर से 25 दिसंबर तक विभिन्न खेल प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी।



उद्घाटन के बाद केंद्रीय राज्यमंत्री ने खिलाड़ियों और दर्शकों को राष्ट्रीय खेल दिवस की शपथ दिलाई, जिसमें शारीरिक रूप से फिट, मानसिक रूप से मजबूत और भावनात्मक रूप से संतुलित रहने का संकल्प लिया गया।

प्रतियोगिता में परियोजना प्रभावित आठ गांवों–रांक, सीपत, गतौरा, कर्रा, देवरी, कौड़िया, रलिया और जांजी की आठ टीमों के 96 खिलाड़ियों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबला सीपत की स्वामी विवेकानंद क्लब और रलिया की शिव शक्ति क्लब के बीच खेला गया। रोमांचक मुकाबले में रलिया ने सीपत को 62-23 से हराकर खिताब अपने नाम किया। विजेता टीम रलिया और उपविजेता सीपत को श्री पाण्डेय ने ट्रॉफी भेंट कर सम्मानित किया।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि खेल में जीत-हार से बढ़कर खेल भावना और भागीदारी महत्वपूर्ण है। सभी गांवों के खिलाड़ी फिट इंडिया अभियान का हिस्सा बनकर प्रेरणा बने हैं।

कार्यक्रम में पूर्व मंत्री डॉ. कृष्ण मूर्ति बांधी, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जनपद प्रतिनिधि, सभी सरपंच, मीडिया प्रतिनिधि सहित एनटीपीसी सीपत के वरिष्ठ अधिकारी, कर्मचारी, यूनियन-एसोसिएशन प्रतिनिधि एवं स्पोर्ट्स काउंसिल सदस्य मौजूद रहे। इस बार आयोजन की थीम थी–'खेलही गांव, बढ़ही गांव'।

## एक साल बाद ही राहुल द्रविड़ ने छोड़ा राजस्थान रॉयल्स का साथ, मुख्य कोच पद से हटे



**नई दिल्ली, 30 अगस्त।** राहुल द्रविड़ ने आईपीएल फ्रेंचाइजी राजस्थान रॉयल्स का साथ छोड़ दिया है। फ्रेंचाइजी ने शनिवार को इस बात की पुष्टि की है कि द्रविड़ और टीम का साथ समाप्त हो गया है। राजस्थान ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए इसकी पुष्टि की है। राजस्थान ने बताया कि आईपीएल 2026 सीजन से पहले द्रविड़ ने फ्रेंचाइजी के मुख्य कोच के रूप में अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है।

द्रविड़ पिछले साल सितंबर में राजस्थान के मुख्य कोच नियुक्त किए गए थे। द्रविड़ ने भारतीय टीम को 2024 टी20 विश्व कप का विजेता बनाने के बाद राजस्थान रॉयल्स से करार किया था। पूर्व बल्लेबाज राहुल द्रविड़ का राजस्थान रॉयल्स से पुराना रिश्ता रहा है। वह आईपीएल में इस टीम की कप्तानी भी कर चुके हैं। उनके नेतृत्व में राजस्थान ने 2012 और 2013 में खेला था। वहीं, 2014 और 2015 में वह टीम के मेंटर भी रहे। इसके बाद 2016 में दिग्गज दिल्ली डेयरडेविल्स (अब कैपिटल्स) से जुड़ गए थे। द्रविड़ दोबारा राजस्थान फ्रेंचाइजी से जुड़े थे, लेकिन इस बार उनका सफर पूरे एक साल भी नहीं चल सका।

राजस्थान रॉयल्स का प्रदर्शन आईपीएल 2025 में अच्छा नहीं रहा था और वह प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी थी। द्रविड़ के मुख्य कोच के रूप में टीम से जुड़ने के बाद राजस्थान को काफी उम्मीदें थी, लेकिन टीम उम्मीद के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर सकी थी। राजस्थान की टीम पिछले आईपीएल सीजन में 14 मैचों में चार जीत और 10 हार के साथ आठ अंक लेकर नौवें स्थान पर रही थी। राजस्थान ने सिर्फएक बार आईपीएल का खिताब जीता है। 2008 के पहले संस्करण में टीम दिग्गज लेग स्पिनर शेन वॉर्न की अगुआई में चेन्नई सुपर किंग्स को हराकर चैंपियन बनी थी और तब से उसका खिताब सूखा जारी है।

राजस्थान ने बयान जारी कर कहा, राजस्थान रॉयल्स से घोषणा करती है कि आईपीएळ 2026 से पहले मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने अपना कार्यकाल पूरा कर लिया है। द्रविड़ कई वर्षों तक रॉयल्स के सफर का महत्वपूर्ण हिस्सा रहे हैं। उनकी लीडरशीप ने कई खिलाड़ियों पर प्रभाव छोड़ा है। फ्रेंचाइजी संरचनात्मक समीक्षा के हिस्से के रूप में राहुल को फ्रेंचाइजी में एक बड़े पद की पेशकश की गई थी, लेकिन उन्होंने इसे स्वीकार नहीं करने का फैसला किया है।

# एशिया कप के मैचों का टाइम बदला

### 7:30 की बजाए 8 बजे से शुरू होगा मैच, यूएई में गर्मी की वजह से किया गया बदलाव

**नई दिल्ली, 30 अगस्त।** क्रिकेट एशिया कप 2026 के मैचों के शुरू होने का टाइम बदल दिया गया है। मुकाबले की शुरुआत अब शाम 7.30 बजे की जगह रात 8 बजे से होगी। यह फैसला यूएई में काफी गर्म कंडीशन को देखते हुए लिया गया है।

एशिया कप की शुरुआत 9 सितंबर से यूएई में होगी। इस टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबला 28 सितंबर को खेला जाएगा। ये टूर्नामेंट इस बार टी-20 फॉर्मेट में खेला जाएगा। एशिया कप 2025 की मेजबानी भारत को मिली है, लेकिन भारत-पाकिस्तान के खराब संबंध के कारण यह न्यूट्रल वेन्यू पर खेला जाएगा।



**ब्रॉडकास्टर्स ने मंजूरी दे दी**

सितंबर में जब यूएई में टूर्नामेंट खेला जाएगा। उस समय दिन के दौरान तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंचने और देर शाम तक ऐसे ही रहने की उम्मीद है। इतनी भीषण गर्मी में खेलने से बचने के लिए क्रिकेट बोर्ड्स ने मैचों के समय को थोड़ा आगे बढ़ाने का अनुरोध किया था। ब्रॉडकास्टर्स से यह अनुरोध किया गया और उन्होंने बदलावों पर मंजूरी दे दी।

भारत, पाकिस्तान, ओमान और यूएई को एक ही ग्रुप में रखा गया है। श्रीलंका, बांग्लादेश, अफगानिस्तान और हॉन्ग कॉन्ग ग्रुप-बी में हैं। ग्रुप में सभी टीमें एक-दूसरे के खिलाफ 1-1 मैच खेलेंगी। भारत 10 सितंबर को यूएई, 14 को पाकिस्तान और 19 को ओमान से भिड़ेगा।

भारत और पाकिस्तान ने अगर सुपर-4 स्टेज में जगह बनाई तो दोनों टीमें फिर एक बार 21 सितंबर को आमने-सामने होंगी। टूर्नामेंट का फाइनल 28 सितंबर को खेला जाएगा। भारत और पाकिस्तान ने सुपर-4 स्टेज में टॉप किया तो दोनों के बीच टूर्नामेंट में तीसरा मुकाबला भी हो सकता है।

### वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप

# सात्विक-चिराग की जोड़ी सेमीफाइनल में

**पेरिस, 30 अगस्त।** भारत के सात्विक साईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की जोड़ी ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप में मेडल पक्का कर दिया है। मेंस डबल्स में भारतीय जोड़ी ने शनिवार को क्वार्टर फाइनल मुकाबले में मलेशिया की जोड़ी आरोन चिया और सोह वुई यिक को 21-12, 21-19 से हराया। यह मलेशियाई जोड़ी के खिलाफ सात्विक-चिराग की 15 मैचों में से केवल चौथी जीत है। इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी सेमीफाइनल में पहुंच गई और मेडल भी पक्का कर लिया।

यह पेरिस में चल रहे चैंपियनशिप के मौजूदा सीजन में भारत का पहला मेडल है, जबकि इस जोड़ी का इस टूर्नामेंट में दूसरा मेडल है। सात्विक-चिराग ने 2022 के सीजन में ब्रॉन्ज मेडल जीता था। तब यह जोड़ी सेमीफाइनल में इसी मलेशियाई जोड़ी से हारकर बाहर हुई थी।



इस जीत के साथ भारतीय जोड़ी ने न केवल अपनी पेरिस ओलिंपिक 2024 क्वार्टर फाइनल हार का बदला लिया, बल्कि इस टूर्नामेंट में 2011 से अब तक हर वर्ल्ड चैंपियनशिप में भारत के मेडल जीतने की परंपरा भी कायम रखी।

वर्ल्ड रैंकिंग में 9वें स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने मैच की शुरुआत शानदार अंदाज में की। पहले गेम में लंबी और फ्लैट रैलियों में अंक हासिल करते हुए उन्होंने 11-6 की बढ़त बना ली। मलेशियाई जोड़ी इस अंतर को पाटने में नाकाम रही और सात्विक-चिराग ने पहला गेम आसानी से 21-12 से जीत लिया। दूसरे गेम में भारतीय खिलाड़ियों ने आक्रामक खेल दिखाया और मलेशियाई जोड़ी को बैक कोर्ट में धकेल दिया। सोह वुई यिक कई बार बैकहैंड पर नेट में फंस गए, जिससे भारतीय जोड़ी को फायदा हुआ। मध्य-गेम अंतराल तक सात्विक और चिराग 17-11 से आगे थे, लेकिन इसके बाद मलेशियाई जोड़ी ने वापसी की कोशिश की और फ्लैट शॉट्स और नेट के पास खेलकर स्कोर को 19-19 पर बराबर कर दिया। भारतीय जोड़ी ने दबाव में शानदार खेल दिखाया और आखिरी के निर्णायक अंक जीतकर गेम 21-19 से अपने नाम किया।

## व्यापार

### अमेजन फ्रेश के लोकल डिलाइट्स स्टोर के साथ स्थानीय स्वाद का लुत्फ उठाएं

**नई दिल्ली, 30 अगस्त।** भारत में खानपान की परंपरा सदियों पुरानी है। इसी खानपान का आनंद उठाने के लिए ही 'लोकल डिलाइट्स स्टोर' का खासतौर पर तैयार किया गया है. 170 से भी ज़्यादा शहरों में उपलब्ध इस स्टोर पर त्योहारों से जुड़ी सभी जरूरी चीज़ें, हर राज्य के खास व्यंजन और रोजमर्रा के सामान - बेहतरीन कीमतों पर और सिर्फ2 घंटे में आपके घर पर उपलब्ध होगी। अमेजन पे के साथ और भी ज़्यादा बचत करें। इसके साथ ही तेज डिलीवरी का फायदा उठा सकते हैं, जिससे उनके लिए त्योहारी खरीदारी और भी आसान और फायदेमंद बन जाती है।

### टोयोटा अर्बन क्रूजर टाइजर अब सभी वैरिएंट्स में



**बेंगलुरु, 30 अगस्त।** टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपनी लोकप्रिय कॉम्पैक्ट एसयूवी अर्बन क्रूज़र टाइज़र के लिए दो अहम अपग्रेड की घोषणा की। कंपनी ने नया ब्लूइश ब्लैक एक्सटीरियर कलर पेश किया है और सभी वैरिएंट्स में स्टैंडर्ड तौर पर छह एयरबैग्स शामिल किए हैं। टोयोटा हमेशा ग्राहकों को सबसे अधिक महत्व देता है और उसकी सोच बेहतर से बेहतर कारें प्रदान करने पर केंद्रित रहती है। टाइज़र के डायनैमिक और युवा आकर्षण को बढ़ाते हुए, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने चुनिंदा वैरिएंट्स में नया ब्लूइश ब्लैक एक्सटीरियर कलर जोड़ा है। यह प्रीमियम शेड एसयूवी की सड़क पर उपस्थिति को और निखारता है, ग्राहकों को एक ताज़ा विकल्प देता है, जिसमें शालीनता और स्पोर्टी लुक का बेहतरीन मिश्रण है। यह नया रंग दर्शाता है कि टोयोटा ग्राहकों की बदलती जीवनशैली और कॉम्पैक्ट एसयूवी खरीदारों में पर्सनलाइजेशन की बढ़ती मांग को भली-भांति समझता है। नए स्टैंडर्ड एयरबैग सिस्टम में डुअल फ्रंट एयरबैग्स, दो साइड एयरबैग्स और दो कर्टन एयरबैग्स शामिल हैं, जो विभिन्न ड्राइविंग परिस्थितियों में 360-डिग्री सुरक्षा सुनिश्चित करते हैं। यह पहल टोयोटा के वैश्विक सुरक्षा दृष्टिकोण को दर्शाती है और खासतौर पर कॉम्पैक्ट एसयूवी सेगमेंट में सुरक्षित ड्राइविंग के लिए ग्राहकों की बढ़ती अपेक्षाओं का जवाब देती है।

# वैश्विक प्रदर्शनियों में भागीदारी के लिए निर्यातकों को 2500 करोड़ मिलने चाहिए : जीटीआरआई

**नई दिल्ली, 30 अगस्त।** ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा है कि पिछले वर्षों में केवल 250 करोड़ रुपये के मामूली बजट के साथ, यह योजना 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ही बहुत छोटी थी। इसे सालाना 2,500 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ फिर से शुरू किया जाना चाहिए।

सरकार को बाजार पहुंच पहल (एमएआई) के तहत वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के लिए निर्यातकों को 2,500 करोड़ रुपये आवंटित करने पर विचार करना चाहिए। एमएआई को इस वित्त वर्ष में कोई धनराशि नहीं मिली है। आर्थिक थिंक टैंक जीटीआरआई ने निर्यात संवर्धन निधि में गिरावट पर चिंता व्यक्त करते हुए यह बात कही है। जीटीआरआई ने कहा कि निर्यातकों ने अप्रैल से अगस्त के बीच वैश्विक प्रदर्शनियों में भाग लेने के महत्वपूर्ण अवसर गंवा दिए हैं।



ग्लोबल ट्रेड रिसर्च इनिशिएटिव (जीटीआरआई) के संस्थापक अजय श्रीवास्तव ने कहा, पिछले वर्षों में केवल 250 करोड़ रुपये के मामूली बजट के साथ, यह योजना 440 अरब डॉलर से अधिक की निर्यात अर्थव्यवस्था के लिए पहले से ही बहुत छोटी थी। इसे सालाना 2,500 करोड़ रुपये के बड़े बजट के साथ फिर से शुरू किया जाना चाहिए। इसमें कम से कम एक साल पहले धनराशि जारी की जानी चाहिए ताकि भारतीय फर्मों को वैश्विक मेलों में उच्च-दृश्यता वाले स्लॉट सुरक्षित करने का मौका मिल सके। उन्होंने अमेरिका द्वारा भारतीय वस्तुओं पर लगाए गए 50 प्रतिशत टैरिफ के बीच निर्यात को बढ़ावा देने के लिए ब्याज समानीकरण योजना (आईईएस) को फिर से शुरू करने, निर्यात संवर्धन मिशन (ईपीएम) को तुरंत लागू करने और ई-कॉमर्स निर्यात केंद्रों की स्थापना का भी आह्वान किया। इसके अलावा, श्रीवास्तव ने सीमा शुल्क निकासी में तेजी लाने, निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना के लाभों को पूर्वानुमानित बनाने और अग्रिम प्राधिकरण योजना को सरल बनाने की सिफारिश की।

# मुकेश अंबानी ने एआई की दुनिया में भारत को 'किंग' बनाने के लिए लॉन्च की 'रिलायंस इंटेलिजेंस

**मुंबई, 30 अगस्त।** रिलायंस इंडस्ट्रीज की वार्षिक आम बैठक में चेयरमैन मुकेश अंबानी ने एक ऐतिहासिक घोषणा करते हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (AI) के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत की है। उन्होंने रिलायंस की पूर्ण स्वामित्व वाली एक नई सहायक कंपनी 'रिलायंस इंटेलिजेंस' के गठन का ऐलान किया। इस कंपनी का एकमात्र और सबसे बड़ा लक्ष्य भारत को AI की दुनिया में एक वैश्विक नेता के रूप में स्थापित करना है।




AGM में शेयरधारकों को संबोधित करते हुए मुकेश अंबानी ने कहा, मुझे गर्व है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पहले से ही रिलायंस के डीप-टेक बिजनेस को बदल रहा है। इस एजेंडे को और भी अधिक फोकस और गति देने के लिए, आज मुझे 'रिलायंस इंटेलिजेंस' नामक एक नई पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी के गठन की घोषणा करते हुए खुशी और सम्मान का अनुभव हो रहा है। मुकेश अंबानी ने बताया कि यह नई कंपनी मुख्य रूप से चार क्षेत्रों पर फोकस करेगी। कंपनी देश भर में ट्रेनिंग और प्रोसेसिंग के लिए गीगावाट-स्केल के विशाल डेटा सेंटर बनाएगी। ये डेटा सेंटर पूरी तरह से नवीकरणीय ऊर्जा से चलेंगे। गुजरात के जामनगर में इन सेंटरों का निर्माण कार्य पहले ही शुरू हो चुका है। रिलायंस इंटेलिजेंस दुनिया की सबसे बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों और ओपन-सोर्स कम्युनिटीज के साथ मिलकर काम करेगी, ताकि भारत के लिए विश्वसनीय और सुरक्षित AI सिस्टम विकसित किए जा सकें। कंपनी का लक्ष्य आम लोगों, छोटे व्यापारियों और बड़े उद्योगों तक आसान और भरोसेमंद सेवाएं पहुंचाना होगा। इसके साथ ही, शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि जैसे राष्ट्रीय महत्व के क्षेत्रों के लिए विशेष AI-आधारित समाधान तैयार किए जाएंगे। रिलायंस इंटेलिजेंस एक ऐसा मंच तैयार करेगा, जहां दुनिया भर के बेस्ट रिसर्चर, इंजीनियर और डिजाइनर मिलकर काम कर सकें और नए विचारों को इनोवेशन में बदल सकें, जो भारत और दुनिया के काम आएं।

# विदेशी मुद्रा व्यापार से 5-6 प्र. मासिक रिटर्न का वादा कर जुटाए 394 करोड़ रुपये, अब ईडी ने की कुर्की

**चंडीगढ़, 30 अगस्त।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी), चंडीगढ़ जोनल कार्यालय ने धन शोधन निवारण अधिनियम (पीएमएलए), 2002 के तहत 26.08.2025 को एक अनंतिम कुर्की आदेश (पीएओ) जारी किया है, जिसमें क्यूएफएक्स/वाईएफएक्स/यॉर्करएफएक्स/बॉटब्रो घोटाला मामले में आरोपी व्यक्तियों, एजेंटों और उनके परिवार के सदस्यों से संबंधित 9.31 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की गई है। इन घोटालों को नवाब उर्फ लवीश चौधरी ने राजेंद्र कुमार सूद और अन्य के साथ मिलकर अंजाम दिया था।

कुर्क की गई संपत्तियों में 45 अचल संपत्तियां शामिल हैं, जिनमें आवासीय फ्लैट, प्लॉट और कृषि भूमि शामिल हैं। ये संपत्तियां, विभिन्न राज्यों जैसे उत्तर प्रदेश, पंजाब, हरियाणा और हिमाचल प्रदेश में फैली हुई हैं। इसके अलावा बैंक बैलेंस के रूप में चल संपत्ति भी शामिल है। जांच से पता चला है कि ये संपत्तियां 2019 और 2025 के बीच घोटाले की अवधि के दौरान अपराध की आय (पीओसी) का उपयोग करके कई बैंक खातों के माध्यम से अर्जित की गई थी।

ईडी के अनुसार, पीएओ में विस्तृत कार्यप्रणाली एक विशिष्ट पोंजी-सह-एमएलएम योजना को दर्शाती है, जहां निवेशकों के धन को विभिन्न बैंक खातों के माध्यम से डायवर्ट किया गया है। अंत में उन्हें अचल संपत्ति और पारिवारिक संपत्ति में स्थानांतरित कर दिया गया। क्यूएफएक्स समूह ने विदेशी मुद्रा व्यापार के माध्यम से उच्च मासिक रिटर्न (5-6त्न) का वादा करके निवेशकों को आकर्षित किया। हालांकि इस योजना में वास्तविक तौर पर कोई व्यापार नहीं हुआ। निवेशकों का पैसा, पीओसी क्यूएफएक्स समूह की संस्थाओं जैसे कि क्यूएफएक्स डिजिटल सर्विसेज, क्यूएफएक्स एजुकेशन, एटलांट्योर स्पोर्ट्स एंड मीडिया प्राइवेट लिमिटेड, आदि से संबंधित कई बैंक खातों में वितरित किया गया था।

इसके बाद इन खातों में जमा राशि को आरोपियों, उनके परिवार के सदस्यों और एजेंटों, जैसे केवल किशन, दिनेश कुमार चोपड़ा, चमन लाल, साजिद अली, राशिद अली आदि के खातों में स्थानांतरित कर दिया गया था। पीएओ इस मामले में ईडी की 11.02.2025 और 04.07.2025 को की गई कार्रवाई के सिलसिले में आया है, जब क्यूएफएक्स ग्रुप ऑफ कंपनीज, उसके प्रमोटरों और एजेंटों से जुड़े विभिन्न स्थानों पर तलाशी ली गई थी। उस कार्रवाई के दौरान, ईडी ने 394 करोड़ रुपये के अपराध की आय 'पीओसी' वाले 194 खच्चर बैंक खातों को अस्थायी रूप से कुर्क किया था, जिनकी पहचान पीओसी के लिए लेयरिंग के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले क्यूएफएक्स के लॉन्ड्रिंग नेटवर्क के हिस्से के रूप में की गई थी।

## खेल की शक्ति का जश्न मना रहा एचडीएफसी बैंक

**मुंबई, 30 अगस्त।** हॉकी के दिग्गज मेजर ध्यानचंद के सम्मान में मनाए जाने वाले राष्ट्रीय खेल दिवस पर, एचडीएफसी बैंक परिवर्तन प्रेरणा और उत्थान के लिए खेल की शक्ति का जश्न मना रहा है। बैंक की कॉर्पोरेट सामाजिक उत्तरदायित्व (सीएसआर) पहल 38 महिला एथलीटों को उनके सपनों को साकार करने में मदद के साथ साथ स्थानीय खेल सुविधाओं में सुधार और अधिक युवाओं को खेलों में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित कर रही है। बैंक अब तक खेलों के माध्यम से 5000 से अधिक व्यक्तियों को प्रभावित कर चुका है। एचडीएफसी बैंक ने गोस्पोर्ट्स फाउंडेशन के साथ अपनी साझेदारी के माध्यम से महिला एथलीटों को सशक्त बनाने के लिए 2022 में अनस्टॉपेबल - करके दिखाऊँगी (यूकेडी) कार्यक्रम शुरू किया। यूकेडी कार्यक्रम ने 2022 में अपनी शुरुआत के बाद से छह खेलों में 38 महिला एथलीटों को सहायता प्रदान की है: भारोत्तोलन, एथलेटिक्स, तैराकी, बैडमिंटन, तीरंदाजी और टेबल टेनिस। इन एथलीटों ने सामूहिक रूप से उल्लेखनीय सफलता हासिल की है और 97 स्वर्ण, 56 रजत और 51 कांस्य सहित कुल 204 पदक जीते हैं। इनमें से 36 पदक अंतर्राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में अर्जित किए गए, जिससे उनकी वैश्विक क्षमता का प्रदर्शन हुआ। प्रशिक्षण, खेल विज्ञान शिक्षा, प्रतियोगिता अनुभव और वित्तीय सहायता जैसे समग्र समर्थन प्रदान करके, यह कार्यक्रम बाधाओं को तोड़ने और भारतीय खेलों में महिला रोल मॉडल की एक नई पीढ़ी का निर्माण करने का प्रयास कर रहा है।

## एक नजर

### पीएम के जन्मदिन पर 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक लगेंगे रक्तदान शिविर

**रायपुर, 30 अगस्त।** देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी के 17 सितंबर को जन्मदिवस के अवसर पर रक्तदान शिविरों का आयोजन राज्य में जिला मुख्यालयों स्थित भाजपा कार्यालयों में किया जाएगा। मिली जानकारी के अनुसार 17 सितंबर से दो अक्टूबर के मध्य उक्त रक्तदान शिविरों का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव ने प्रदेश के समस्त भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में आयोजित रक्तदान शिविर में अपनी भागीदारी देने की अपील की है। ज्ञातव्य है कि रक्तदान से बीमार मरीजों को जहां राहत मिलती है वहीं जीवन बचाने की संतुष्टि भी रक्तदाता को प्राप्त होती है।

### आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर राजधानी में होगें अनेक कार्यक्रम

**रायपुर, 30 अगस्त।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ अपना शताब्दी वर्ष मना रहा है। राजधानी रायपुर के प्रमुख के अनुसार विजयादशमी के अवसर पर राजधानी में आकर्षक परेड के साथ साथ प्रदर्शन किया जाएगा। रायपुर इकाई के प्रमुख महेश बिरला ने बताया कि राज्य में शताब्दी वर्ष के अवसर पर रायपुर नगर के सभी 130 मंडल के पदाधिकारी भाग लेंगे। विजयादशमी के अवसर पर आकर्षक बेंड के साथ गणवेष पहलकर कार्यकर्ता विभिन्न मार्गों से निकलेंगे। आरएसएस की स्थापना स्व. केशवराम बलीराम हेगड़ेवार ने की थी। इस समय मोहन भागवत संघ के प्रमुख है। संघ एक प्रमुख सामाजिक संगठन है जिसके कई प्रकल्प है। जिसमें शिक्षा मजदूर, बुद्धजीवी तथा राजनीतिक के प्रकल्प संचालित हो रहे है। धर्मांतरण को रोकने तथा हिंदूओं में अलख जगाने का काम आरएसएस बखुबी कर रहा है।

### 9 सालों से न्याय की आस, अपोलो में लापरवाही से हुई थी मौत, परिवार स्वास्थ्य मंत्री से मिला

**रायपुर, 30 अगस्त।** बिलासपुर के अपोलो हॉस्पिटल में कथित चिकित्सकीय लापरवाही के चलते 26 दिसंबर 2016 को गुरवीन सिंह उर्फ गोल्डी छाबड़ा की मौत हो गई थी। परिजन तब से लेकर अब तक इस मामले में न्याय की गुहार लगाते आ रहे हैं, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। न्याय की इस लंबी लड़ाई से थके मृतक के पिता और भाई गुरुवार को रायपुर पहुंचे और स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात की। उन्होंने दोषी डॉक्टरों के पंजीयन रद्द करने और अस्पताल को सील करने की मांग की। परिजन ने स्वास्थ्य मंत्री को 'अंतिम पत्र' सौंपते हुए कहा कि अब उनकी उम्मीदें लगभग खत्म हो गई हैं। मृतक के पिता ने पत्र में लिखा है कि पिछले नौ वर्षों से वे न्याय की उम्मीद में बार-बार अधिकारियों के पास गए, कई पत्र लिखे और मदद की गुहार लगाई, लेकिन कहीं से भी संतोषजनक जवाब नहीं मिला।

### चाकू लेकर घूम रहा युवक पकड़ाया

**रायपुर, 30 अगस्त।** राजधानी की पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को गिरफ्तार किया है तथा उसके पास से एक धारदार चाकू बरामद किया है। मिली जानकारी के अनुसार दिनांक 29.08.2025 को मुखबिर से सूचना मिली कि महाराजबंद तालाब के पास एक व्यक्ति अवैध रूप से चाकू रखकर संदिग्ध रूप से घूम रहा है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए पुलिस ने मौक पर पहुंची जहां पुलिस को देख एक युवक भागने की कोशिश करने लगा जिसे पुलिस ने तत्परता से पकड़ लिया तथा उसकी तलाशी ली तो उसके पास से अवैध रूप से एक नग लोहे का चाकू रखा मिला। पुछताछ में युवक ने अपना नाम अल्ताफखान उर्फबाबू पिता स्वर्गीय अब्दुल हमीद उम्र 23 वर्ष निवासी बंधवा तालाब के पास थाना पुरानी बस्ती का होना बताया।

### हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायपुर, 30 अगस्त।** राजधानी रायपुर की एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस ने संयुक्त कार्यवाही करते हुए हुक्का से संबंधित प्रतिबंधित सामग्रियों के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के अनुसार एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना गंज क्षेत्रांतर्गत देवेंद्र नगर ओव्हर ब्रिज के नीचे रेल्वे स्टेशन जाने वाली रोड पास एक व्यक्ति दोपहिया वाहन एक्टिवा के साथ खड़ा है, जो अपने पास प्रतिबंधित हुक्का से संबंधित सामग्री रखा है तथा बिक्री करने की फिराक में है। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना गंज पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये वाहन एवं हुलिये के व्यक्ति की पतासाजी कर व्यक्ति को पकड़ा गया। पूछताछ में व्यक्ति ने अपना नाम गयाशुद्दीन लश्कर निवासी सिविल लाईन रायपुर का होना बताया।

# एक सितंबर से हेलमेट नहीं तो पेट्रोल नहीं

## एसोसिएशन ने लिया फैसला, पेट्रोल पंप पर हंगामा-विवाद किया तो होगी सख्त कार्रवाई

**रायपुर, 30 अगस्त।** छत्तीसगढ़ पेट्रोलियम डीलर एसोसिएशन निर्णय लिया है कि 1 सितंबर बिना हेलमेट दो पहिया वाहन चलाने वाले चालकों को अब पंपों से पेट्रोल नहीं मिलेगा। यह अभियान लोगों को हेलमेट का इस्तेमाल करने और लोगों को जागरूक करने के लिए लिया गया है। सड़क दुर्घटनाओं पर लगाम लगाने और सड़क सुरक्षा के नियमों को लागू करने अब शासन-प्रशासन के साथ पेट्रोल पम्प एसोसिएशन ने कमर कस ली है। बिना हेलमेट पहने बाइक में फर्राटे भरने वालों को शायद यह नया नियम रास ना आये, लेकिन इससे सड़क दुर्घटनाओं में होने वाले जनधन के नुकसान को कम किये जाने का दावा किया जा रहा है।

पेट्रोल पंप एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगत ने बताया कि रायपुर जिले के पेट्रोल पंपों में इसे 1 सितंबर से लागू किया जाएगा। शुक्रवार को इसकी लिखित सूचना डिप्टी सीएम अरुण साव और रायपुर कलेक्टर डॉ. गौरव कुमार सिंह को एसोसिएशन ने दी है।

**हंगामा करने वालों के खिलाफ होगी कार्रवाई:** रायपुर के पेट्रोल पंप एसोसिएशन ने खुद आगे आकर यह फैसला लिया । वही एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने आपसी सहमति से यह निर्णय लिया है। अगर बिना हेलमेटके पेट्रोल पंपों में पेट्रोल लेने पर विवाद कोई करेंगा तो उसके खिलाफ जिला प्रशासन और पुलिस कार्रवाई करेगी।

**एक्सीडेंट की घटनाएं बढ़ी इसलिए लिया गया निर्णय :** अध्यक्ष अखिल धगत ने बताया कि सभी सदस्यों का मानना है कि राजधानी में सड़क दुर्घटनाएं बढ़ रही हैं। इसमें लोगों की जान जा रही है और गंभीर रूप से लोग घायल हो रहे हैं। ज्यादातर मामलों में यह देखा गया है सड़क दुर्घटनाओं में जिनकी मौत हुई थी उन्होंने हेलमेट नहीं लगाया था। एसोसिएशन बताया कि यह अभियान रायपुर शहर ही नहीं बल्कि पूरे जिले में चलाया जाएगा। एसोसिएशन ने सभी लोगों से अपील कि है कि वे दोपहिया चलाते समय हेलमेट जरूर लगाए और अपना जीवन सुरक्षित रखे।



### पहले भी लागू हुआ नियम, लेकिन नहीं माने लोग

रायपुर में बिना हेलमेट से पेट्रोल नहीं देने का नियम कुछ साल पहले भी लागू किया गया था। लेकिन सख्ती नहीं होने की वजह से लोगों ने इस नियम को नहीं माना। दरअसल, बिना हेलमेट के पेट्रोल की बिक्री नहीं करने पर पंपों की बिक्री प्रभावित हो रही थी। इतना ही नहीं लोग उधार में हेलमेट लेकर पेट्रोल डलवा लेते थे। अधिकतर बार लोग हेलमेट वाले लोगों से हेलमेट मांगकर पेट्रोल डलवाते फिर उन्हें वापस कर देते। सख्ती नहीं होने की वजह से नियम की धज्जियां उड़ रही थी। इस वजह से इस बार पेट्रोल पंप संचालकों को खुद आगे किया गया है। उनसे कहा गया है? कि वे ही सख्ती करें। यही वजह है कि प्रशासन ने इस बार आदेश न जारी कर एसोसिएशन वालों से ही लिखित में लिया है कि वे बिना हेलमेट के लोगों को पेट्रोल नहीं देंगे।

### पंप एसोसिएशन शुरू करेगा अभियान डिप्टी सीएम साव को सौंपा ज्ञापन



पेट्रोल पंप एसोसिएशन आम नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्वतः आगे आकर 'नो हेलमेट नो पेट्रोल' का अभियान जिले में शुरू करने जा रहा है। एसोसिएशन के अध्यक्ष अखिल धगत के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने आज उप मुख्यमंत्री अरुण साव और कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को ज्ञापन सौंपा। एसोसिएशन के अध्यक्ष ने कहा कि रायपुर में पिछले कई दिनों से सड़क दुर्घटनाओं में लोगों के गंभीर रूप से घायल और कुछ मामलों में मौत की अत्यंत दुखद खबरें सामने आ रही है। इन घटनाओं में गौर करने लायक बात है कि अधिकतर दो-पहिया वाहन चालकों ने हेलमेट नहीं पहना था, जिसके कारण दुर्घटना होने पर उन्हें सर में चोट लगी। उन्होंने कहा कि इसे देखते हुए एसोसिएशन की बैठक में सामाजिक हित में नो हेलमेट नो पेट्रोल5 अभियान चलाने का निर्णय लिया गया है। आगामी 1 सितम्बर से यह अभियान शुरू किया जाएगा। अभियान के तहत हेलमेट पहनने वाले वाहन चालकों को ही पंप पर पेट्रोल दिया जाएगा।

# पत्नी के चरित्र पर शक ने छीनी जान

- बच्चों के सामने पति ने उतारा मौत के घाट

**रायपुर, 30 अगस्त।** एक पति ने अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह के चलते लोहे की रॉड से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना छोटे-छोटे बच्चों के सामने हुई, जिनकी चीख-पुकार ने पूरे घर का माहौल दहला दिया।

राजधानी रायपुर से सटे अभनपुर थाना क्षेत्र में एक दिल दहला देने वाली वारदात सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी पर चरित्र संदेह के चलते लोहे की रॉड से हमला कर उसकी निर्मम हत्या कर दी। हैरानी की बात यह है कि यह पूरी घटना छोटे-छोटे बच्चों के सामने हुई, जिनकी चीख-पुकार ने पूरे घर का माहौल दहला दिया।

जानकारी के मुताबिक, आरोपी मुकेश सिंह अपनी पत्नी प्रियंका सेन और परिवार के साथ अभनपुर में रहता था। प्रियंका 27 अगस्त की रात तीजा मनाकर मायके से लौटी थी। रात करीब 10 बजे खाना परोसते समय पति-पत्नी के बीच कहासुनी शुरू हुई। बताया जा रहा है कि मुकेश ने पत्नी पर चरित्र को लेकर सवाल उठाए और गाली-गलौज करने लगा। इसी बीच गुस्से में बेकाबू होकर उसने पास पड़ी लोहे की रॉड उठा ली और पत्नी के सिर पर जोरदार वार कर दिया।

### खून से लथपथ मां

वार लगते ही प्रियंका लहूलुहान होकर जमीन पर गिर गई। यह सब देखकर मासूम बच्चे जोर-जोर से रोने लगे। शोर सुनकर मुकेश का पिता कृष्ण कुमार सेन, जो पास ही सैलून की दुकान चलाते हैं, कमरे में पहुंचे तो आरोपी बेटे ने उन पर भी रॉड से हमला कर दिया। इससे उन्हें हाथ और आंख के पास चोटें आईं।

### अस्पताल में तोड़ा दम

गंभीर हालत में घायल प्रियंका को परिजनों ने तत्काल निजी अस्पताल पहुंचाया। डॉक्टरों ने भरसक प्रयास किया, लेकिन इलाज के दौरान 28 अगस्त की सुबह उसने दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और आरोपी मुकेश सिंह को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अब इस पूरे मामले की गहन जांच कर रही है।

# राजधानी में रात्रि में ई-रिक्शा वाले हेड लाइट नहीं जलाकर दे रहे दुर्घटनाओं को आमंत्रण

## पांच -छह हजार से भी ज्यादा ई रिक्शा चल रहे राजधानी में

**रायपुर, 30 अगस्त।** राजधानी में इन दिनों इलेक्ट्रानिक रिक्शे की बढ़ती संख्या जहां यातायात में बाधा बन रही है। वहीं रात को ई रिक्शा वाले लाइट नहीं जलाते है वहीं हार्न का उपयोग नहीं करते जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ती जा रही है।

राजधानी में इस समय विभिन्न मार्गों में ई रिक्शा की संख्या बढ़ती जा रही है। मालवीय रोड सहित अन्य मार्गों में ऑटो प्रतिबंधित कर दिये जाने के कारण यहां पर ईरिक्शा वाले चांदी काट रहे है। नुवाखाई तीजा सहित अन्य पर्वों में यहां पर पूजन सामाग्री कपड़ा एवं अन्य सामान लेने वालों की भारी भीड़ लगी रहती है। मालवीय रोड से अधिकतर लोग रामनगर रामकुंड चौबेकालोनी फाफाडीह स्टेशन, पंडरी एवं संतोषी नगर पचपेढ़ी नाका जाते हैं। इस समय राजधानी में ई रिक्शा की संख्या 5 हजार से भी ज्यादा है। इन वाहनों के लिए कोई अधिकृत नियम नहीं है जिसका फायदा वे उठा रहे हैं।



राजधानी में रात होते ही ईरिक्शा वाले तेज गति से वाहन चलाते है। इतना ही नहीं बैटरी डाउन होने के चक्कर में हेड लाइट नहीं जलाते। वहीं कुछ ई रिक्शा वाले चायनीज लाइट जलाकर काम चलाते है। रात को उम्रदराज एवं युवा तथा महिलाएं अपने अपने वाहन से जाते है लेकिन दूर से यह रिक्शा अंधेरे में नहीं दिखता जिसके कारण आए दिन दुर्घटनाएं बढ़ रही है। पुलिस द्वारा इससंबंध में कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है जिसको लेकर नागरिकों में रोष है।

# लोक सेवा आयोग ने मूल्यांकन प्रक्रिया पर उठे सवाल को किया खारिज, पारदर्शिता पर दिया भरोसा

**रायपुर, 30 अगस्त।** राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 की मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सोशल मीडिया और कुछ न्यूज पोर्टलों पर उठाए गए सवालों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है।

राज्य सेवा (मुख्य) परीक्षा-2024 की मूल्यांकन प्रक्रिया को लेकर सोशल मीडिया और कुछ न्यूज पोर्टलों पर उठाए गए सवालों पर छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग ने कड़ा रुख अपनाया है। आयोग ने स्पष्ट किया है कि पूरी परीक्षा प्रक्रिया निष्पक्ष, गोपनीय और पारदर्शी तरीके से संपन्न कराई जा रही है, ऐसे में बिना आधार के लगाए जा रहे आरोप भ्रामक हैं।

आयोग ने बताया कि प्रत्येक विषय के प्रश्नपत्रों के मूल्यांकन के लिए बड़ी संख्या में विषय-





विशेषज्ञों की नियुक्ति की जाती है। उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कई चरणों से होकर गुजरती है, ताकि निष्पक्षता बनी रहे। इस दौरान गोपनीयता बनाए रखना सभी मूल्यांकनकर्ताओं की अनिवार्य जिम्मेदारी होती है।

आयोग का कहना है कि कुछ लोगों ने जानबूझकर व्यक्तिगत द्वेषवश मूल्यांकनकर्ताओं के नाम सार्वजनिक कर परीक्षा प्रक्रिया को संदेहास्पद बताने की कोशिश की है। आयोग ने स्पष्ट किया कि ऐसे प्रयासों से चयन प्रक्रिया की विश्वसनीयता प्रभावित नहीं होगी।

साथ ही आयोग ने भरोसा दिलाया कि अपने संवैधानिक दायित्वों और पारदर्शी चयन प्रक्रिया के प्रति वह पूरी तरह प्रतिबद्ध है। मूल्यांकनकर्ताओं के नाम उजागर करने वाले स्रोत की जानकारी जुटाई जा रही है और जरूरत पड़ने पर विभागीय अथवा कानूनी कार्यवाही भी की जाएगी।

### व्याख्याताओं व प्रधान पाठकों को प्राचार्य पद पर पदोन्नति व पदस्थापना आदेश जारी

**रायपुर, 30 अगस्त।** व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए।

व्याख्याता, व्याख्याता (एल.बी.) एवं प्रधान पाठक, पूर्व माध्यमिक शाला को प्राचार्य (टी संवर्ग), उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के पद पर पदोन्नति के लिए छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग, रायपुर में पदोन्नति समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक उपरांत 1335 पदोन्नति आदेश जारी किए गए। यह आदेश स्कूल शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव से प्राप्त अनुमोदन के आधार पर जारी किया गया है।

# कॉलेज-विश्वविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ी

## अब 5 सितंबर तक ले सकेंगे दाखिला

**रायपुर, 30 अगस्त।** छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार ने शैक्षणिक सत्र 2025-26 के लिए कॉलेजों और विश्वविद्यालयों में प्रवेश की अंतिम तिथि बढ़ा दी है। उच्च शिक्षा मंत्री टंकराम वर्मा के निर्देश पर उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, अब छात्र 5 सितंबर 2025 तक प्रवेश ले सकेंगे। पहले यह अंतिम तिथि 14 अगस्त निर्धारित की गई थी, लेकिन कई कॉलेजों में सीटें खाली रह जाने और छात्रों की ओर से समय बढ़ाने की मांग को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। इससे उन विद्यार्थियों को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश तय समय पर प्रवेश नहीं ले सके थे। सरकार के



इस फैसले का छात्रों और अभिभावकों ने स्वागत किया है। उनका मानना है कि इससे कई छात्रों का भविष्य सुरक्षित होगा और उन्हें उच्च शिक्षा प्राप्त करने का एक और अवसर मिलेगा। उच्च शिक्षा विभाग ने इस संशोधित तिथि की सूचना सभी विश्वविद्यालयों, शासकीय महाविद्यालयों और संबंधित अधिकारियों को भेज दी है, ताकि नए दिशा-निर्देशों के अनुरूप प्रवेश प्रक्रिया पूरी की जा सके।

# फेस्टिव-सीजन में चलेगी 4 पूजा स्पेशल ट्रेन

- मप्र, उप्र दिल्ली और हरियाणा जाने वाले यात्रियों को मिलेगी राहत
- 9 सितंबर से 24 नवंबर तक 30 फेरे लगाएगी

**बिलासपुर, 30 अगस्त।** भारतीय रेलवे ने त्योहारों में इस बार 150 पूजा स्पेशल ट्रेन चलाने का फैसला लिया है। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से बिलासपुर, रायपुर और पश्चिम मध्य रेलवे से भोपाल, कोटा जैसे स्टेशनों को जोड़ते हुए विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर जोन से दुर्गा पूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4 पूजा स्पेशल ट्रेनें 30 फेरों में चलेंगी। बिलासपुर जोन से दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4 पूजा स्पेशल ट्रेन चलेगी। बिलासपुर जोन से दुर्गापूजा, दीपावली और छठ पर्व पर यात्रियों की सुविधा के लिए 4 पूजा स्पेशल ट्रेन चलेगी।

**देशभर में 150 पूजा स्पेशल ट्रेनें चलाई जाएगी:** बिहार जाने वाले यात्रियों की सुविधा के लिए ही 12000 से अधिक ट्रेनों के संचालन की योजना बनाई गई है। जिन ट्रेनों के संचालन की योजना बन चुकी है। उनका नोटिफिक्रेशन भी अब जारी जा रहा है। 21 सितंबर से 30 नवंबर तक कुल 150 पूजा स्पेशल ट्रेनों के संचालन संबंधी अधिसूचना जारी कर दी गई है। जिनके माध्यम से कुल 2024 अतिरिक्त फेरे (ट्रिप्स) सुनिश्चित किए जाएंगे।

**जानिए किस राज्य में कितनी ट्रेनें चलेंगी:** पूजा स्पेशल ट्रेनों की श्रृंखला में दक्षिण मध्य रेलवे सबसे अधिक 48 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जो 684 ट्रिप्स पूरा करेंगी। इन ट्रेनों का संचालन मुख्यतः हैदराबाद, सिकंदराबाद और विजयवाड़ा जैसे प्रमुख स्टेशनों से किया जाएगा। पूर्व मध्य रेलवे ने 14 ट्रेनें अधिसूचित की गई हैं, जो पटना, गया, दरभंगा और मुजफ्फरपुर जैसे बिहार के प्रमुख स्टेशनों से होकर गुजरेंगी और कुल 588 ट्रिप्स लगाएंगी।

**कोलकाता से 24 विशेष ट्रेनें चलेगी:** इसी तरह पूर्व मध्य रेलवे कोलकाता, सियालदह, हावड़ा जैसे भीड़भाड़ वाले स्टेशनों से 24 विशेष ट्रेनें चलाई जाएंगी। जिनके मदद से 198 ट्रिप्स संचालित होंगी। वहीं पश्चिम रेलवे ने मुंबई, सूरत, वडोदरा जैसे शहरों से 24 स्पेशल ट्रेनें घोषित की हैं जो 204 ट्रिप्स पूरी करेंगी। वहीं दक्षिण रेलवे द्वारा चेन्नै, कोयंबटूर, मदुरै जैसे स्टेशनों से 10 ट्रेनें चलाई जाएंगी, जिनसे 66 ट्रिप्स होंगी। इसके अलावा पूर्व तट रेलवे से भुवनेश्वर, पुरी और सम्बलपुर, दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची, टाटानगर, उत्तर मध्य रेलवे से प्रयागराज, कानपुर तक कई ट्रेनें चलाई जाएंगी।





# दीदी के गोठ कार्यक्रम का प्रसारण 31 अगस्त को

**रायपुर, 30 अगस्त।** दीदीयों की कहानी उन्हीं की जुबानी के रेडियो प्रसारण दीदी के गोंठ को 31 अगस्त दोपहर 12.15 बजे प्रसारित किया जाएगा। जिसमें महिलाओं को महतारी बंदन योजना पूरक पोषण योजना एवं धान के बोनस सहित अन्य लाभ के संबंध में अपने विचार सांझा करेंगी। छग सरकार के महिला एवं बालविकास तथा जनसपर्क विभाग द्वारा नरेंद्र मोदी द्वारा सप्ताह में मन की बात की, की तर्ज पर छग में दीदी की गोंठ का प्रसारण किया जाएगा। इसमें उद्योग विभाग द्वारा स्टार्टअप योजना के तहत लाभान्वित दीदीयों की सफलता की कहानी बताई जाएगी। महातारी वंदन योजना छग की महिलाओं के लिए बनाई गई एक महत्वाकांक्षी योजनाएं है। इसमें 70 हजार से अधिक महिलाएं लाभान्वित हो रही है। जिसमें महिलाओं को एक हजार प्रति दिया जाता है। इस एक हजार से कई महिलाओं के जीवनमें कई आर्थिक एवं सामाजिक परिवर्तन आया है।

जनसंपर्क तथा महिला बाल विकास सहित अन्य शासकीय विभाग द्वारा प्रायोजित कार्यक्रम में महिलाओं को दी जाने वाली मोदी सरकार के बारे में बताया जाएगा। पिछले सभी को तीन माह का चावल वितरिण किया है। वहीं केंद्र की योजनाओं को भी इसमें शामिल किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा स्वास्थ्य शिक्षा तथा अन्य क्षेत्रों में कई क्रांतिकारी कदम उठाए गए हैं।

## छत्तीसगढ़ में एनएचएम कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू

# किये जायेंगे सेवा से बर्खास्त! कई जिलों के सीएमएचओ ने जारी किया लेटर

**रायपुर, 30 अगस्त।** नियमितीकरण सहित अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर हफ्ते भर से ज्यादा समय से आंदोलनरत नेशनल हेल्थ मिशन के तहत नियोजित कर्मियों को लेकर सरकार सख्त हो गई है। पूर्व में स्वास्थ्य मंत्री श्यामबिहारी जायसवाल ने बताया था कि, एनएचएम कर्मचारियों की कई मांगों पर सहमति दी जा चुकी है जबकि नियमितीकरण का प्रस्ताव केंद्र सरकार की सहमति एक बाद ही पूरा किया जा सकेगा।

**'नो वर्क नो पेमेंट' का निर्णय:** इसके बाद सरकार ने हड़ताली एनएचएम कर्मियों के खिलाफएक और बड़ा कदम उठाया था। विभाग ने हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को 'नो वर्क नो पेमेंट' का नोटिस जारी किया था यानी हड़ताल पर बैठे कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलेगा। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मीडिया से बात करते हुए कहा है कि संविदाकर्मी के काम नहीं करने पर पेमेंट नहीं मिलता है। एनएचएम कर्मचारी कई दिनों से लापता हैं, इसलिए विभाग ने नो वर्क नो पेमेंट का नोटिस जारी किया है।

**अब होगी बर्खास्तगी की कार्रवाई:** वही अब ऐसे कर्मचारियों पर नौकरी से बर्खास्त करने की कार्रवाई शुरू की जा सकती है। सरकार ने काम पर नहीं लौटने पर सेवा समाप्ति की चेतावनी जारी की है। रायगढ़, कोरिया समेत कई जिलों के मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारियों ने पत्र जारी किया है।

**समाधान कार्रवाई से नहीं बल्कि संवाद से :** दूसरी ओर हड़ताली कर्मचारियों के खिलाफ बर्खास्तगी और वेतन रोके जाने जैसे फैसले से एनएचएम संघ भड़क उठा है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अमित मिरी ने कहा है कि, सरकार का आदेश कर्मचारियों के लिए दमनकारी है। एनएचएम कर्मचारी 18 अगस्त से हड़ताल पर गए ऐसे में उनके पूरे महीने का वेतन काटे जाने का आदेश क्यों जारी किया गया है? उन्होंने बताया कि, सरकार के आदेश से कर्मचारी भड़क रहे है। उन्होंने इस बात अपर जोर दिया कि, समाधान कार्रवाई से नहीं बल्कि संवाद से निकलेगा।



### क्यों हैं आंदोलनरत?

बता दें कि एनएचएम कर्मचारियों की मांगो को पूरा किए जाने के संबंध में हेल्थ मिनिस्टर जायसवाल ने कहा कि, एनएचएम कर्मियो के लिए 22न्न वेतन वृद्धि, ट्रांसफर नीति बनाने की सहमति और 30 दिनों के चिकित्सकीय अवकाश जैसी मांगों पर सहमति दी जा चुकी है। जहाँ तक एनएचएम कर्मियों के नियमितीकरण का सवाल है तो यह मांग भारत सरकार की सहमति से पूरी हो पाएगी। इस तरह स्वास्थ्य मंत्री ने रेग्यूलाइजेशन का गेंद केंद्र के पाले में डाल दिया है। प्रदेश की राजधानी रायपुर समेत सभी जिला मुख्यालयों में 18 अगस्त से राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (NHM) के कर्मचारियों ने अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी है। इस हड़ताल का सीधा असर स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ रहा है। छत्तीसगढ़ में ह।।रुके तहत लगभग 16 हजार कर्मचारी काम कर रहे हैं।

# नवनियुक्त मंत्रियों के स्टाफ में आने के लिए मची होड़

## राजेश अग्रवाल एक सितंबर को करेंगे पदभार ग्रहण

**रायपुर, 30 अगस्त।** महानदी मंत्रालय आज नुवाभाई तीजा की छुट्टी के पश्चात खुल गया है लेकिन यहां पर सामान्य कामकाज नहीं हुआ बल्कि छुट्टी का माहौल है। नवनियुक्त मंत्रियों में खुशवंत साहब, गजेंद्र यादव ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। अंबिकापुर के राजेश अग्रवाल 1 सितंबर को कार्यभार ग्रहण करेंगे। इधर मंत्रियों के पास ओएसडी निज सहायक निज सचिव बनने वाले अधिकारियों की होड़ मची हुई है। प्रदेश में इस समय तीजा, नुवाखाई के कारण शासकीय कार्यालय तीन दिन से बंद रहे। वहीं आज वर्किंग डे होने के कारण खुल गया लेकिन शासकीय कर्मचारी शनिवार और रविवार होने के कारण छह दिन की छुट्टियां मना रहे है जिसके कारण आज वर्किंग डे में कर्मचारियों की उपस्थिति कमजोर रही।

मंत्रालय सूत्रों के अनुसार नवनियुक्त मंत्रियों में गजेंद्र यादव शिक्षामंत्री खुशवंत साहब आदिम जाति मंत्री में अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया है जबकि राजेश अग्रवाल पर्यटन मंत्री ने अब अपना कार्यभार एक सितंबर को ग्रहण करने का कार्यक्रम बनाया है। मंत्रियों को कक्ष भी आबंटित कर दिये गये हैं। मंत्री बनने के पश्चात उनके समर्थक काफी सक्रिय हो गये है। इधर मंत्रियों के विशेष सहायक निजी सचिव निज सहायक बनने वालों की होड़ लगी है। मंत्रियों के पास इस समय कई प्रभावशाली अधिकारी एवं कर्मचारी एप्रोच लगा रहे हैं। इस समय गजेंद्र यादव को शिक्षा विभाग दिया गया है। इसके कारण उनके पास मंत्री स्टाफ में आने वालों की होड़ मची हुई है।वहीं राजेश अग्रवाल के पास धर्मस्व विभाग है नये मंत्रियों को मलाईदार विभाग नहीं मिलने पर परेशान है। राज्य में नये मंत्रियों को सामाजिक एक भौगोलिक आधार बनाये गये है बस्तर से किसी को भी मंत्री नहीं बनाया गया है। जिसको लेकर कई नये विधायकों को मलाल है। मुख्यमंत्री के विदेश से लौटने के बाद अब संसदीय सचिव एवं विभिन्न निगम मंडलों में नियुक्ति का इंतजार किया जा रहा है।

स्वत्वाधिकारी कौशल किशोर मिश्र, प्रकाशक-मुद्रक उत्तम कुमार अलकरे की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस, प्रेस टॉवर, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित * संपादक-संजय कुमार दुबे, * प्रबंध संपादक- आशीष कुमार तिवारी, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26